CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 22-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMFP User: cci Time: 01-21-2026 23:20 Color:

महानगर > मुंबई > गुरुवार, 22 जनवरी 2026 > माघ 2, शक संवत 1947, माघ शुक्ल चतुर्थी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 77, संख्या 19 > मूल्य ₹6.00 > पेज 12 > आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 1613/57 www.nbt.in

हांडे एर्सेल ने शाहरुख के विडियो पर क्यों दी सफाई

▶p11

NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

रिटायर होने के बाद दिल्ली आई सुनीता विलियम्स

▶p12

खबरों के अंदर की बात

NBT Lens

देखें पेज 2

GOOD न्यूज

गुड न्यूज से जुड़ी खास खबरें देखें पेज-9

अंतर्ज्ञान

शक्ति बाहरी उपलब्धियों में नहीं, भीतर के संतुलन में छिपी है। एक स्थिर मन असंभव को भी संभव बना देता है। स्थिरता तब आती है, जब आप परिस्थितियों के अनुसार बदलते हैं, लेकिन अपने भीतर के मौन को नहीं छोड़ते। तूफान बाहर हो, पर भीतर शांत समुद्र बह रहा हो, यही वास्तविक शक्ति है। मन की स्थिरता आपको दबाव में भी स्पष्ट सोचने देती है। यही वह अवस्था है, जहां निर्णय शोर से नहीं, बुद्धि से निकलते हैं। स्थिर मन किसी भी परिस्थिति का सामना बिना टूटे करता है। और यही स्थिरता धीरे-धीरे आपकी पहचान बन जाती है। स्थिर मन ही आईजान को जन्म देता है। अवईसन ही जीवन की सबसे विश्वसनीय मार्गदर्शक शक्ति है।

WPL आज के मैच

गुजरात जायंट्स vs यूपी वॉरियर्स

7:30 pm से, गुजरात में

टेलिकास्ट स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

फटाफट खबरें

'वोटर लिस्ट से नाम हटने के गंभीर परिणाम'

सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी मतदाता सूची में समीक्षा (SIR) को लेकर वोटर लिस्ट से किसी व्यक्ति का नाम हटने या शामिल न होने के गंभीर नागरिक परिणाम हो सकते हैं। चुनाव आयोग की ओर से बिहार समेत कई राज्यों में SIR कराने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी की। ▶▶पेज 7

अटल पेंशन योजना को 2031 तक सपोर्ट

असंगठित क्षेत्र में कामगारों को पेंशन का इंतजाम करने के लिए 2015 में शुरू की गई अटल पेंशन योजना 2030-31 तक चलती रहेगी। पीएम मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने यह फैसला किया। छोटे और मझोले उद्योगों को किफायती दरों पर कर्ज के लिए SIDBI को 5 हजार करोड़ के इक्विटी सपोर्ट को भी मंजूरी मिली।

घोडबंदर में टेंपो की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

घोडबंदर रोड पर सड़क हादसे में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मृतक का नाम हरिप्रसाद चौरसिया (64) है, जो बुधवार तड़के 4 बजे दूध लेने पातलीपाड़ा गए थे। लौटते वक्त तेज रफ्तार एक टेंपो ने उन्हें टक्कर मार दी। पुलिस ने अज्ञात टेंपो चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

विक्षिप्त युवक ने 2 बुजुर्गों की ली जान

वर्धा जिले के आरवी कस्बे में एक मानसिक रूप से बीमार शख्स ने बिना किसी उकसावे के लकड़ी के लट्ठ से हमला कर 2 बुजुर्गों की हत्या कर दी। यह घटना बुधवार को एक रिहायशी इलाके में सुबह करीब 10 बजे हुई। पुलिस ने 20 वर्षीय आरोपी को हिरासत में ले लिया और जांच जारी है।

KDMC के लिए शिंदे सेना और मनसे ने मिलाया हाथ

राजू पाटील और श्रीकांत शिंदे की बैठक के बाद लिया फैसला

■ अरविंद त्रिपाठी, कल्याण

कल्याण-डोंबिवली मनपा चुनाव के बाद सत्ता गठन को लेकर बुधवार को बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम हुआ। शिंदे सेना की राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने उसे समर्थन दे दिया। मनसे के पूर्व विधायक प्रमोद (राजू) पाटील ने पार्टी के पांच नगरसेवकों की ओर से समर्थन की घोषणा की। शिवसेना के 53 नगरसेवक गट स्थापना के लिए कोंकण आयुक्तालय पहुंचे थे। राजू पाटील और कल्याण से शिंदे सेना के सांसद श्रीकांत शिंदे के बीच यहां बैठक हुई। इसके बाद मनसे के 5 नगरसेवकों ने गट बनाकर शिवसेना (शिंदे) को समर्थन दे दिया।

श्रीकांत शिंदे ने कहा कि फैसला शहर के विकास को ध्यान में रखकर लिया गया है। शिवसेना और बीजेपी ने केडीएमसी चुनाव महायुति के रूप में लड़ा है और महापौर भी महायुति का ही बनेगा। उन्होंने बताया कि महापौर को लेकर अंतिम फैसला उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण मिलकर लेंगे।

राजू पाटील ने कहा कि बीजेपी के 50 और शिंदे सेना के 53 नगरसेवक होने के बावजूद केडीएमसी में संख्या बल की राजनीति और खींचतान चल रही थी। भविष्य में विषय समितियों के गठन के दौरान भी अस्थिरता की आशंका थी। ऐसे में विकास कार्यों को गति देने और स्थिरता के उद्देश्य से समर्थन दिया गया है। उन्होंने बताया कि यह निर्णय मनसे प्रमुख राज ठाकरे से चर्चा के बाद लिया गया।

कोकण आयुक्त को शिंदे सेना को दिए समर्थन का पत्र देते पूर्व विधायक राजू पाटील, सांसद श्रीकांत शिंदे, शिवसेना कल्याण जिला प्रमुख गोपाल लांडगे, मनसे नेता विश्वनाथ राणे और कल्याण ग्रामीण के विधायक राजेश मोरे।

उद्धव गुट में नाराजगी, कहा- मनसे ने धोखा दिया

■ उद्धव बालासाहेब ठाकरे (UBT) गुट की शिवसेना में इससे नाराजगी है। उद्धव सेना के कल्याण जिला प्रमुख शरद पाटील ने मनसे पर धोखा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि दोनों दलों ने साथ चुनाव लड़ा और जनता ने शिंदे-बीजेपी के खिलाफ वोट किया। हमारी पार्टी के कुछ नगरसेवक संपर्क से बाहर हैं। उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। वहीं, शिवसेना (यूबीटी) के विधायक अनिल परब ने कहा कि ऐसे निर्णय हमारे वरिष्ठ नेता करते हैं और हमारी पार्टी ने अभी ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया है।

बिना BJP सत्ता तक पहुंच पाएगी शिंदेसेना!

■ 122 सदस्यीय केडीएमसी में सत्ता के लिए दिलचस्प समीकरण बनते दिख रहे हैं। कायदे से यहां सत्ता पाने के लिए 62 नगरसेवकों का आंकड़ा होना जरूरी है। शिवसेना के 53 और मनसे के 5 नगरसेवकों से यह संख्या 58 पहुंच गई है। यदि कयास सही साबित होते हैं, और उद्धव सेना के कुछ नगरसेवक भी साथ आते हैं, तो शिवसेना बीजेपी के बिना भी सत्ता पाने की स्थिति में आ सकती है। ऐसे में आने वाले दिनों में केडीएमसी की राजनीति और अधिक रोचक होने के संकेत दे रही है।

उल्हासनगर में शिंदे सेना की सत्ता!

■ उल्हासनगर महानगरपालिका में शिवसेना (शिंदे) ने सत्ता पाने की दिशा में निर्णायक बढ़त हासिल कर ली है। बुधवार को शिवसेना के नेतृत्व में 40 नगरसेवकों का औपचारिक गट गठन किया गया, जिससे 78 सदस्यीय मनपा में बहुमत का आंकड़ा पूरा हो गया। गट में शिवसेना के 36, साई पार्टी का एक, एक निर्दलीय नगरसेवक और वंचित बहुजन आघाड़ी के दो नगरसेवक शामिल हैं। गट के नेता के रूप में अरुण आशान को नियुक्त किया गया है। यह सत्ता गठन के लिए 40 नगरसेवकों का समर्थन जरूरी था। यह शिवसेना ने हासिल कर लिया है। चुनाव में बीजेपी 37 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। शिवसेना को 36 पर जीत मिली थी। शिवसेना ने चुनाव स्थानीय दलों के साथ लड़ा, जबकि बीजेपी ने सभी सीटों पर अकेले चुनाव लड़ा था। ▶▶शेष पेज 2 पर

'तीनों मनपाओं में महायुति का मेयर'

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई। महाराष्ट्र बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण ने दावा किया कि महायुति गठबंधन ने तय किया है कि कल्याण-डोंबिवली, उल्हासनगर और ठाणे नगर निगमों में महायुति का ही मेयर बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री के दावोस से लौटने के बाद निर्णय लिया जाएगा। कल्याण-डोंबिवली मनपा में शिंदे सेना के राज ठाकरे से हाथ मिलाने की खबर के बाद बीजेपी एक्टिव हुई। चव्हाण ने कहा कि एकनाथ शिंदे और सीएम के बीच बैठक होगी, जिसमें सत्ता समीकरणों को अंतिम रूप दिया जाएगा। इन तीनों नगर निगमों में महायुति को स्पष्ट जनादेश मिला है, इसलिए, लोकतंत्र और जनादेश का सम्मान करते हुए यहां महायुति की ही सरकार बनेगी। रविंद्र चव्हाण और एकनाथ शिंदे में इससे पहले यह चर्चा हो चुकी है। दोनों ने तीनों नगर निगमों में महायुति की सत्ता पर सहमति जताई है।

ग्रीनलैंड हमें दे दो, शुक्रगुज़ार रहेंगे, नहीं तो याद रखेंगे: ट्रंप

> अगर मैं चाहूं तो बहुत ज्यादा ताकत और सैन्य शक्ति का इस्तेमाल कर सकता हूं, तब हमें कोई रोक नहीं सकता। लेकिन मैं बल प्रयोग नहीं करूंगा।
> -डॉनल्ड ट्रंप

■ एपी, दावोस (स्विट्जरलैंड)

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने चेतावनी देते हुए बुधवार को कहा, ग्रीनलैंड हमें दे दो। अगर यूरोप 'हां' कहता है तो अमेरिका इसका शुक्रगुजार होगा, और अगर 'ना' कहता है तो अमेरिका इसे याद रखेगा। ये बातें ट्रंप ने दावोस (स्विट्जरलैंड) में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (WEF) में कहीं। ट्रंप ने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने के लिए फोर्स के इस्तेमाल नहीं

WEF में ट्रंप ने कहा- खूबसूरत दावोस वापस आकर अच्छा लग रहा है। यहां कई बिजनेस लीडर्स, कई दोस्त, कुछ दुश्मन और खास मेहमान मौजूद हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यूरोप गलत दिशा में जा रहा है। अमेरिका को वह द्वीप राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चाहिए, न कि वहां मौजूद दुर्लभ खनिजों की वजह से। ट्रंप ने कहा कि डेनमार्क अहसानफरामोश है। दूसरे विश्व युद्ध में डेनमार्क अपनी रक्षा नहीं कर पाया और तब अमेरिका ने उसकी मदद की थी, इसके बावजूद वह आज ग्रीनलैंड का कब्जा छोड़ने को तैयार नहीं है। हमारे अलावा कोई भी ग्रीनलैंड की रक्षा नहीं कर सकता।

EU और फ्रांस ने दी कार्रवाई की चेतावनी

यूरोपीय आयोग (EU) की प्रमुख उर्सुला वॉन डेर लायन और फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने ट्रंप की टैरिफ नीति की आलोचना की और जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी। फ्रांसीसी के राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा कि यूरोपीय संघ अपने सबसे शक्तिशाली आर्थिक उपकरणों में से एक का इस्तेमाल करके जवाबी कार्रवाई कर सकता है।



इमैनुएल मैक्रों

ट्रंप के खिलाफ प्रोटेस्ट

सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद सैकड़ों लोग दावोस में कई जगह पर उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने के लिए जमा हो गए थे। कार्यक्रम स्थल के बाहर प्रदर्शनकारियों ने जलवायु, ग्रीनलैंड, वेनेजुएला, ईरान और पूंजीवाद जैसे मुद्दों पर ट्रंप के खिलाफ नारेबाजी की। ▶▶पेज 12

बांग्लादेश को भारत में खेलना होगा वर्ल्डकप

■ पीटीआई, दुबई: ICC ने बुधवार को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) के T20 वर्ल्ड कप के अपने मैचों को श्रीलंका में ट्रांसफर करने के अनुरोध को खारिज कर दिया।

बोर्ड की मीटिंग में कहा गया कि मैच तय कार्यक्रम के अनुसार ही होंगे और भारत में टूर्नामेंट के किसी भी स्थल पर बांग्लादेश के खिलाड़ियों, अधिकारियों या प्रशंसकों की सुरक्षा का खतरा नहीं है। BCB ने सुरक्षा की चिंता जताते हुए आयोजन स्थलों में बदलाव की मांग की थी, जिसके बाद विडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए यह मीटिंग बुलाई गई थी। ▶▶पेज 10

मुंबई यूनिवर्सिटी में मुफ्त में कराई जाएंगी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियां

■ NBT रिपोर्ट, फोर्ट: मुंबई यूनिवर्सिटी में सामाजिक न्याय और समावेशी शिक्षा को मजबूती देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण मंत्रालय की पहल पर यूनिवर्सिटी में डॉ. आंबेडकर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की जा रही है। इस केंद्र के माध्यम से अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और पीएम केयर्स योजना के लाभार्थी स्टूडेंट्स को यूपीएससी, एमपीएससी सहित देश की प्रमुख प्रतियोगी परीक्षाओं की उच्च स्तरीय और मुफ्त तैयारियों की सुविधा मिलेगी। इस संबंध में मुंबई यूनिवर्सिटी और मंत्रालय के अधीन डॉ. आंबेडकर फाउंडेशन के बीच करार हुआ। कुलसचिव डॉ. प्रसाद कारंडे व निदेशक मनोज तिवारी ने इस करार पर हस्ताक्षर किए।

UPSC-MPSC आदि की तैयारियों का मिलेगा मौका

इन परीक्षाओं के लिए होगा मार्गदर्शन

डॉ. आंबेडकर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में स्टूडेंट्स को यूपीएससी, एमपीएससी, स्टाफ सिलेक्शन कमीशन, रेलवे भर्ती बोर्ड, बैंकिंग, इंश्योरेंस, पीएसयू, क्लैट के साथ-साथ जीआरई, जिमैट, सैट जैसी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय परीक्षाओं के लिए विशेषज्ञ मार्गदर्शन करेंगे। यह योजना विशेष रूप से एससी, एसटी, ओबीसी और पीएम केयर्स योजना के लाभार्थी स्टूडेंट्स के लिए लागू होगी।

'इंदौर दूषित पानी मामले के कागज़ सुरक्षित रखें'

■ भाषा, इंदौर: मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर बेंच ने प्रशासन को निर्देश दिया है कि वह शहर के भागीरथपुरा इलाके में दूषित पेयजल से बीमारी फैलने से संबंधित मूल दस्तावेज सुरक्षित रखे। इसमें पानी की पाइपलाइन बिछाने के टेंडर और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की जांच रिपोर्ट शामिल हैं। बेंच भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से कई लोगों की मौत को लेकर दायर अलग-अलग जनहित याचिकाओं की एक साथ सुनवाई कर रही है। कोर्ट ने मंगलवार को सुनवाई के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था। बाद में कोर्ट ने कहा, 'यह निर्देश दिया जाता है कि इंदौर के डीएम और नगर निगम के आयुक्त सुनिश्चित करेंगे कि याचिकाओं के विषय से संबंधित रेकॉर्ड, पाइपलाइन बिछाने के टेंडर वाले दस्तावेज, पानी के सैंपल की रिपोर्ट सुरक्षित रखे जाएं।'

दस्तावेज में हेर-फेर की थी आशंका

मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं ने आशंका जताई थी कि इन दस्तावेज में हेर-फेर की जा सकती है। हाई कोर्ट ने अपने आदेश में राज्य सरकार से यह भी कहा कि वह उसके 6 जनवरी के अंतरिम निर्देशों का सख्ती से पालन करना जारी रखे और एक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करे।

तालाब में गिरा एयरफोर्स का ट्रेनी एयरक्राफ्ट

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज: प्रयागराज में एयरफोर्स का ट्रेनी विमान बुधवार को हादसे का शिकार हो गया। इंजन में तकनीकी खराबी के बाद विमान एक तालाब में गिर गया। पैराशूट के जरिये छलांग लगाने वाले दोनों पायलटों को स्थानीय लोगों ने तालाब से निकालकर पुलिस की मदद से अस्पताल भेजा। हादसा जार्ज टाउन थाना एरिया के केपी कॉलेज के पास हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस, एसडीआरएफ व वायुसेना की टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद विमान को तालाब से निकालने के प्रयास शुरू हुए। माइक्रोलाइट ट्रेनिंग विमान बमरौली एयरबेस से उड़ा था।

तकनीकी खराबी थी, एयरक्राफ्ट के दोनों पायलट सेफ

आइस हॉकी मामले में HC की फटकार

Krishna.Shukla@Timesofindia.com

■ मुंबई: बॉम्बे हाई कोर्ट ने 'खेलो इंडिया' राष्ट्रीय प्रतियोगिता में आइस हॉकी के लिए महाराष्ट्र की टीम के चयन में कथित गड़बड़ी पर बुधवार को स्पोर्ट्स अथॉरिटी और हॉकी एसोसिएशन को कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा, खेल प्रतियोगिताओं के लिए टीमों के चयन के इस तरीके की वजह से ही हमें ओलंपिक में पदक नहीं मिलते। खेल को लेकर 'चलता है' वाली प्रवृत्ति ठीक नहीं है। जिस तरीके से टीम का चयन हुआ है, उससे बेहतर होता कि टीम खेलने ही नहीं जाती। ऐसा लगता है कि जैसे टीम पिकनिक के लिए गई है। यह टिप्पणी कर कोर्ट ने टीम के चयन पर लगी रोक हटाने का आवेदन खारिज कर दिया।

चयन पर लगी रोक हटाने का आवेदन खारिज

AI Image



कोर्ट ने स्पोर्ट्स अथॉरिटी को आड़े हाथों लिया

कहा- चयन की गड़बड़ी से ओलंपिक में नहीं मिलते पदक

खिलाड़ियों को नहीं मिला अभ्यास का मौका

महाराष्ट्र आइस हॉकी एसोसिएशन ने रोक हटाने का आवेदन किया था। गुरुवार को टीम का पहला मैच होना था। 19 खिलाड़ियों की टीम प्रतियोगिता के लिए 17 जनवरी को लेह-लद्दाख गई थी। बॉम्बे हाई कोर्ट में उन खिलाड़ियों की याचिका पर सुनवाई चल रही है, जिन्होंने दावा किया था कि जिन खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के लिए भेजा गया है, उन्होंने आइस रिंक (वह परिसर जहां हॉकी खेली जाती है) पर प्रैक्टिस ही नहीं की है। रोलर स्केटिंग में अभ्यास के बाद खिलाड़ियों का चयन किया गया है। आइस रिंक की सुविधा होने के बावजूद उन खिलाड़ियों को अभ्यास का मौका नहीं दिया गया है, जिन खिलाड़ियों को आइस रिंक में खेलने का अनुभव था।

दावोस: 37 लाख करोड़ के करार

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: उद्योग मंत्री उदय सामंत ने दावा किया कि दावोस में पहले और दूसरे दिन कुल 37 लाख करोड़ के 89 एमओयू साइन किए गए हैं। इससे बुनियादी ढांचा, विनिर्माण, नवीकरणीय ऊर्जा, डिजिटल सेवाएं, खाद्य प्रसंस्करण और ऑटोमोबाइल जैसे विभिन्न क्षेत्रों में लाखों रोजगार पैदा होंगे। सामंत से पूछा गया कि लोढ़ा, रहेजा ग्रुप, अल्टा कैपिटल-पंचशील जैसी अन्य मुंबई की कंपनियों से मुंबई में करार किया जा सकता है, फिर दावोस में क्यों? इस पर उन्होंने कहा कि समझौतों में 30 से 60% निवेश प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का है। लोढ़ा समूह के निवेश में 80 प्रतिशत हिस्सा एफडीआई का है। ▶▶पेज 2

उद्योग मंत्री उदय सामंत ने दी जानकारी

सोने-चांदी में सट्टेबाजी से बैठ रहा है जवेरी बाजार का भट्ठा!

बैंकों के जरिए लिक्विडिटी कम करने की तैयारी में सरकार!

Sudha.Shrimali@timesofindia.com

■ मुंबई: डेढ़ लाख पार सोना और 3 लाख पार हो चुकी चांदी की कीमतों ने कस्टमर्स ही नहीं, जवेरी बाजार के कारोबारियों के भी पसीने छुड़ा दिए हैं। इस रेकॉर्ड बढ़ोतरी का फायदा पाने के लिए, उधारी लेकर सोने में सट्टेबाजी करने के चलते कइयों के भट्ठे बैठने की कगार पर हैं। सूत्रों के अनुसार, सोने के बढ़ते प्रीमियम और डिमांड को देखते हुए सरकार बैंकों के जरिए लिक्विडिटी कम करने की तैयारी में है। इससे बैंकों से उधारी पर सोना खरीदने वालों पर शिकंजा टाइट कर बाजार से प्रीमियम व सट्टेबाजी को काबू में किया जा सकेगा।

IBJA के नैशनल सेक्रेटरी सुरेंद्र मेहता का कहना है कि बैंकों से पैसा लेकर माल लिया और भाव में ऐसी तेजी आई कि माल बिक नहीं रहा। रिटेल ग्राहकी 40-60% कम हो गई है। ऐसे में इंडस्ट्री में धीरे-धीरे उधारी सिस्टम खत्म करना पड़ सकता है।

इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन दक्षिण बाजार के प्रमुख कुमार जैन के मुताबिक, जियो-पॉलिटिकल टेंशन व अमेरिका-यूरोप के बीच नए ट्रेड वॉर की आशंका ने कीमतों में बेतहाशा बढ़ोतरी की है। हम कह रहे हैं कि इस तेजी में आम ग्राहकी वाले रिटेलर सट्टा न करें। कतई न सोचें कि आज उधार का माल बेच दो, आगे पैसे धीरे-धीरे चुका देंगे। ये कदम व्यापार का खात्मा करवा सकता है। ▶▶पेज 11

AI Image



सोने के बढ़ते प्रीमियम और डिमांड से हुआ यह असर

आम ग्राहकी वाले रिटेलरों को सट्टे से बचने की सलाह

'इंपोर्ट ड्यूटी बढ़ने की खबरों ने बढ़ाया प्रीमियम'

बुधवार को भारत में सोने का प्रीमियम पहली बार 100-112 डॉलर प्रति औंस से ऊपर चला गया। यानी 8 से 10,000 रुपये तक का प्रीमियम चार्ज किया जा रहा है। चांदी का भी यही हाल है। ऑल इंडिया ज्वेलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन (AIJGF) ने वित्त मंत्री को दखल देने का आग्रह किया। AIJGF के नैशनल जनरल सेक्रेटरी नितिन केडिया ने बताया कि इंपोर्ट ड्यूटी बढ़ने की अफवाहों से MCX इंडिया पर चांदी 28,000 रुपये के बेतुके प्रीमियम पर ट्रेड हो रही है। यह फाइनेंस मिनिस्ट्री द्वारा तुरंत जांच का मामला है। सेबी को भी हमने चिंता दर्ज कराई है कि चांदी JaneStreet स्टाइल मैनिपुलेशन एपिसोड की ओर बढ़ सकती है। आम आदमी इस माहौल में ऊहापोह में है।

लेंडिंग कॉस्ट महंगी होने से भी बढ़ी सोने की कीमत

रुपया डॉलर के मुकाबले 91.64 रुपये ऑल-टाइम लो होने से कीमतें ज्यादा बढ़ीं। LKP सिक्योरिटीज के जतिन त्रिवेदी के अनुसार, रुपये की कमजोरी से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खरीदे जाने वाले सोने की लेंडिंग कॉस्ट भारत में महंगी हो गई है, जिससे कीमतें ज्यादा बढ़ीं। बुलियन मर्चेंट वेंकटेश ने बताया, 'सरकार बजट में इंपोर्ट कम करने के लिए सोने-चांदी पर इंपोर्ट ड्यूटी बढ़ा सकती है, इन कयासों ने प्रीमियम बढ़ा दिया। बढ़ोतरी की उम्मीद में ट्रेडर रेकॉर्ड कीमतों पर प्रीमियम चार्ज कर रहे हैं।' बुधवार को सोना बिना जीएसटी प्रति दस ग्राम 6,818 रुपये बढ़कर 1,54,227 रुपए पर बंद हुआ, वहीं प्रति किलो चांदी 9,752 रुपये बढ़कर 3,19,097 रुपये पर बंद हुई।

'अरावली में अवैध खनन रोकने को बनाएंगे कमिटी', SC ने चार हफ्ते में मांगे एक्सपर्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने अरावली मामले की सुनवाई के बुधवार को दौरान कहा कि अवैध खनन से अपूरणीय क्षति हो सकती है। अरावली क्षेत्र में खनन, उससे जुड़े मुद्दों की व्यापक और समग्र जांच के लिए एक्सपर्ट कमिटी का गठन करेंगे। कोर्ट ने अडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी और कोर्ट सलाहकार के. परमेश्वर से कहा कि वे 4 हफ्ते में ऐसे पर्यावरणविदों और वैज्ञानिकों के नाम सुझाएं, जिन्हें खनन के क्षेत्र में विशेषज्ञता हो। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह कमिटी कोर्ट के निर्देशन और निगरानी में काम करेगी। क्या पहाड़ियों के बीच 500 मीटर के अंतराल वाले इलाकों में नियंत्रित खनन की अनुमति दी जा सकती है? अगर हां, तो ऐसे कौन से सटीक मानक अपना जाएं, ताकि पारिस्थितिक निरंतरता पर असर न हो? ऐसे ही सवालों के जवाब कमिटी के एक्सपर्ट रिपोर्ट में देंगे।

File

■ कोर्ट सलाहकार को 4 हफ्ते में नाम सुझाने को कहा

■ एक्सपर्ट कमिटी में पर्यावरणविद, साइंटिस्ट होंगे

■ सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में यह कमिटी जांच करेगी

'कब दूर करेंगे प्रदूषण', SC ने मांगा प्लान

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली सरकार, नगर निगम और NCR के राज्यों की एजेंसियों से पूछा कि प्रदूषण कब तक दूर करेंगे। कोर्ट ने कहा कि केंद्रीय प्रदूषण निगरानी संस्था CAQM के लॉन्ग टर्म उपायों को लागू करने का ऐक्शन टेकन रिपोर्ट 4 हफ्ते में पेश करें। कोर्ट ने कहा कि अब कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

सराफा

सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम

मुंबई	153609	(+6790)

चांदी .999 टंच प्रति किलो

मुंबई	319097	(+9752)

अर्थसार

सेंसेक्स	81,909.63	(-270.8)
निफ्टी	25,157.50	(-75.00)
रुपया/यूएस डॉलर	91.7	(+0.719)
रुपया/यूरो	107.3272	(+0.648)

मौसम

कोलाबा	28.0	19.8
सांताक्रूज	29.1	18.3
सूर्यास्त गुरुवार	6:26 बजे	
सूर्योदय शुक्रवार	7:15 बजे	

NBT नवभारत टाइम्स — सड़क व रेल भाड़ा सहित मूल्य: 1.00 रुपया मुंबई, ठाणे और रायगढ़ जिले के बाहर।

जब से यह टूर्नामेंट शुरू हुआ है, तब से अब तक मैं हर टी20 वर्ल्ड कप का हिस्सा रहा हूं। इस बार मेरा अनुभव अलग होगा। हम इस बारे में बात कर रहे थे कि इसे घर से देखना अजीब होगा।
-रोहित शर्मा, पूर्व कप्तान, भारतीय टीम

158

रन की साझेदारी की थी रोहित शर्मा और शिखर धवन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 2017 में दिल्ली में हुए टी20I मैच में ओपनिंग विकेट के लिए। यह दोनों देशों के बीच हुए टी20I मैच में किसी जोड़ी द्वारा किसी भी विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी है

स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. टेनिस में दुनिया की नंबर-1 महिला प्लेयर कौन है?
A) अरिना सबालेंका
B) कोको गॉफ C) मीरा आंद्रीवा
D) नाओमी ओसाका

2. क्रिकेटर बेन मेज किस देश के प्लेयर हैं?
A) साउथ अफ्रीका B) इंग्लैंड
C) ऑस्ट्रेलिया D) स्कॉटलैंड

कल के जवाब
1. C) 3 2. A) यानिक सिनर

लकी WINNER

1. यशस्वी चौधरी, द्वारका, दिल्ली
2. सुहेल, हापुड़, उत्तर प्रदेश
3. महेश बजाज, बोरीवली, मुंबई

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

दोनों भारतीय बैटर्स ने सीरीज की पहली भिड़ंत में कीवी बोलर्स की ली खबर

अभिषेक और रिंकू ने दिखाए तेवर

भारत Vs न्यूजीलैंड
टी20 सीरीज, पहला मैच

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

अभिषेक शर्मा (84 रन, 35 बॉल, 5 फोर, 8 सिक्स) की एक और धमाकेदार शुरुआत और लंबे समय बाद बैटिंग का पूरा मौका मिलने पर बाएं हाथ के आक्रामक फिनिशर रिंकू सिंह के बल्ले से निकली 20 बॉल पर 44 रन की नाबाद पारी के दम पर भारत ने टी20 इंटरनैशनल में अपना 44वां 200 प्लस स्कोर बनाया। कोई भी दूसरी टीम 30 बार भी 200 प्लस का टोटल नहीं बना सकी है।

मेंटर युवराज को पीछे छोड़ा: न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20I सीरीज के पहले मैच में अभिषेक ने सिर्फ 22 गेंदों पर अर्धशतक जड़ा। टी20I में उन्होंने अपनी नौवीं फिफ्टी प्लस पारी खेली। इस पारी में उनका स्ट्राइक रेट 240 का रहा। यह कुल छठी बार है जब अभिषेक ने 200 प्लस के स्ट्राइक रेट से फिफ्टी प्लस पारी खेली है। इस मामले में उन्होंने अपने मेंटर युवराज सिंह को पीछे छोड़ा, जिन्होंने अपने करियर के दौरान पांच बार 200 प्लस के स्ट्राइक रेट से टी20 इंटरनैशनल में फिफ्टी प्लस पारी खेली थी। भारतीय खिलाड़ियों में ऐसा सर्वाधिक बार सूर्यकुमार यादव (10 बार) ने किया है।

इनिंग्स को मिला फिनिशिंग टच: नागपुर में खेले गए मैच में अभिषेक के आउट होने के बाद आखिरी ओवर्स में हार्दिक पंड्या (25 रन, 16 बॉल) ने कुछ बड़े शॉट्स लगाए। मैदान के सबसे बड़े हिस्से में सिक्स लगाने की कोशिश में वह कैच आउट हो गए। फिर रनों की रफ्तार को बनाए रखने का काम रिंकू ने किया। रिंकू को करीब एक साल पहले टी20I में 20 या इससे ज्यादा गेंदें खेलने को मिली थीं। इस बीच मिली दो पारियों में उनके हिस्से क्रमशः 6 और एक गेंदें ही आई थीं। उन्हें बुधवार को कीवी टीम के खिलाफ अपनी छाप छोड़ने का पूरा मौका मिला, जिसे उन्होंने पूरी तरह भुनाया। रिंकू ने अपनी पारी में चार फोर और तीन सिक्स जड़े। इनमें से दो सिक्स और दो फोर उन्होंने पारी के अंतिम ओवर में लगाए।

फिर नहीं जमी साझेदारी: न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर भारत को पहले बैटिंग दी थी। आगामी वर्ल्ड कप में अभिषेक और संजू सैमसन की ओपनिंग जोड़ी के साथ उतरने की तैयारी कर रही टीम इंडिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही। पहले ओवर की अंतिम गेंद पर सिक्स के साथ अभिषेक ने अपना खाता खोला तो संजू ने अटैक पर आते ही चौका जड़ा। काइल जेमीसन पर उन्होंने एक और फोर मारा, लेकिन फिर वह गेंद आई जिस पर उन्होंने फील्डर को सीधा कैच थमा दिया। संजू 10 रन बना सके। अभिषेक के साथ उनकी साझेदारी का रेकॉर्ड और बिगड़ गया। दोनों के बीच 16 इनिंग्स में सिर्फ तीन अर्धशतकीय साझेदारियां हुई हैं।

फोर के साथ वापसी: मैदान पर अब ईशान किशन आ चुके थे। बाएं हाथ के इस बैटर ने 785 दिन बाद टी20I में वापसी का जश्न पहली ही गेंद पर एक आकर्षक चौका लगाकर किया। उन्होंने अगले ओवर में जैकब डफी पर भी फोर मार तो लगा 'डोमेस्टिक क्रिकेट की फॉर्म वह आगे बढ़ाएंगे। हालांकि, एक गेंद बाद ही करीब दो साल बाद वापसी पर खेली गई उनकी पांच गेंदों की पारी का अंत हो गया। इस बीच अभिषेक ने अपनी लय हासिल कर ली। उन्होंने कुछ लंबे-लंबे सिक्स जड़े जिससे भारत ने पावरप्ले में दो विकेट पर 68 रन बनाए। आठवें ओवर में ग्लेन फिलिप्स गेंद लेकर आए तो अभिषेक ने लगातार तीन फोर और फिर आसान सिंगल के साथ सिर्फ 22 गेंद पर अपनी फिफ्टी पूरी कर डाली।



अभिषेक शर्मा ने बनाए 84 रन

स्कोरकार्ड

भारत: संजू सैमसन कॉ रचिन रवींद्र बो जेमीसन 10, अभिषेक शर्मा कॉ जेमीसन बो सोढ़ी 84, ईशान किशन कॉ चैपमैन बो डफी 8, सूर्यकुमार यादव कॉ रॉबिन्सन बो सैंटनर 32, हार्दिक पंड्या कॉ चैपमैन बो डफी 25, शिवम दुबे कॉ ऐड बो जेमीसन 9, रिंकू सिंह नॉट आउट 44, अक्षर पटेल कॉ मिचेल बो क्लार्क 5, अर्शदीप सिंह नॉट आउट 6 **एक्स्ट्राज:** 14 **टोटल:** 20 ओवर में सात विकेट पर 238 रन **विकेट:** 1-18, 2-27, 3-126, 4-149, 5-166, 6-185, 7-209 **बोलिंग:** जैकब डफी 4-0-27-2, काइल जेमीसन 4-0-54-2, क्रिस्टियन क्लार्क 4-0-40-1, ईश सोढ़ी 3-0-38-1, ग्लेन फिलिप्स 1-0-20-0, मिचेल सैंटनर 3-0-37-1, डेरिल मिचेल 1-0-21-0

12 पिछली टी20I इनिंग्स में संजू सैमसन सिर्फ 19.33 के ऐवरेज से 232 रन ही बना सके हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 127 प्लस का रहा है

23 टी20 इंटरनैशनल इनिंग्स से सूर्यकुमार के बल्ले से एक भी अर्धशतकीय पारी नहीं निकली है

100 वां टी20 इंटरनैशनल मैच खेला सूर्यकुमार यादव ने। भारत की ओर से यह उपलब्धि हासिल करने वाले वह कुल चौथे बैटर हैं

बांग्लादेश की भागीदारी पर आज होगा अंतिम फैसला!

बांग्लादेश ने टी20 वर्ल्ड कप के लिए अपनी टीम का ऐलान भी कर दिया है

■ **एजेंसियां, दुबई:** इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) के टी20 वर्ल्ड कप के अपने मैचों को श्रीलंका में स्थानांतरित करने के अनुरोध को खारिज कर दिया है। ICC ने भी स्पष्ट किया है कि मैच निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही होंगे क्योंकि भारत में टूर्नामेंट के किसी भी वेन्यू पर बांग्लादेश के खिलाड़ियों, अधिकारियों या फैंस की सुरक्षा को कोई विश्वसनीय खतरा नहीं है। यह निर्णय ICC बोर्ड की वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए आयोजित की गई बैठक में लिया गया।

ICC ने एक बयान में कहा, 'ICC बोर्ड ने गौर किया कि मौजूदा परिस्थितियों में मैचों को स्थानांतरित करने से ICC प्रतियोगिताओं की पवित्रता खतरे में पड़ सकती है और एक वैश्विक शासी निकाय के रूप में संगठन की निष्पक्षता कमजोर हो सकती है।'

बांग्लादेश के सपोर्ट में पाकिस्तान: 16 सदस्यों में से 14 ने बीसीबी के मैच स्थानांतरित करने के अनुरोध के खिलाफ मतदान किया। ICC ने BCB को विचार करने और अंतिम निर्णय लेने के लिए एक और दिन का समय दिया है। ICC के एक सूत्र ने बताया, 'सभी सदस्यों में से केवल बांग्लादेश बोर्ड और पाकिस्तान ने मैच स्थानांतरित करने के अनुरोध के पक्ष में मतदान किया, जबकि अन्य सभी सदस्यों ने इसके विरोध में मतदान किया। बांग्लादेश को वर्ल्ड कप में अपनी भागीदारी की पुष्टि करने के लिए 21 जनवरी तक का समय दिया गया था, लेकिन ICC बोर्ड ने उन्हें अपना पक्ष रखने के लिए एक और दिन का समय दिया है।' ICC ने कहा कि इतने कम समय में कार्यक्रम में बदलाव संभव नहीं है और सुरक्षा जोखिम की पुष्टि न होने पर मैचों में बदलाव गलत मिसाल होगा।

14 वोट बांग्लादेश के प्रस्ताव के खिलाफ पड़े कुल 16 वोट में से

अगर हमें पता होता कि वर्ल्ड कप में ग्रुप स्टेज में हमें किनसे खेलना है या किस देश में खेलना है तो काफी मदद मिलती। वर्ल्ड कप में अभी समय है, लेकिन हमें पता ही नहीं है कि हम जा रहे हैं या नहीं। -लिटन दास, कप्तान, बांग्लादेश क्रिकेट टीम

फटाफट खबरें

तिलोत्तमा का दबदबा
■ **नई दिल्ली:** तिलोत्तमा सेन ने विमिंस 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में लगातार दूसरी बार पहला स्थान हासिल किया, जबकि मनु भाकर ने नैशनल सिलेक्शन ट्रायल्स में 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा के टी1 फाइनल में जीत दर्ज की। पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में मंगलवार को टी1 में तीसरे स्थान पर रहने वाले ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने टी2 में पहला स्थान हासिल किया।

जायंट्स-वॉरियर्ज भिड़ंत
■ **बड़ोदरा:** खराब फॉर्म से जूझ रही गुजरात जायंट्स के खिलाफ विमिंस प्रीमियर लीग के मैच में गुरुवार को यूपी वारियर्ज का पलड़ा भारी होगा, जबकि प्लेऑफ के बाकी दो स्थानों के लिए मुकाबला कड़ा हो गया है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पांचों मैच जीतकर क्वॉलिफाई कर चुकी है, जबकि दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई इंडियंस को 7 विकेट से हराकर रास्ते खुले रखे हैं।

रियाल की बड़ी जीत
■ **मैड्रिड:** रियाल मैड्रिड ने UEFA चैंपियंस लीग के लीग मैच में मोनाको को 6-1 से करारी शिकस्त दी। इसके साथ ही रियाल मैड्रिड ने टॉप-8 में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को और मजबूत कर लिया है। किलियान एम्बाप्पे ने दो गोल दागे।

खेल शिक्षा पर कॉन्क्लेव
■ **नई दिल्ली:** युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के सहयोग से ग्वालियर स्थित लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान शुक्रवार से दो दिवसीय राष्ट्रीय कॉन्क्लेव 'सेतु 2026' की मेजबानी करेगा।

वर्ल्ड नंबर-1 सबालेंका, कार्लोस तीसरे राउंड में

■ **एजेंसियां, मेलबर्न:** वर्ल्ड नंबर-1 अरिना सबालेंका और नंबर-3 कोको गॉफ ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के विमिंस सिंगल्स के तीसरे राउंड में जगह बना ली है। यहां दो बार की विजेता सबालेंका ने चीन की बाइ झोउशुआन को 6-3, 6-1 से हराया। सबालेंका पांचवां ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने की कोशिश में हैं। पहले सेट में उन्हें थोड़ा संघर्ष करना पड़ा, लेकिन दूसरे में उन्होंने पूरी तरह नियंत्रण हासिल कर लिया। गॉफ ने ओल्गा डानिलोविच को 6-2, 6-2 से मात देकर अपना अभियान आगे बढ़ाया। उधर, मेंस सिंगल्स में वर्ल्ड नंबर-1 कार्लोस अल्काराज ने भी तीसरे राउंड में जगह पक्की की।

दबदबा जारी: अल्काराज ने जर्मनी के यानिक हान्फमैन के खिलाफ टाईब्रेक में पहला सेट जीता। उन्होंने 7-6, 6-3, 6-2 से मुकाबला अपने नाम किया। स्पेन के अल्काराज यहां अपना पहला खिताब जीतकर करियर ग्रैंडस्लैम पूरा करने का सपना देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह अब भी परिस्थितियों के साथ तालमेल बैठा रहे हैं, लेकिन उनका खेल सही दिशा में बढ़ रहा है। यह अल्काराज की वर्ल्ड रैंकिंग्स में टॉप-100 से बाहर खिलाड़ियों पर 22वीं ग्रैंडस्लैम जीत है।

ज्वेरेव ने किया संघर्ष: अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने बारिश की देरी और बाएं टखने में परेशानी के बावजूद अलेक्जेंडर म्युलर को चार सेट में हराया। मेडिकल टाइम आउट के बाद ज्वेरेव ने वापसी की और निर्णायक क्षणों में संयम दिखाया। मेजबान देश के प्लेयर एलेक्स डी मिनौर ने हमाद मेजेडोविच को 6-7, 6-2, 6-2, 6-1 से मात दी। विमिंस सिंगल्स में मीरा आंद्रीवा और विक्टोरिया म्बोको जैसी युवा खिलाड़ियों ने भी प्रभाव छोड़ा, जबकि पुरुष वर्ग में डेनियल मेदवेदेव, आंद्रे रुब्लेव और टॉमी पॉल ने भी अपने-अपने मुकाबले जीतकर आगे कदम बढ़ाया।

मैच के दौरान बेलारूस की सबालेंका

14 मुकाबले जीते हैं बिना कोई मैच गंवाए कोको गॉफ ने किसी ग्रैंडस्लैम के दूसरे राउंड में साल 2022 से

91 ग्रैंडस्लैम मैच जीते हैं डेनियल मेदवेदेव ने साल 2016 में अपने डेब्यू से। वह इस दौरान चौथे सर्वाधिक मैच जीतने वाले प्लेयर हैं

भांबरी-गोरानसन भी जीते
भारत के युकी भांबरी और स्वीडन के आंद्रे गोरानसन ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के मेंस डबल्स में शानदार शुरुआत करते हुए दूसरे राउंड में प्रवेश किया। दसवीं वरीयता प्राप्त इस जोड़ी ने 57 मिनट चले मुकाबले में वाइल्ड कार्डधारक ऑस्ट्रेलियन जोड़ी जेम्स डकवर्थ और क्रूज हैविट को 6-3, 6-4 से हराया।

विराट को पछाड़ मिचेल शीर्ष पर

■ **एजेंसियां, दुबई:** न्यूजीलैंड के बैटर डेरिल मिचेल ने हाल में संपन्न वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन के दम पर विराट कोहली को ताजा ICC वनडे बैटिंग रैंकिंग्स में शीर्ष स्थान से हटा दिया। मिचेल ने दो शतकों की बदौलत तीन मैच की सीरीज में 352 रन बनाए। किसी तीन मैच की वनडे सीरीज में यह न्यूजीलैंड के खिलाड़ी द्वारा बनाए गए सर्वाधिक रन हैं और कुल मिलाकर यह तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। ICC ने एक बयान में कहा, '845 रैंकिंग अंक के साथ मिचेल ने विराट (795 अंक) की जगह ली है जो अब दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं।

ICC वनडे रैंकिंग्स

डेरिल मिचेल

सिंधु और श्रीकांत ने पार की पहली बाधा

■ **एजेंसियां, जकार्ता:** दो बार की ओलिंपिक्स मेडल विजेता पीवी सिंधु के अलावा भारत के लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत इंडोनेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में दूसरे राउंड में जगह बनाने में सफल रहे। सिंधु ने महिला सिंगल्स के पहले दौर में जापान की मनामी सुइजु को 22-20, 21-18 से हराया। श्रीकांत ने जापान के कोकी वातानाबे को 21-15, 21-23, 24-22 से हराया। जबकि लक्ष्य ने चीनी ताइपे के वांग त्जु वेई पर 21-13, 16-21, 21-14 से जीत दर्ज की। हालांकि आयुष शेट्टी, एचएस प्रणॉय और किरण जॉर्ज पहले ही दौर में हारकर बाहर हो गए।

इंडोनेशिया मास्टर्स

पीवी सिंधु

गिल, सिराज होंगे आकर्षण का केंद्र

■ **एजेंसियां, राजकोट:** भारत की टेस्ट और वनडे टीम के कप्तान शुभमन गिल आज से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे चरण में आकर्षण का केंद्र होंगे। गिल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के बाद विश्राम लेने के बजाय पंजाब की तरफ से सौराष्ट्र के खिलाफ होने वाले ग्रुप-बी के अहम मैच में खेलने का फैसला किया। गिल का राष्ट्रीय टीम के साथी और सौराष्ट्र के ऑलराउंडर रविंद्र जाडेजा से दिलचस्प मुकाबला हो सकता है। सौराष्ट्र 13 अंकों के साथ चौथे जबकि पंजाब छठे स्थान पर है। इस ग्रुप में कर्नाटक 21 अंक लेकर टॉप पर है।

स्टार प्लेयर्स में सिराज भी: भारतीय टीम के मोहम्मद सिराज पर भी सबकी निगाहें होंगी जो हैदराबाद के कप्तान के रूप में अपना पहला मैच खेलने के लिए तैयार हैं। वह ग्रुप-डी में 42 बार के चैंपियन मुंबई के खिलाफ हैदराबाद की कमानी करेंगे। यह इस सीजन उनका पहला रणजी मैच भी होगा।

प्रैक्टिस के दौरान शुभमान

रणजी का रण

गुकेश और प्रग्नानंदा की बाजी ड्रॉ पर छूटी

गुकेश और प्रग्नानंदा बाजी के दौरान

■ **एजेंसियां, विज्क आन जी (नीदरलैंड्स):** वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश ने हमवतन आर प्रग्नानंदा के साथ अंक बांटकर टाटा स्टील मास्टर्स चेस टूर्नामेंट में लगातार चौथी बाजी ड्रॉ खेली। उधर, अर्जुन एरिगैसी भी अनीश गिरी के डिफेंस को नहीं तोड़ सके। प्रग्नानंदा का इस टूर्नामेंट में सफर अभी तक अच्छा नहीं रहा है। उन्हें दो बाजियों में हार का सामना करना पड़ा जबकि दो बाजी ड्रॉ खेली। वह गिरी के साथ टेबल में सबसे नीचे हैं।

टाटा मास्टर्स चेस

ड्रैगंस की हार के साथ विदाई, रॉयल्स टॉप-2 में

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** अकॉर्ड तमिलनाडु ड्रैगंस ने मेंस हॉकी प्रीमियर लीग के अपने आखिरी लीग स्टेज मैच को जीतकर विदाई ली। बुधवार को हुए रोमांचक मैच में ड्रैगंस ने रांची रॉयल्स को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराया। नियमित समय में मुकाबला 3-3 से बराबर रहा था। इस हार के बावजूद रांची की टीम अंक तालिका पर शीर्ष-दो में अपना स्थान सुनिश्चित करने में सफल रही।

रॉयल्स के 12 अंक हैं और वो अब 23 जनवरी को टेबल टॉपर वेदांता कलिंग लांसर्स से भिड़ेगा। इस मैच का विजेता सीधे टूर्नामेंट के फाइनल के लिए क्वॉलिफाई करेगा, जबकि हारने वाली टीम को खिताबी मुकाबले में जगह बनाने का एक और मौका मिलेगा। तमिलनाडु प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गई। जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब और एसजी पाइपर्स आज लीग स्टेज का आखिरी मैच खेलेंगे। इससे पूर्व, रांची रॉयल्स के लिए टॉम बून ने दो गोल किए जबकि मंदीप सिंह ने एक गोल दागा। ड्रैगंस के लिए ब्लेक गोवर्स ने 2 और सेलवम कार्ती ने एक गोल किया।

हॉकी इंडिया लीग

तमिलनाडु ड्रैगंस के ब्लेक गोवर्स

बदइंतजामी से बचने के लिए बनेगी SOP

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** भारत की अंतरराष्ट्रीय खेल छवि को लेकर बढ़ती निगरानी के बीच खेल मंत्रालय ने स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (SAI) को मानक परिचालन प्रक्रिया (SOP) तैयार करने के निर्देश दिए हैं, ताकि इंडिया ओपन बैडमिंटन जैसे आयोजनों में सामने आई अव्यवस्थाएं दोहराई न जाएं। हालिया टूर्नामेंट में कोर्ट पर पक्षियों की बीट, दर्शक दीर्घा में बंदर और प्रशिक्षण सुविधाओं में गंदगी ने आयोजन की छवि को नुकसान पहुंचाया था। मंत्रालय का मानना है कि 2036 ओलिंपिक्स की मेजबानी की महत्वाकांक्षा को देखते हुए तैयारियों के स्तर पर सख्त निगरानी जरूरी है। सूत्रों के अनुसार, 'SOP तैयार की जाएगी ताकि टूर्नामेंट की सही ढंग से योजना बने। इस व्यवस्था के जरिए मंत्रालय निगरानी भी रखेगा।'

इंडिया ओपन को लेकर हुई बदनामी

मेज का बल्ला बरसा, 191 रन की पारी खेली

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** इंग्लैंड के बेन मेज ने अंडर-19 मेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया। उन्होंने जिम्बाब्वे के हरारे में बुधवार को स्कॉटलैंड के खिलाफ हुए मैच में ताबड़तोड़ 191 रन (117 बॉल, 18 फोर, 8 सिक्स) जड़ दिए। यह अंडर-19 मेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप के इतिहास में किसी इंग्लिश प्लेयर का हाइएस्ट स्कोर है। उन्होंने डैन लॉरेंस का रेकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2016 वर्ल्ड कप में फीजी के खिलाफ 174 रन की पारी खेली थी। अंडर-19 वर्ल्ड कप के हाइएस्ट स्कोर की सूची में मेज संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। शीर्ष पर श्रीलंका के वीरन चामुदिता हैं, जिन्होंने जापान के खिलाफ इसी एडिशन में 192 रन जड़े थे।

तीसरे नंबर पर आए मेज ने ओपनर जोसेफ मूर्स (81 रन) के साथ 183 रन जोड़े। इस साझेदारी की बदौलत इंग्लैंड ने 50 ओवर्स में छह विकेट पर 404 रन बनाए। यह इंग्लैंड का अंडर-19 वर्ल्ड कप में सबसे बड़ा टोटल है।

अंडर-19 वर्ल्ड कप

इंग्लैंड के बल्लेबाज बेन मेज

120 रन बनाए बाउंड्रीज से मेज ने। यह एक पारी में इंग्लिश प्लेयर द्वारा बाउंड्री से बनाए सर्वाधिक रन हैं

12 राशियां और आपका दिन

ARIES 21 Mar - 19 Apr
आज का आपका दिन फलदायक रहेगा। आप जिस भी कार्य को शुरू करेंगे, उसमें सफलता मिलेगी। आज परिवार के साथ कहीं बाहर घूमने भी जाएंगे। आज की गई यात्रा सामान्य लाभदायक रहेगी। दोपहर बाद कार्यक्षेत्र में उच्चाधिकारी से वाद-विवाद होने से कानूनी पक्ष नया मोड़ ले सकता है।

TAURUS 20 Apr - 19 May
आज कार्यक्षेत्र में अधिकारी से या व्यवसाय क्षेत्र में व्यापारी से अनबन हो सकती है। अपने कार्य कौशल से आप शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। घर-गृहस्थी के उपयोग की कोई प्रिय वस्तु खरीदी जाएगी। शुभ व्यय होगा। दाम्पत्य जीवन में सुख-शांति बनाए रखें। संतान पक्ष के कारण समाज में सम्मान बढ़ेगा।

GEMINI 21 May - 21 Jun
आज के दिन आप किसी बात को लेकर सुबह से ही परेशान रहेंगे। राजनीतिक गतिविधियों में भी रुकावट रहेगी। हालांकि दोपहर के बाद स्थितियों में सुधार होगा और अटके हुए काम किसी मित्र की सहायता से बनने लगेंगे। सायंकाल से लेकर रात्रि के समय तक किसी मांगलिक समारोह में सम्मिलित हो सकते हैं।

CANCER 22 Jun - 22 July
राशि स्वामी चंद्रमा कुंभ राशि का होकर अष्टम भाव केंद्र भाव में भाग्योदय कारक है। जीवन साथी एवं व्यापार में पार्टनर्स का पर्याप्त सहयोग मिलेगा। धर्म-अध्यात्म के कार्यों में आपकी रुचि बनी रहेगी। नौकरी पेशा वर्ग को उन्नति मिल सकती है। मन को शांति मिलेगी। अत्यधिक श्रम से थकान हो सकती है, सावधान रहें।

LEO 23 July - 22 Aug
आज का दिन मिश्रित फलदायक है, समाज के बीच में आपकी स्वच्छ छवि का निर्माण होगा। भविष्य की किसी योजना पर चर्चा करें। कार्यक्षेत्र में पदोन्नति के आसार मिलेंगे। घर में मिथुन राशि का बृहस्पति उच्च फलकारक है, अवरोध-विरोध के चलते भी आपके सभी कार्य सिद्ध होंगे।

VIRGO 23 Aug - 22 Sep
द्वादश भाव में केतु योग और सप्तम घर में शनि उत्तम सफलता के योग बना रहे हैं। इसलिए समाज में आपकी राज्य-मान-प्रतिष्ठा में निश्चित रूप से वृद्धि होगी। उच्चाधिकारी बढ़ने से कुछ आवश्यक विवादि उत्पन्न हो सकती हैं, घबराएं नहीं। सायंकाल से लेकर रात्रि तक पुराने मित्रों के मिलन से मन प्रसन्न रहेगा।

LIBRA 23 Sep - 22 Oct
आज आपकी राशि का स्वामी शुक्र सांसारिक सुख-भोगों की वृद्धि कर रहा है। जीवनसाथी का सहयोग व सान्निध्य मिलेगा। व्यावसायिक प्रयास फलीभूत होंगे। राज्य-मान-प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी। सायंकाल से लेकर रात्रि तक किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने की आशंका है, सतर्क रहें। रात्रि में किसी मांगलिक समारोह में सम्मिलित होंगे।

SCORPIO 23 Oct - 21 Nov
दूसरों की सहायता करने से आपको जो आत्मसंतुष्टि प्राप्त होती है, उसकी तुलना अन्य किसी सांसारिक सुख से नहीं हो सकती। इसलिए आपका आज का आधा दिन भी दूसरों का परोपकार करने में बीतेगा। ऑफिस में आपके अधिकारों में वृद्धि होने के कारण साथियों का मूड कुछ खराब हो सकता है।

SAGITTARIUS 22 Nov - 21 Dec
आज मनस्ताप द्वितीय पारिवारिक अशांति तथा असफलता के वातावरण को विपरीत बना सकता है। किंतु आप अपने धैर्य और मृदु व्यवहार से वातावरण को हल्का करने में कामयाब होंगे। अपने प्रिय व्यक्ति की मदद करने के कारण कुछ परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। रात्रि का समय मौज-मस्ती में बीतेगा।

CAPRICORN 22 Dec - 19 Jan
आज के दिन आपकी कोई खास डील फाइनल हो जाएगी। कहीं से अचानक धन का लाभ होगा। घर में पत्नी या किसी संतान की अचानक तबीयत खराब होने से टेंशन हो सकती है। किसी महत्वपूर्ण कार्य को करते समय या गाड़ी चलाते समय टेंशन को हावी न होने दें। जोखिम के कामों से दूर रहें।

AQUARIUS 20 Jan - 18 Feb
राशि स्वामी शनि पूर्व में उदय हो चुका है। पंचम द्वादश भाव में किसी महान सफलता का हर्ष होगा। बड़ी मात्रा में रुपया हाथ में आने से संतोष होगा। दिन के उत्तरार्ध में परिवार में पिछले कुछ दिनों से जारी अनबन भी समाप्त हो जाएगी। वार्तालाप की बातचीत से सुलझा लें। रात्रि का समय सैर-सपाटे में व्यतीत करें।

PISCES 19 Feb - 20 Mar
राशि का स्वामी बृहस्पति मिथुन राशि का होकर चतुर्थ भाव में संतान पक्ष से संतुष्टि व हर्षदायक है। आज का आपका दिन अच्छा है। जिन छात्रों ने अभी अपने कैरियर की शुरुआत की है, उन्हें आज अपने ऑफिस में अपनी प्रतिभा दिखाने का आसार मिलेगा। कार्यक्षेत्र में मान-सम्मान बढ़ेगा। सायंकाल से रात्रि का समय भी मेल-मिलाप में बीतेगा।

जन्मदिन की शुभकामनाएं

यह वर्ष तारे के पाट से प्रवेश कर रहा है। वर्ष का स्वामी मंगल मकर राशि पर परिभ्रमण कर रहा है। अतीत के सदर्भ से लाभ और नए अनुबंध का सूत्रपात होगा। 22 जनवरी से लेकर 30 फरवरी तक आयात-निर्यात के कारोबार से जुड़े लोगों की बाधाएं समाप्त होकर कारबार आदि आरती की प्राप्ति होगी। मार्च महीने की शुरुआत से लेकर अप्रैल महीने के अंत तक में पुराने बंधे हुए प्रसन्न उभरकर सामने आएंगे तथा आपकी समृद्धि बढ़ेगी। मई माह की शुरुआत से ही गुप्त शत्रु व्यथित करेंगे। हालांकि आप फिजूल की बातों पर ध्यान न दें। इस वर्ष के उत्तरार्ध जून महीने की शुरुआत में जहां आपको किसी भाग्यवर्धक कार्यक्षेत्र से जुड़ना होगा, वहां जुलाई से अगस्त तक आप अपने कार्य कौशल और एकाग्रता से सभी जोखिम के काम सहज ही जाएंगे। सितंबर-अक्टूबर तक आप अपने जीवन स्तर को भी बदल सकते हैं। नवंबर से दिसंबर अंत तक सैर-सपाटे पर खर्चा होगा। यदि कहीं कोई कठिनाई नजर आए तो बुधवार रात्रि में एक पाव चने की दाल भिगोकर गुरुवार सुबह उसमें आधा पाव गुड़ मिलाकर गाय को खिलाते रहें, इससे घर में सुख-शांति बनी रहेगी। जनवरी 2027 विद्यार्थियों के लिए वर्ष उत्तम है। -आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

कल का पंचांग
(शुक्रवार, 23 जनवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति माघ 3, शक संवत 1947, माघ शुक्ल, पंचमी, शुक्रवार, विक्रम संवत 2082। सौर माघ मास प्रविष्टे 10, शाबान 3, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 23 जनवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल पूर्वाह्न 10 बजकर 30 मिनट से 12 बजे तक। पंचमी तिथि अर्धरात्रोत्तर 1 बजकर 47 मिनट उपरांत षष्ठी तिथि का आरंभ। पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र अपराह्न 2 बजकर 33 मिनट तक उपरांत उत्तराभाद्र नक्षत्र का आरंभ। परिघ योग अपराह्न 3 बजकर 59 मिनट तक उपरांत शिव योग का आरंभ। बव करण अपराह्न 2 बजकर 8 मिनट तक उपरांत कौलव करण का आरंभ। चंद्रमा प्रातः 8 बजकर 34 मिनट तक कुंभ उपरांत मीन राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार-वरद विनायक चतुर्थी।

सुडोकू

	7		1			9	8	4
			5	8				
1		2				3		
8		9			1			
2	4						9	3
			3			4		8
		1				8		2
				1	7			
6	5	3			2		4	

TELEVISION



big magic

09:00	बबलू डबलू	14:30	हम पांच
10:00	बद्दुध बुद्धक	15:00	अजब देश की गजब कहानी
11:00	रुद्र के रक्षक	16:30	प्यार मोहब्बत हैप्पी लकी
11:30	अलादीन	19:30	रुद्र के रक्षक
12:00	यशोमती मैया के नंदलाला	21:00	पौरस
13:30	भ से भड़े		

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 22-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMKHEL User: c-suman.v Time: 01-21-2026 22:42 Color:

फटाफट खबरें

ASI की साइटों पर BHIM-UPI

■ पीटीआई, नई दिल्ली : NPCI-BHIM और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) के बीच ऐतिहासिक जगहों के टिकट काउंटरों पर BHIM UPI से पेमेंट की सुविधा शुरू करने को लेकर बातचीत चल रही है। अभी यह सुविधा सिर्फ ASI की वेबसाइट पर ऑनलाइन टिकट बुक करने के लिए ही उपलब्ध है। सुविधा शुरू होने के बाद ऐतिहासिक इमारतों के टिकट काउंटरों पर BHIM UPI का QR कोड लगा दिया जाएगा। फिलहाल, इन काउंटरों पर सिर्फ नकद ही लिया जाता है।

1.60 लाख के करीब पहुंचा सोना

■ पीटीआई, नई दिल्ली : सोने और चांदी की कीमतों में रेकॉर्ड तोड़ बढ़त का सिलसिला जारी है। ऑल इंडिया सर्राफा असोसिएशन के मुताबिक बुधवार को देश की राजधानी दिल्ली में 99.9% शुद्धता वाला सोना 6,500 रुपये (4.24%) की भारी बढ़त के साथ 1,59,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। वहीं, चांदी 11,300 रुपये महंगी होकर 3,34,300 रुपये प्रति किलोग्राम के नए लेवल पर पहुंच गई है।

TATACOMM का मुनाफा 55% बढ़ा

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : वित्त वर्ष 2025-26 की दिसंबर तिमाही में टाटा कम्युनिकेशंस का मुनाफा 55% बढ़कर 365.28 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। पिछले साल इसी तिमाही में कंपनी को 235.96 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ था। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) का शुद्ध लाभ 7.5 प्रतिशत बढ़कर 2,705 करोड़ रुपये रहा। केपीआई ग्रीन एनर्जी का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर करीब 48 प्रतिशत बढ़कर 125.80 करोड़ रुपये हो गया।

छोटे उद्योगों को मिलेगा सस्ता लोन

कैबिनेट का फैसला, SIDBI को मिलेंगे 5000 करोड़ रुपये

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को स्मॉल इंडस्ट्रीज डिवेलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया (SIDBI) को 5000 करोड़ रुपये के इक्विटी सपोर्ट की मंजूरी दी। पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह फैसला किया गया। इससे छोटे और मझोले उद्योगों को किफायती दरों पर कर्ज सुविधा बढ़ाने में मदद मिलेगी।

2 मिनट में पढ़ें

वित्त मंत्रालय का वित्तीय सेवा विभाग SIDBI को 5000 करोड़ रुपये का सपोर्ट 3 चरणों में देगा। इस वित्त वर्ष में 3000 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। इसके बाद के दो वित्त वर्षों में 1000-1000 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। यह पूंजी मिलने से SIDBI को किफायती ब्याज दरों पर संसाधन जुटाने में मदद मिलेगी, जिससे वह MSME को ज्यादा कर्ज दे सकेगा।

कैबिनेट मीटिंग के बाद जारी सरकारी बयान में बताया गया कि 5000 करोड़ रुपये के इस सपोर्ट के बाद वित्तीय सहायता पाने वाले MSME की संख्या वित्त वर्ष 2028 के अंत तक बढ़कर 102 लाख हो जाने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2025 के अंत में यह संख्या 76.26 लाख थी। इस तरह करीब 25.74 लाख नए लाभार्थी MSME जुड़ेंगे।

MSME मिनिस्ट्री के मुताबिक, पिछले साल 30 सितंबर तक 6.9 करोड़ MSME ने 30.16 करोड़ रोजगार जेनरेट किया था। इस तरह वित्त वर्ष 2027-28 के अंत तक नए MSME लाभार्थियों के जुड़ने से 1.12 करोड़ एंप्लॉयमेंट के मौके बनने का अनुमान है।

30 सितंबर 2025 तक के आंकड़ों के मुताबिक SIDBI की बैलेंस शीट 5.8 लाख करोड़ रुपये की थी। पिछले दो वित्त वर्षों में इसने 65 शाखाएं खोलकर 161 ब्रांचेज का नेटवर्क बना लिया है। इसकी कवरेज में मान्यता प्राप्त 195 MSME क्लस्टर हैं। SIDBI के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मनोज मित्तल ने कहा, 'विकसित भारत 2047 के लक्ष्य हासिल करने में MSME सेक्टर एक ग्रोथ इंजन है। इस सेक्टर को मजबूत बनाने में SIDBI अहम भूमिका निभाएगा।'

AI Image

अटल पेंशन योजना अब 2030-31 तक

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : असंगठित क्षेत्र में कामगारों को पेंशन का इंतजाम करने के लिए साल 2015 में शुरू की गई अटल पेंशन योजना (APY) साल 2030-31 तक चलती रहेगी। पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला किया गया। कैबिनेट ने योजना को साल 2030-31 तक फंडिंग सपोर्ट जारी रखने का निर्णय किया।

फैसले के मुताबिक, असंगठित क्षेत्र के कामगारों के बीच जागरूकता बढ़ाने सहित अन्य गतिविधियों के लिए सरकार जरूरी फंड मुहैया कराती रहेगी। 9 मई 2015 को शुरू की गई APY में 60 साल की उम्र पूरी होने पर 1000 से 5000 रुपये महीने तक की मिनिमम पेंशन की गारंटी है। यह पेंशन अंशदान के आधार पर तय होती है। इस साल 19 जनवरी तक इस योजना में 8.66 करोड़ से ज्यादा लोग जुड़ चुके थे।

Eternal के CEO पद से दीपिंदर हटे, अलबिंदर को कमान

■ पीटीआई, नई दिल्ली : जोमैटो और ब्लिंकिट ब्रैंड की पेरेंट कंपनी एटरनल (Eternal) ने बुधवार को अपने नतीजे जारी किए। वहीं दीपिंदर गोयल ने कंपनी के CEO का पद छोड़ने का ऐलान कर दिया है। वह 1 फरवरी से कंपनी के डायरेक्टर, एमडी और CEO का पद छोड़ देंगे। बोर्ड ने अलबिंदर सिंह ढींडसा को 1 फरवरी से कंपनी का नया CEO नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है। अलबिंदर अभी ब्लिंकिट के CEO के तौर पर काम कर रहे हैं।

अलबिंदर सिंह ढींडसा

वित्त वर्ष 2025-26 की दिसंबर तिमाही में कंपनी का मुनाफा करीब 73% बढ़कर 102 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। दीपिंदर ने पद छोड़ने की वजह बताते हुए कहा कि पिछले कुछ समय से मेरा ध्यान कुछ ऐसे नए आइडिया की तरफ गया है जिनमें बहुत ज्यादा जोखिम और नए प्रयोगों की जरूरत है। ऐसे में एटरनल जैसी कंपनी के बाहर काम करना ज्यादा बेहतर है।

डॉलर के मुकाबले रुपये में 68 पैसे की गिरावट

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : बुधवार को भारतीय रुपये में जबरदस्त गिरावट देखी गई। विदेशी निवेशकों द्वारा लगातार पैसा निकालने और दुनिया भर के बाजारों में बढ़ती अनिश्चितता की वजह से रुपया 68 पैसे टूटकर 91.65 प्रति डॉलर के अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। RBI का आधिकारिक रेफरेंस रेट USD/INR के लिए 91.5500 था। रुपया बाजार में 91.65 पर बंद हुआ, जो रेफरेंस रेट से ऊपर था। हालांकि, जानकारों का मानना है कि रिजर्व बैंक के पास स्थिति को संभालने के लिए पर्याप्त भंडार है, लेकिन फिलहाल वैश्विक अनिश्चितता रुपये पर भारी पड़ रही है।

इससे पहले रुपये का सबसे निचला स्तर 16 दिसंबर 2025 को 91.14 रहा था। इस महीने रुपया 1.50% गिर चुका है। बुधवार को मुद्रा बाजार में रुपया 91.05 पर खुला था, लेकिन कारोबार के दौरान यह 91.74 के स्तर तक पहुंच गया था। अंत में यह पिछले बंद भाव से 68 पैसे गिरकर 91.65 पर बंद हुआ। पिछले साल 21 नवंबर (98 पैसे गिरा था) के बाद से यह रुपये की एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट है।

82 हजार के नीचे फिसला सेंसेक्स



बुधवार को शेयर बाजार में काफी उथल-पुथल रही। सेंसेक्स और निफ्टी ने अपनी शुरुआती गिरावट को काफी हद तक कवर तो किया, लेकिन फिर भी लगातार तीसरे दिन बाजार लाल निशान में ही बंद हुआ। सेंसेक्स 82,000 से नीचे गिर गया। यह 270.84 अंक की गिरावट के साथ 81,909.63 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 1,056 अंक तक गोता लगाकर 81,124.45 पर पहुंच गया था। वहीं, 50 शेयरों वाला निफ्टी 75 अंक (0.30%) गिरकर 25,157.50 पर बंद हुआ। मिडकैप इंडेक्स 1.01% और स्मॉलकैप इंडेक्स 0.80% तक लुढ़क गए।

इक्विटी में PF का पैसा, पहली बार 10 फीसदी पहुंचा EPFO का निवेश

■ NBT रिपोर्ट : कर्मचारियों के रिटायरमेंट फंड का मैनेजमेंट करने वाली संस्था EPFO (कर्मचारी भविष्य निधि संगठन) का शेयर बाजार (इक्विटी) में निवेश पहली बार 10% के स्तर पर पहुंच गया है। दरअसल, सरकारी बॉन्ड से मिलने वाले ब्याज (यील्ड) में लगातार गिरावट आ रही है। EPFO को अपने सदस्यों को हर साल ज्यादा ब्याज देना होता है। इसकी भरपाई करने के लिए EPFO अब शेयर बाजार में निवेश बढ़ाने के रास्ते तलाश रहा है। बता दें कि EPFO के कुल फंड का करीब 85% हिस्सा अभी भी सरकारी बॉन्ड में लगा हुआ है।

एक अधिकारी ने TOI को बताया, EPFO को अपनी नई जमा राशि का एक हिस्सा शेयर बाजार में लगाने की अनुमति है। हम इक्विटी में ज्यादा निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और अब यह 10% की सीमा तक पहुंच गया है। रिटायरमेंट फंड संस्था को फिलहाल अपनी नई जमा राशि का 15% तक शेयर बाजार में लगाने की इजाजत है।

वित्त वर्ष 2024-25 (FY25) के लिए EPFO ने अपने सदस्यों को 8.25% ब्याज देने का ऐलान किया है। इसकी तुलना में 10 साल के सरकारी बॉन्ड पर औसत ब्याज सिर्फ 6.86% ही मिल रहा था। EPFO सीधे शेयर नहीं खरीदता, बल्कि वह सेंसेक्स और निफ्टी-50 पर आधारित एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स (ETFs) के जरिए निवेश करता है। EPFO ने अगस्त 2015 में नई जमा राशि का 5% निवेश करने से शुरुआत की थी। हालिया सुधारों के तहत, अब संस्था ने ETF की बिक्री से मिलने वाले मुनाफे का 50% हिस्सा फिर से शेयर बाजार में लगाने की मंजूरी दी है। साथ ही, रिडेम्पशन की समय सीमा को भी 4 साल से बढ़ाकर 7 साल कर दिया गया है।

यह कदम भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) की उस सलाह के बाद उठाया गया है, जिसमें EPFO को अपने निवेश और अकाउंटिंग के तौर-तरीकों को बेहतर बनाने के लिए कहा गया था। EPFO करीब 30 करोड़ कर्मचारियों की 25 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई का कस्टोडियन है।

AI Image

वजह क्या है?

- **रिटर्न का दबाव:** सरकारी बॉन्ड पर 6.86% ब्याज मिल रहा है, EPFO को अपने मेंबर्स को 8.25% रिटर्न देना है।
- **निवेश का तरीका:** EPFO सीधे शेयर न खरीदकर ETF (सेंसेक्स और निफ्टी) के जरिए पैसा लगाता है।
- **RBI की सलाह:** रिजर्व बैंक ने फंड मैनेजमेंट को और बेहतर और लचीला बनाने का सुझाव दिया है।

दुनिया में बवाल, नहीं थमेगी भारत की गति: RBI बुलेटिन

AI Image

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : रिजर्व बैंक (RBI) ने बुधवार को जारी अपने जनवरी के बुलेटिन में कहा है कि अर्थव्यवस्था की मौजूदा हालत भविष्य के लिए उम्मीद जगाती है। दुनिया में बढ़ते राजनीतिक तनाव और अनिश्चितताओं के बावजूद, भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2026 की शुरुआत दुनिया में बढ़ते तनाव के साथ हुई है। वेनेजुएला से लेकर यूक्रेन तक के विवादों के बावजूद भारत की घरेलू मांग और आर्थिक सुधार (लेबर कोड और टैक्स रिफॉर्म) इसे मजबूती दे रहे हैं। हालांकि, रुपये पर दबाव और विदेशी निवेशकों द्वारा पैसा निकालने जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद बजट में ज्यादा दिखेगी डिफेंस की धमक?

Poonam.Pandey
@timesofindia.com

FILE



■ नई दिल्ली : कुछ महीने पहले हुए ऑपरेशन सिंदूर का असर क्या बजट में भी दिखेगा। क्या भारत की सशस्त्र सेनाओं की क्षमता और बढ़ाने के लिए इस बार बजट में ज्यादा प्रावधान किए जाएंगे। ये सवाल अपनी जगह है लेकिन भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी से लेकर दूसरे सेना के अधिकारी ये कहते रहे हैं कि सेनाओं को अपनी कैपेबिलिटी बढ़ाने के लिए कभी भी बजट की कमी नहीं होती है। बजट प्रावधान के इतर भी फंड मिलता रहा है।

काउंटडाउन बजट 2026 डिफेंस

सेंटर फॉर जॉइंट वॉरफेयर स्टडीज के डायरेक्टर जनरल मेजर जनरल अशोक कुमार (रिटायर्ड) कहते हैं कि कुछ समय पहले ही देश ने ऑपरेशन सिंदूर देखा है जिसमें भारत ने पाकिस्तान को बड़ी शिकस्त दी है। साथ ही यह भी महसूस किया कि हमें अपनी सैन्य क्षमता का काफी विस्तार करना होगा खासकर वायुसेना और नौसेना में।

हालांकि थल सेना में भी तरह तरह की बढ़ोतरी की जरूरत है। खासकर उन हथियारों को शामिल करने की जो मौजूदा युद्ध के लिए जरूरी हैं। जाहिर है कि इसमें काफी धन लगेगा, साथ ही ये भी जरूरी है कि इसी वार्षिक बजट में ही काफी धन दिया जाए जिससे सारे प्रोजेक्ट का शुरुआती दौर आगे बढ़ सके और जरूरत पड़ने पर अडिशनल बजट दिया जा सके।

मेजर जनरल अशोक कुमार ने कहा कि आम तौर पर 10 पर्सेंट के आसपास डिफेंस बजट में इजाफा होता है। लेकिन ये ज्यादातर बढ़े हुए रेवेन्यू खर्चे और महंगाई के हिसाब से ही हो पाता है, कैपिटल बजट के लिए उतना पैसा नहीं बच पाता है। उम्मीद है कि जिस तरह से अमेरिका, चीन, पाकिस्तान ने अपने बजट में बेतहाशा बढ़ोतरी की है। भारत भी अपने रीजनल और इंटरनैशनल सिनेरियो को ध्यान में रखते हुए अपनी डिफेंस कैपेबिलिटी को बढ़ाने के लिए डिफेंस बजट में इजाफा करेगा।

बजट एलोकेशन (रुपये में)

2025 - 6.81 लाख करोड़
2024 - 6.21 लाख करोड़
2023 - 5.93 लाख करोड़

पिछले बजट में क्या था

पिछले साल डिफेंस बजट में मामूली बढ़ोतरी की गई थी। उस बढ़ोतरी में भी पेंशन का खर्चा ज्यादा था। आधुनिकीकरण बजट का 75 पर्सेंट घरेलू स्रोतों के जरिए खरीद के लिए आरक्षित किया गया था, जबकि घरेलू निजी उद्योगों से खरीद के लिए 25 पर्सेंट रुपये का प्रावधान किया गया था।

नवभारत टाइम्स

Enterटेनमेंट masalamix

'एक्टर अपनी औकात से 5 रुपए भी ज्यादा नहीं मांग सकता'

मनोज बाजपेयी

अभिनेता के रूप में मनोज बाजपेयी का करियर विविधतापूर्ण रहा है। कलात्मक सिनेमा हो या कमर्शल फिल्में अथवा हो वेब सीरीज, मनोज ने हर जगह अपनी साख बनाई। एक समय कड़े संघर्ष से गुजरे मनोज इंडस्ट्री में तकरीबन तीन दशक का समय बिता चुके हैं, मगर उन्होंने अपनी अदाकारी पर कभी आंच नहीं आने दी। उनसे एक खास बातचीत।

Rekha.Khan@timesofindia.com

Q स्ट्रगल डेज में आप अंधेरी के डीएन नगर में आठ-दस लोगों के साथ एक कमरे में भी रहे। वो दौर कैसा था?

वो बेहद निराशा का दौर था, क्योंकि मैं थिएटर भी नहीं कर रहा था। दिल्ली से मुंबई इसी सोच के साथ आया था कि अब सिनेमा करूंगा, लेकिन काम मिलता ही नहीं था। खाली बैठा रहता था। फिर छोटी-छोटी कहानियां चुनकर उन्हें दोस्तों के लिए परफॉर्म करना शुरू किया। बिना काम और बिना पैसों का समय सबसे भयावह होता है। असल डर तब लगता है, जब अपनी ही प्रतिभा पर शक होने लगे। कभी काम मिल भी जाता, तो हटा दिया जाता था। सच कहूं तो उन्हीं दिनों दोस्तों ने ही संभाला। सौरभ शुक्ला (अभिनेता) को काम मिलता तो हमारे खाने-पीने का इंतजाम हो जाता। विनीत कुमार (एक्टर) को काम मिलता, तो हमारा गुजारा चल जाता। अशोक पुरंग (उनके मित्र) भी बड़ा सहारा थे। दोस्तियां दिल्ली की थीं और आज तक कायम हैं। पैसे होते तो केले खा लेता, कभी बड़ा पाव कई बार भूखा भी रहना पड़ा। फिल्मी ऑफिसों में एंट्री मिलना मुश्किल था और अगर मिल भी जाए, तो पोर्टफोलियो हाथ में देकर भगा देते थे। हम ऐसी जगहें ढूंढते थे, जहां खाने का जुगाड़ हो सके।

Q छोटी-सी उम्र में दिल्ली आ गए?

मैं करीब अठारह साल का था जब बिहार से दिल्ली आया, क्योंकि गांव बेलवा में मेरे लिए आगे कुछ खास नहीं था। उस समय ट्वेल्थ को इंटर कॉलेज कहते थे, वह पूरा किया और दिल्ली आ गया, क्योंकि मुझे रंगमंच में करना था और आगे चलकर सिनेमा। मुझे पता था कि थिएटर मेरे लिए जरूरी है, क्योंकि इंडस्ट्री में मेरा कोई 'माई-बाप' नहीं था। मैंने लगभग दस साल थिएटर में दिए, और इस बात पर मुझे आज भी फख्र है। वहां के डायरेक्टर ही हमारे टीचर होते थे, कई नैशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में भी पढ़ाते थे। आज मैं जो अभिनेता हूं, उसमें बैरी जॉन साहब का सबसे बड़ा हाथ है।

Q सबसे मुश्किल दौर क्या था?

सबसे मुश्किल दौर वही होता है, जब आपके पास काम नहीं होता। मगर मुझे अभिनय करने से कौन रोक सकता है। मैं कमरे में तो अभिनय कर सकता हूं, पांच लोगों को बैठाकर दिखा सकता हूं, उनसे सलाह ले सकता हूं। मैं यही करता था। मैं ज्यादा देर उदास नहीं बैठ सकता, क्योंकि मैं हारने वालों में से नहीं हूं। उल्टा उदास लोगों का दिल बहलाता हूं। मैं अच्छा टीचर हूं, लोगों की उदासी दूर करता हूं। जब खुद ज्यादा ही उदास होता था, तो पैदल चलने लगता था। दस-दस किलोमीटर। संघर्ष के दिनों में यह अक्सर होता था। चलते-चलते दिमाग में अभिनय चलता रहता था। मेरे जहन में कहानियां बनती रहती थीं। यमुना विहार से मंडी हाउस की दूरी हो या अंधेरी से बांद्रा, मैं पैदल निकल पड़ता था। पैसे नहीं होते थे, बस के किराए तक के, तब भी चलता था और उदासी में भी।

Q आज तो गाहे-बगाहे आपकी फिल्मों और वेब सीरीज के पोस्टर्स की बड़ी-बड़ी होर्डिंग्स लगी रहती हैं, मगर क्या आपको अपना पहला पोस्टर याद है?

वो जो पहला पोस्टर होता है न, वो किसी भी कलाकार के लिए एक बहुत बड़ा इवेंट होता है। मुझे याद है, मेरा पहला पोस्टर सत्या का था, जो जुहू पर लगा था। किसी ने मुझे बताया कि मेरा एक बहुत बड़ा पोस्टर लगा हुआ है, तो मैं अपने तमाम दोस्तों के साथ जुहू सर्कल पर पहुंचा था और मैंने अपने तमाम दोस्तों के साथ बियर की बोतल खोलकर उस पोस्टर का जश्न मनाया था। मगर उस पहले पोस्टर को देखने का अपना मजा था।

आपने अपने करियर में कई छोटी-बड़ी फिल्मों के लिए अपनी प्राइज मनी से समझौता किया, कई बार फिल्मों में अपना पैसा तक लगाया, आप स्टार प्राइज के बारे में क्या सोचते हैं?

तभी तो अब बिना पैसे के पैर बाहर नहीं निकालता (जोर से ठहाका लगाते हैं)। मैंने बहुत सारी इंडिपेंडेंट फिल्में की हैं, जहां अपने पैसे लगाए, उन्हें रिलीज करने के लिए भागा, एग्जीबिटर्स से रिक्वेस्ट की कि इन्हें शो अच्छे दें। मैं पैसों के मामले में कई उतार-चढ़ाव से गुजरा। मगर जहां तक स्टार प्राइज की बात है, तो एक्टर कभी डिसाइड नहीं करता अपनी प्राइज। ये एक धारणा है कि अभिनेता अपनी प्राइज तय करता है। एक एक्टर मार्केट से एक रुपया भी लेना चाहे, तो नहीं ले सकता। अगर उस पर पैसा लगाने वाले को यकीन हो कि उस एक्टर पर पैसे लगा कर वह मार्केट में उसे बेच सकता है, तो निश्चित तौर पर एक्टर को वो प्राइज मिलेगी। मैंने इस पहलू को बहुत नजदीक से देखा है, तो मैं कह सकता हूं कि कोई भी एक्टर अपनी औकात से 5 रुपए भी ज्यादा मांग नहीं सकता, क्योंकि मार्केट वो उसे देगा ही नहीं। उसे जो मिलता है, वो उसे डिजर्व करता है।

हांडे आर्शल ने शाहरुख को नहीं कहा 'अंकल'

हाल ही तुर्की की अभिनेत्री हांडे आर्शल उस वक्त लोगों के निशाने पर आ गईं, जब एक सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर कहा गया कि उन्होंने शाहरुख खान को अंकल कहा है। लेकिन अब हांडे ने कहा है कि ये खबर गलत है, मैंने उन्हें अंकल नहीं कहा। दरअसल, एक इंटरनैशनल अवॉर्ड समारोह के दौरान हांडे को दर्शकों के बीच से शाहरुख खान का विडियो बनाते हुए देखा गया था। उनके यह विडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। बाद में हांडे ने खुद भी इस क्लिप को इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया, जिससे फैंस और उत्साहित हो गए। इसके बाद किसी ने हांडे की पोस्ट का एडिटेड स्क्रीनशॉट वायरल कर दिया, जिसमें शाहरुख को 'अंकल' कहे जाने का दावा किया गया। ऐसे में लोगों ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया था। इसी को लेकर हांडे ने अब साफ किया है कि उन्होंने ऐसा कुछ भी नहीं कहा है और ये खबर गलत है। उनकी सफाई से शाहरुख के फैंस भी अब खुश हैं।

सलमान को कोर्ट का नोटिस

दिल्ली हाई कोर्ट ने सलमान खान को पर्सनैलिटी राइट्स केस में नोटिस जारी किया है। चीन के एक AI वॉइस-जेनरेशन प्लेटफॉर्म ने मामले में खान की व्यक्तिगत पहचान से जुड़ी चीजों के बिना इजाजत इस्तेमाल पर रोक वाले अंतरिम आदेश को चुनौती दी है। कंपनी का तर्क है कि रोक का आदेश AI वॉइस मॉडल बनाने के वैध कारोबार में बाधा बन रहा है।

मनोरंजन

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 22-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMIND User: cci Time: 01-21-2026 23:02 Color:



NBT AI टाइम मशीन

सबसे तेज तापमान परिवर्तन का रेकॉर्ड

आज ही के दिन 1943 में अमेरिका के साउथ डकोटा में कुदरत का अनोखा चमत्कार हुआ था। दुनिया के सबसे तेज तापमान परिवर्तन का रेकॉर्ड बन गया। सुबह जमा देने वाली ठंड थी, तापमान -20 डिग्री सेल्सियस था, लेकिन 'चिनूक' नाम की गर्म हवाओं की वजह से करीब 2 मिनट के अंदर तापमान 27 डिग्री बढ़कर 7 डिग्री पहुंच गया। हालांकि, बदलाव ज्यादा नहीं टिका। मिनटों में तापमान जीरो से नीचे भी चला गया।

आगे खुद को ठंडा रखेंगे स्मार्ट शहर

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में धरती को ठंडा करने की तकनीकें विकसित होंगी। 'सोलर जियोइंजिनियरिंग' के जरिए आसमान में खास सूक्ष्म कण छिड़के जाएंगे ताकि वे सूर्य की किरणों को स्पेस में रिफ्लेक्ट कर सकें और धरती का तापमान न बढ़े। विशालकाय कार्बन सोखने वाली मशीनें लगाई जाएंगी, जो हवा से गर्मी बढ़ाने वाली गैसों को जमीन के नीचे दफन कर देंगी। ऐसे 'स्मार्ट शहर' होंगे, जिनकी इमारतें और सड़कें खुद को मौसम के अनुसार ठंडा रख सकेंगी।



AI Images

'स्पेस में भारतीय खाना शेयर करना अद्भुत अनुभव'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: IIT दिल्ली के स्टूडेंट्स के लिए मंगलवार का दिन यादगार बना, अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स उनके बीच पहुंचीं। इस दौरान सुनीता विलियम्स ने अपनी अंतरिक्ष यात्रा के अनुभव स्टूडेंट्स के बीच रखे। पृथ्वी को अंतरिक्ष से देखने के अनुभव पर उन्होंने कहा, ऊपर से पृथ्वी को देखने पर अलग ही दृष्टिकोण मिलता है। तब अहसास होता है कि हम सब एक ही ग्रह पर जुड़े हुए हैं और सीमाएं अर्थहीन लगने लगती हैं। अंतरिक्ष में भारतीय भोजन से जुड़ी याद साझा करते हुए उन्होंने कहा, स्पेस में भारतीय खाने का पैकेट खोलना बहुत अविश्वसनीय था। जो बात इसे खास बनाती है, वह है इसे अपने क्रू मेंबर्स के साथ शेयर करना। खाना लोगों को साथ लाने का तरीका है, यहां तक कि ऑर्बिट में भी।

'दूसरे दर्जे का नहीं, AI में टॉप देशों में है भारत'

■ NBT रिपोर्ट: केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विश्व आर्थिक मंच (WEF) में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस पर IMF की चीफ क्रिस्टालिना जार्जीवा (Kristalina Georgieva) के आकलन को खारिज किया है। आईएमएफ चीफ ने भारत को 'सेकंड-टियर' की AI अर्थव्यवस्था बताया था। वैष्णव ने पलटवार में कहा कि भारत टॉप AI देशों में शामिल है और इसके पूरे इकोसिस्टम पर काम कर रहा है।

स्विट्जरलैंड के दावोस में IMF की एमडी ने AI की तैयारी पर देशों का इंडेक्स जारी किया। इसमें उन्होंने देशों को तीन कैटिगरी में बांटा है। इनमें वे देश भी शामिल हैं, जो बदलाव ला रहे हैं। दूसरे वे जो केवल देख रहे हैं और बदलाव से बेखबर हैं।

ट्रंप ने कहा, यूरोप सही दिशा में नहीं

ग्रीनलैंड, नाटो, रूस-यूक्रेन, भारत-पाकिस्तान, वेनेजुएला ...कई मुद्दों पर रखी बात

■ पीटीआई, दावोस (स्विट्जरलैंड)

अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम के मंच से यूरोपीय देशों को आड़े हाथ लिया। ट्रंप ने कहा कि मैं यूरोप को अच्छा करते देखना चाहता हूं, लेकिन वह अभी सही दिशा में नहीं जा रहा है। यूरोप के कुछ इलाके अब पहचानने लायक नहीं हैं। हम इस पर लंबी बात कर सकते हैं, लेकिन इसे जाने देते हैं। मैं किसी का अपमान नहीं करना चाहता और यह नहीं कहना चाहता कि मैं इसे नहीं पहचानता और यह पॉजिटिव तरीके से नहीं है। यह बहुत नेगेटिव तरीके से है।

US पर हमला तो भरोसा नहीं नाटो रक्षा को आएगा

ट्रंप ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका इस धरती का इकनॉमिक इंजन है। जब अमेरिका में तेजी आती है, तो पूरी दुनिया में तेजी आती है। यह इतिहास रहा है, जब हालात खराब होते हैं, तो सभी देश भी हमारे साथ नीचे जाते हैं। मैं इस बारे में बात करना चाहता हूं कि हमने यह इकनॉमिक चमत्कार कैसे हासिल किया, हम अपने नागरिकों के लिए जीवन स्तर को ऐसे लेवल तक कैसे बढ़ाना चाहते हैं, जो पहले कभी नहीं देखे गए, और शायद आप भी और जिन जगहों से आप आते हैं, वे भी हमारे काम करने के तरीके को अपना कर बहुत बेहतर कर सकते हैं।

वेनेजुएला पर ट्रंप ने कहा, पिछले हफ्ते हमने अकेले वेनेजुएला से 50 मिलियन बैरल तेल लिया। वेनेजुएला इतने वर्षों तक शानदार जगह थी, लेकिन फिर अपनी नीतियों की वजह से यह खराब हो गई। 20 साल पहले, यह महान देश था, और अब इसे दिक्कतें हैं, लेकिन हम उनकी मदद कर रहे हैं और उन 50 मिलियन बैरल को हम उनके साथ बांटेंगे, और वे ज्यादा पैसे कमाएंगे। वेनेजुएला बहुत अच्छा करेगा। हमले खत्म होने के बाद से हम बहुत अच्छा सहयोग दे रहे हैं। वेनेजुएला छह महीनों में पिछले 20 सालों में कमाए गए पैसों से ज्यादा पैसे कमाएगा।

वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम में

- अमेरिका धरती का इकनॉमिक इंजन, जब अमेरिका में तेजी आती है तो दुनिया में तेजी आती है।
- फ्रांस, कनाडा जैसे देशों की भी आलोचना, कहा अमेरिका की वजह से चल रहा है कनाडा।
- दोहराया-मई में भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष को रुकवाया था।
- सोमालिया के लोगों को 'कम बुद्धि वाले' और 'समुद्री डाकू' बताया।
- ट्रंप ने फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों के नीले सनग्लासेज पर कहा - हर जगह इन्हें क्यों पहन रहे हैं।

'पूतिन-जेलेंस्की समझदार तो समझौता कर लेंगे'

रूस-यूक्रेन जंग पर ट्रंप ने कहा कि पूतिन और जेलेंस्की समझदार हुए तो आपसी सहमति से समझौता कर लेंगे। अगर वे ऐसा नहीं करते, तो वे मूर्ख हैं। यह बात दोनों पर लागू होती है। और मैं जानता हूं कि वे मूर्ख नहीं हैं। हम तीसरा विश्व युद्ध नहीं करने जा रहे हैं। मुझे लगता है कि अगर मैं निर्वाचित नहीं हुआ होता, तो रूस-यूक्रेन विवाद तीसरे विश्व युद्ध में बदल सकता था। ट्रंप ने कहा कि बातचीत से समाधान निकालना समझदारी भरा रास्ता है।

रूस-यूक्रेन जंग तीसरे विश्व युद्ध में बदल सकती थी

भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने का फिर दावा

ट्रंप ने बुधवार को फिर अपने इस दावे को दोहराया कि उन्होंने कई अन्य युद्धों की तरह पिछले साल मई में भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष रुकवाया था। ट्रंप ने पिछले साल 10 मई के बाद से अबतक 80 से ज्यादा बार भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष रुकवाने का श्रेय लेने की कोशिश की है। उनका दावा है कि अमेरिका की मध्यस्थता वाली बातचीत के बाद दोनों पड़ोसी 'पूर्ण और तत्काल' सैन्य संघर्ष रोकने पर सहमत हो गए थे।

ट्रंप के खिलाफ यूरोपीय नेता एकजुट हुए

यूरोपीय संघ ट्रेड बजूका टैक्स लगाकर जवाबी कार्रवाई शुरू कर सकता है। इसके तहत यूरोप अपने यहां अमेरिकी सामानों के आयात पर रोक लगा सकता है। -इमैनुएल मैक्रों, फ्रांस

ग्रीनलैंड को कब्जे में लेने की कोशिश और ग्रीनलैंड समर्थकों पर 10% टैरिफ लगाने की धमकियां दिया जाना यूरोप की सुरक्षा, समृद्धि और सिद्धांतों के लिए चुनौती है। -एंटोनियो कोस्टा, ईयू

टैरिफ को हथियार बनाकर दबाव बनाया जा रहा है, वित्तीय सिस्टम के जरिए देशों को मजबूर किया जा रहा है, सप्लाई चेन की कमजोरियों का इस्तेमाल हो रहा है। -मार्क कार्नी, कनाडा



'बोर्ड की ज़रूरत न पड़ती, अगर UN काम करता'

■ पीटीआई, न्यू यॉर्क/वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र ने कभी भी क्षमता के अनुसार काम नहीं किया। अगर उसने प्रभावी भूमिका निभाई होती तो गाजा के लिए 'बोर्ड ऑफ पीस' की जरूरत ही ना पड़ती। ट्रंप ने संकेत दिए कि नवगठित 'बोर्ड ऑफ पीस' संयुक्त राष्ट्र की जगह ले सकता है, जिसका पहले भी कई आलोचक डर जताते रहे हैं।

ट्रंप ने गाजा में रीडिवेलपमेंट में मदद के लिए 'बोर्ड ऑफ पीस' गठित किया है। जब उनसे पूछा गया कि 'बोर्ड ऑफ पीस' संयुक्त राष्ट्र का स्थान लेगा तो ट्रंप ने कहा, 'यह हो सकता है। संयुक्त राष्ट्र बहुत मददगार साबित नहीं हुआ है। मैं उसका बड़ा समर्थक हूं, लेकिन यह कभी अपनी पूरी क्षमता के अनुसार काम नहीं कर पाया।' ट्रंप ने कहा कि मैंने अपने दूसरे कार्यकाल के पहले वर्ष में 8 जंगों को सुलझाया, लेकिन संयुक्त राष्ट्र ने किसी भी युद्ध में मेरी मदद नहीं की। मैं उन्हें दोष नहीं दे रहा हूं। ...लेकिन मैंने प्रधानमंत्रियों, राष्ट्रपतियों को एक साथ बैठाया, हमने सख्ती से बात की, आपसी सहमति बनाई और वे मुझे पसंद करने लगे। संयुक्त राष्ट्र को उन सभी युद्धों को सुलझाना चाहिए था, जिन्हें मैंने सुलझाया।

'संयुक्त राष्ट्र को उन सभी युद्धों को सुलझाना चाहिए था, जिन्हें मैंने सुलझाया। ...हर जंग को रोकने के लिए नोबेल शांति पुरस्कार मिलना चाहिए था।' - *डॉनल्ड ट्रंप (दूसरे कार्यकाल के 1 साल पर)*

'बोर्ड ऑफ पीस' में शामिल होगा इस्राइल

इस्राइल (Israel) के प्रधानमंत्री बेन्यामिन नेतन्याहू (Benjamin Netanyahu) ने बुधवार को कहा कि हमने ट्रंप के 'बोर्ड ऑफ पीस' में शामिल होने के लिए सहमति दे दी है। नेतन्याहू की यह घोषणा उनके पुराने रुख के उलट है। नेतन्याहू ने इस बोर्ड में प्रतिद्वंद्वी देशों तुर्किये और कतर को शामिल होने का न्योता भेजने का विरोध किया था। चीन ने इस बोर्ड में शामिल होने पर बुधवार को अपना ऐतराज जताया और संयुक्त राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता जाहिर की। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम हमेशा सच्चे बहुपक्षवाद के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं। हम UN को केंद्र में रखकर व्यवस्था की मजबूती से रक्षा करेंगे।

SPEED News

इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार की घोषणा



अंतरराष्ट्रीय जूरी ने 2025 का यह सम्मान अफ्रीकी नेता और समाजसेवी ग्रासा माशेल को देने का फैसला किया है।

जापान के पूर्व पीएम की हत्या में उम्र कैद



2022 में प्रचार के दौरान शिंजो आबे की हत्या का अपराध कबूल करने वाले तेत्सुया यामागामी (45) को अदालत ने उम्र कैद दी है।

साउथ कोरिया के पूर्व पीएम को मिली सजा

पूर्व पीएम हान डक-सू को 23 साल की सजा सुनाई गई है। पूर्व राष्ट्रपति के मार्शल लॉ लगाने में मदद करने के लिए सजा मिली है।

अमेरिका को ईरान की धमकी, जवाब देंगे



ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अगर हम पर हमला हुआ तो अपने पास मौजूद हर ताकत से जवाब देंगे।

SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर वट्सऐप करके बताएं।

10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE | 72198 21111 | SHRIRAM Finance | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans

*नियम और शर्तें लागू, बचत 31 जनवरी 2026 तक लागू है. दर्शाई गई कुल सेविंग्स का तात्पर्य है बैंक से प्राप्त बचत की कुल राशि, जीरो प्रोसेसिंग फीस और 5 फ्री सर्विसेस (3 स्टैंडर्ड फ्री सर्विसेस और 2 अतिरिक्त फ्री सर्विसेस).

Authorised Dealers For Bajaj Auto Ltd: •Alibagh Raj Motors 7378384030 •Bhandup PRATHAM BAJAJ 9769887555 •Bhiwandi PRATHAM BAJAJ 9769887555 •BOISAR MUMBAI BAJAJ 9004994969 •Byculla RAJ BAJAJ 9867642816 •Chembur AUTODEN BAJAJ 9326328955 •DAHANU MUMBAI BAJAJ 9136299390 •Dombivali Krishna Bajaj 8483855538 •Ghodbunder Road AV BAJAJ 8600931355 •Goregaon SURYODAY BAJAJ 8956832202 •Kalyan Krishna Bajaj 8855077723 •Kharghar RAJ BAJAJ 8976009454 •Mahad RAJ MOTORS 9637349195 •Mahim AUTODEN BAJAJ 9867771021 •MiraRoad(E) SURYODAY BAJAJ 8378030999 •Panvel CG BAJAJ 8657554004 •Pen CG Bajaj 8655449567 •Saki Naka PIONEER BAJAJ 7208996145 •Shahpur PRATHAM BAJAJ 9769887555 •Thane PRATHAM BAJAJ 9769887555 •Ulhasnagar Krishna Bajaj 9975554452 •Vashi RAJ BAJAJ 9867501873 •Vasai SURYODAY BAJAJ 8484014412 •Virar Suryoday Bajaj 8485839376 • Wada MUMBAI MOTORS 9172224620.

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 22-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMCLAS User: cci Time: 01-21-2026 23:09 Color:

पश्चिम रेलवे के स्टेशनों पर 147 नई अत्याधुनिक स्वचालित टिकट वेंडिंग (एटीवीएम) मशीनें लगाई जाने वाली हैं। -p3

डायबिटीज के साथ जी रहीं 58 वर्षीय बुजुर्ग की जिंदगी तब परेशानी से भर गई, जब उनका कंट्रोल खुद के शरीर से छूट गया। -p5

194 रहा मुंबई का AQI बुधवार को, जो अनहेल्दी श्रेणी में है।

27 डिग्री रहा बुधवार की रात 10 बजे मुंबई का तापमान, जो सामान्य श्रेणी में आता है।

www.mumbai.nbt.in

पॉलिटिकल ब्रीफ

किशोरी पेडणेकर बनीं BMC में UBT की ग्रुप लीडर

■ **NBT न्यूज, नवी मुंबई :** शिवसेना (UBT) ने पूर्व मेयर और नगरसेवक किशोरी पेडणेकर को अपना ग्रुप लीडर चुना है। प्रभाग-199 से चुनाव जीतीं पेडणेकर बीएमसी में उद्धव ठाकरे गुट का प्रतिनिधित्व करेंगी। बीएमसी चुनाव में शिवसेना

(UBT) के 65 में से 64 नगरसेवकों ने बुधवार को नवी मुंबई के बेलापुर में मौजूद कोंकण भवन पहुंचकर रजिस्ट्रेशन कराया। हालांकि, इनमें उद्धव गुट की प्रभाग-157 से चुनी गईं नगरसेविका सरिता म्हस्के की गैरमौजूदगी चर्चा का विषय रही। इस पर शिवसेना विधायक अनिल परब ने कहा कि वह हमारे साथ हैं और संपर्क में हैं, किन्हीं जरूरी कारणों से यहां नहीं आ सकीं।

पूर्व महापौर प्रवीण शेट्टी बनाए गए BVA के ग्रुप लीडर

■ **NBT न्यूज, वसई:** वसई-विरार मनपा चुनाव में बहुजन विकास आघाडी ने 70 सीटें

अपने नाम कर मनपा में बहुमत हासिल किया है। उनकी पार्टी का महापौर बनना तय हो गया है। इस चुनाव में वसई पश्चिम से प्रभाग 28 से चुनाव जीते पूर्व महापौर प्रवीण शेट्टी को पार्टी ने दल नेता बना बनाया है। शेट्टी ने बीजेपी के उम्मीदवार नीलेश भानुशे को हराकर जीत दर्ज की थी।

ठाणे में मनोनीत नगरसेवक बनने के लिए शुरू हुई लॉबिंग

■ **NBT न्यूज, ठाणे :** ठाणे मनपा में इस बार 10 मनोनीत नगरसेवकों का चयन किया जाना है। इसके लिए पराजित हुए और उम्मीदवारी पाने से वंचित रहे लोगों ने लॉबिंग शुरू कर दी है। यहां शिंदे शिवसेना को 75 सीटें मिली हैं, जबकि दूसरी सबसे बड़ी पार्टी BJP को 28 सीटें मिली हैं। शिंदे शिवसेना जहां मनपा में अपना मेयर बैठाने वाली है, वहीं BJP नेताओं ने ढाई-ढाई साल के लिए मेयर पद की मांग की है। NCP (SP) को 10, NCP (AP) को 5, AIMIM को 5, उद्धव सेना को 1 सीट मिली है, जबकि एक निर्दलीय महिला चुनकर आई हैं। ऐसे में, मनोनीत नगरसेवक बनने के लिए चुनाव व रिजल्ट में पिछड़ गए नेता पार्टी स्तर पर लॉबिंग में जुट गए हैं।

MBMC: मराठी महापौर को लेकर MNS हुई आक्रामक

■ **NBT न्यूज, मीरा-भाईंदर :** एमबीएमसी चुनाव में बीजेपी को स्पष्ट बहुमत के बाद महापौर पद को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। इसी कड़ी में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने महापौर पद पर मराठी व्यक्ति की नियुक्ति की मांग को लेकर आक्रामक रुख अपनाया है। बुधवार को मनसे विद्यार्थी सेना की ओर से मनपा मुख्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया गया। कार्यकर्ताओं ने 'महापौर मराठीच हवा' के नारे लगाए और प्रशासन के खिलाफ अपनी नाराजगी जताई। उनका कहना है कि मीरा-भाईंदर शहर में बड़ी संख्या में मराठीभाषी हैं, जिनकी भावनाओं के लिए शहर का प्रथम नागरिक मराठी होना चाहिए।

नवी मुंबई में हारे उम्मीदवार सक्रिय, मनोनीत होने की आस

■ **NBT न्यूज, नवी मुंबई :** नवी मुंबई मनपा चुनाव के बाद यहां भी मनोनीत नगरसेवक बनने की चाहत में सियासी हलचल तेज हो गई है। चुनाव में हारे पूर्व नगरसेवकों और चुनाव हारे कैंडिडेट अब मनोनीत (स्वीकृत या नियुक्त)



नगरसेवक बनने के लिए प्रयासरत हैं। इनमें बीजेपी खेमे से अनंत सुतार, नवीन गवते और अमित मेढ़कर के नामों की चर्चा है। पार्टी के भीतर इन नेताओं को संगठनात्मक अनुभव और स्थानीय राजनीति की समझ रखने वाला बताया जा रहा है। वहीं शिवसेना की ओर से सोमनाथ वास्कर और एम. के. मढवी स्वीकृत नगरसेवक बनने के लिए प्रयासरत बताए जा रहे हैं।

शिंदे सेना को ज्यादा सीटें देकर पछता रही है BJP

दबी जुबान बोले BJP नेता- और सीटें आ सकती थीं

Rajkumar.singh
@Timesofindia.com

देवेंद्र फडणवीस

एकनाथ शिंदे

अमित साटम

■ **मुंबई :** बीएमसी चुनाव नतीजे आने के बाद बीजेपी और शिंदे सेना में मंथन शुरू हो गया है। बीजेपी के नेता दबी जुबान में कह रहे हैं कि शिंदे को ज्यादा सीटें देकर पार्टी ने गलती की है, क्योंकि शिंदे सेना के जीतने का स्ट्राइक रेट बहुत ही खराब रहा है। शिंदे सेना ने बीजेपी के साथ गठबंधन कर 90 सीटों पर उम्मीदवार उतारा था, जिसमें वह सिर्फ 29 सीटें ही जीत सकी। दूसरी ओर, बीजेपी ने 137 सीटों पर उम्मीदवार उतारे और 89 सीटें जीतीं। बीजेपी की जीत का दर सभी दलों से बेहतर रहा।

शिंदे सेना ने 90 सीटों पर उतारे थे प्रत्याशी, जिसमें से सिर्फ 29 सीटें ही जीतीं

दरअसल, बीजेपी ने बीएमसी की सभी 227 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी की थी। तैयारी भी माइक्रो लेवल की थी। चुनाव के लिए बूथ और पन्ना स्तर पर नियुक्तियां की गई थीं। चुनाव क्षेत्र के सभी पदाधिकारियों को काम पर लगाया और बैठकें कीं। पिछले 6 महीने से ऐसा ही चल रहा था, लेकिन जब चुनाव लड़ने का समय आया, तो काफी सीटें समझौते के तहत शिंदे सेना को देनी पड़ीं। जो सीटें शिंदे सेना के खाते में गईं, वहां बीजेपी की तैयारी धरी रह गई। शिंदे सेना को सीट जाने से भाजपा कार्यकर्ताओं में निराशा छा गई, जिसका परिणाम यह रहा कि शिंदे सेना का प्रदर्शन उम्मीद से आधा हो गया।

साटम ने हिंदुत्व, CM ने विकास का मुद्दा गर्माया

बीएमसी का चुनाव बीजेपी ने बहुत आक्रामक तरीके से लड़ा। बीजेपी ने एक रणनीति के तहत प्रचार-प्रसार किया। मुंबई बीजेपी अध्यक्ष अमित साटम जहां हिंदुत्व, मुंबई की सुरक्षा, मुंबई में अवैध रूप से रहने वाले बांग्लादेशी, रोहिंग्या के मुद्दे को गरम किया। वहीं, विपक्ष के आरोपों का जवाब भी दिया। दूसरी ओर, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मुंबई में विकास के मुद्दे पर अपनी बात जनता तक पहुंचाई। सीएम ने जनता के सामने मेट्रो और कोस्टल रोड के विकास के साथ-साथ भविष्य में होने वाले विस्तार का खाका जनता के सामने रखा। मुंबई से बाहर चले गए मराठी समाज को मुंबई में फिर से बसाने, झोपड़ों में रहने वालों को अलग-अलग योजनाओं के तहत ऊंची-ऊंची इमारतों में घर देने का सपना दिखाया। इसका नतीजा यह रहा कि बीजेपी सत्ता के करीब पहुंच गई। चुनाव प्रचार में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 80 से ज्यादा इवेंट्स किए, जिसमें चुनावी सभा से लेकर चुनावी रैली और पदयात्रा आदि शामिल हैं।

...तो आ सकता था कुछ और ही रिजल्ट

चुनावी नतीजे आने के बाद बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व को इस बात का पछतावा हो रहा है कि शिंदे सेना को 90 सीटें क्यों दीं? शिंदे को वही सीटें दी जानी चाहिए थीं, जो वह जीत सकते थे। बीजेपी नेताओं का कहना है कि अगर वे और ज्यादा सीटों पर लड़ते, तो नतीजे कुछ और ही होते। दूसरी ओर, शिंदे सेना के नेताओं को भी एहसास हो गया कि सीटों की संख्या बढ़ाने की बजाय अगर वे उन्हीं सीटों पर ज्यादा ध्यान देते जिन पर वे जीत सकते थे, तो नतीजे कुछ और होते।

BMC चुनाव परिणाम के बाद पहली बार साथ दिखेंगे ठाकरे बंधु

बाला साहेब की जयंती पर एक साथ होंगे उद्धव-राज ठाकरे

AI Image

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** बाला साहेब ठाकरे की जयंती के अवसर पर एक बार फिर उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे के साथ दिखाई देंगे। 23 जनवरी को शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे की जयंती पर एक बार फिर दोनों नेता सार्वजनिक मंच साझा करेंगे। उद्धव ठाकरे के लिए यह वर्ष विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि यह बाल ठाकरे की जन्म शताब्दी (100वां वर्ष) की शुरुआत होगी।

बीएमसी चुनाव में भले ही बीजेपी के नेतृत्व वाली महायुति ने चुनावों में बहुमत हासिल किया, लेकिन ठाकरे भाई आगामी चुनावों के लिए अपनी भविष्य की रणनीति की घोषणा करने के लिए इस मंच का उपयोग कर सकते हैं। उद्धव सेना के एक नेता ने बताया कि बीएमसी चुनाव में भले ही अपेक्षित सफलता नहीं मिली, इसके बावजूद दोनों भाई मजबूती से साथ खड़े हैं। बता दें कि बीएमसी चुनाव में उद्धव सेना को 65 और मनसे के 6 नगरसेवक चुने गए हैं। बीएमसी के नतीजों के बावजूद ठाकरे बंधु यह संकेत दे रहे हैं कि उनका गठबंधन सिर्फ एक चुनाव के लिए नहीं था, बल्कि 'मराठी मानुष' की राजनीति के लिए आगे भी जारी रहेगी। वहीं उद्धव ठाकरे ने दोहराया कि बीएमसी चुनाव परिणामों के बावजूद उन्होंने एकजुट रहने के लिए गठबंधन किया है। उद्धव ठाकरे ने कहा है कि यह लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। यह तब तक इसी तरह जारी रहेगी जब तक कि मराठी व्यक्ति को वह सम्मान नहीं मिल जाता जिसका वह हकदार है। उन्होंने कहा कि हालांकि इस बार हमारी पार्टी को मेयर को बनाने का सपना पूरा नहीं हुआ, लेकिन नतीजों ने साबित कर दिया कि जमीनी स्तर के कार्यकर्ता की वफादारी खरीदी नहीं जा सकती।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

...तो इसलिए दोनों रहना चाहते हैं साथ

ठाकरे बंधुओं के पास फिलहाल विकल्प का अभाव है। साथ आकर भी बीएमसी चुनाव में अपेक्षित सफलता नहीं मिलने के बाद दोनों के लिए आगे की राह मुश्किल है। आगामी तीन सालों तक महाराष्ट्र में चुनाव भी नहीं हैं। ऐसे में, दोनों के पास नई रणनीति पर विचार करने के लिए पर्याप्त समय है। मराठी माणूस के नाम पर एकत्रित हुए वोटर्स के मन में भी दोनों भाई कोई भ्रम नहीं पैदा करना चाहते हैं। इसीलिए, दोनों ने फिलहाल साथ ही रहने की रणनीति अख्तियार की है।

BJP का विरोध पड़ा महंगा, युवक की पिटाई



AI Image

■ **NBT न्यूज, भिवंडी :** चुनावों के दौरान भिवंडी के प्रभाग-22 में बीजेपी के पूर्व नगरसेवक श्याम अग्रवाल को निर्दलीय उम्मीदवार नितेश ऐनकर ने मात्र 21 वोटों से हरा दिया। हार के बाद, पराजित उम्मीदवार श्याम अग्रवाल के बेटे कुशाग्र और उसके साथी प्रवीण पाटील एवं संतोष यादव ने 17 जनवरी की दोपहर करीब 1:30 बजे प्रभाकर प्रजापति के घर में घुसकर मारपीट की। आरोप है कि प्रभाकर ने निर्दलीय उम्मीदवार नितेश ऐनकर के लिए प्रचार किया। इस मामले में प्रभाकर प्रजापति ने भिवंडी शहर पुलिस स्टेशन में कुशाग्र अग्रवाल सहित तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस केस की छानबीन में जुटी है।

ठाकरे खुद बिहारी हैं और बिहार का विरोध करते हैं: संजय निरुपम

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** मुंबई में बिहार भवन बनाने का स्वागत करते हुए शिंदे सेना के प्रवक्ता और पूर्व सांसद संजय निरुपम ने कहा कि मरीजों के रहने और उपचार करने के लिए भवन बनाया जा रहा है तो इससे क्या नुकसान है। अच्छे काम का विरोध करने के कारण ही तो 27 साल से बीएमसी की सत्ता पर काबिज

ठाकरे को मुंबईकर ने बेदखल कर दिया। निरुपम ने कहा कि ठाकरे परिवार खुद बिहार से आया है और वही बिहार का विरोध कर रहा है।

बुधवार को पत्रकारों से बात करते हुए निरुपम ने ठाकरे भाइयों को याद दिलाया कि प्रबोधनकार ठाकरे ने अपनी आत्मकथा में लिखा है कि उनका मूल मगध क्षेत्र से था, जो आज के बिहार में आता है। ऐसे में बिहार का विरोध करना दुर्भाग्यपूर्ण है। ओवैसी की पार्टी की सीटें बढ़ने पर चिंता प्रकट करते हुए कहा कि यह राज्य की सुरक्षा के लिए ठीक नहीं है। निरुपम ने कहा कि इस चुनाव में पहली बार खुलकर धर्म के आधार पर मतदान देखने को मिला। कई इलाकों में हिंदू और मुस्लिम वोट स्पष्ट रूप से अलग-अलग नजर आए। जहां मुस्लिम मतदाता अधिक थे, वहां शिवसेना के उम्मीदवार जीतते-जीतते हार गए। लगभग 15 वॉर्ड ऐसे हैं, जिनमें वार्ड क्रमांक 32, 121, 79, 61, 201 और 204 भी शामिल हैं।

UBT का कहीं मेयर नहीं

महानगरपालिका चुनाव पर अपनी बात रखते हुए निरुपम ने कहा कि इस चुनाव में उद्धव सेना का राजनीतिक अस्तित्व लगभग समाप्त हो चुका है। जनता ने अपने मतों के माध्यम से स्पष्ट कर दिया है कि असली शिवसेना कौन-सी है। उन्होंने कहा कि उद्धव सेना का एक भी महापौर नहीं बन सका, जबकि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के तीन महापौर बनने की पूरी संभावना है। यह परिणाम उद्धव सेना के लिए बेहद शर्मनाक है। निरुपम ने याद दिलाया कि महानगरपालिका के चुनाव में उद्धव सेना पांचवे नंबर पर चली गई है। चुनावों में शिवसेना के 399 नगरसेवक चुने गए हैं, जबकि उद्धव सेना के केवल 155 नगरसेवक ही जीत पाए हैं। मुंबई महानगरपालिका चुनाव में भी जनता ने उद्धव सेना को विपक्ष में बैठने का फैसला सुनाया है।

उल्हासनगर में सत्ता की ओर शिंदे सेना

■ **पेज 1 से आगे**

शिवसेना, साई पार्टी और कालानी गुट ने मिलकर चुनाव लड़ा था, जिसमें शिवसेना के 36 नगरसेवक निर्वाचित हुए। बहुमत में बीजेपी पीछे रह गई, जबकि शिवसेना ने 4 अतिरिक्त नगरसेवकों को अपने पाले में लाकर सत्ता का रास्ता आसान कर लिया।

'अपने-अपने वॉर्डों में समग्र विकास कराने को दिया है शिंदे को समर्थन'

वंचित बहुजन आघाडी की सुरेखा सोनावणे और विकास खरात ने शिंदेसेना को समर्थन देने के पीछे समग्र विकास को कारण बताया। उन्होंने दलित बस्ती सुधार योजना सहित स्थानीय विकास परियोजनाओं को प्राथमिकता देने को उद्देश्य बताया।

कांग्रेस उम्मीदवार ने BJP पर लगाया बूथ कैप्चरिंग का आरोप, जांच की मांग

मनपा आयुक्त को पत्र लिखकर दर्ज कराई कामूर्ति ने आपत्ति

AI Image

■ **NBT न्यूज, भिवंडी:** मनपा चुनाव संपन्न होने के बाद अब आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। बीजेपी उम्मीदवार श्याम अग्रवाल ने जहां आरोप लगाया था कि उनकी आपत्ति को चुनाव निर्णय अधिकारी ने सुना ही नहीं। वहीं, अब कांग्रेस उम्मीदवार ऐड. श्रीकांत कामूर्ति ने आरोप लगाया है कि उनके प्रभाग में बीजेपी उम्मीदवार सुहास नकाते ने बूथ कैप्चरिंग की है। उनके प्रतिनिधि सिद्धेश्वर कामूर्ति ने चुनाव अधिकारी तथा मनपा आयुक्त अनमोल सागर को पत्र लिखकर फर्जी, मृत एवं दोहरे मतदान के माध्यम से भ्रष्ट तरीके से जीत हासिल करने के संबंध में शिकायत एवं आपत्ति दर्ज करने की मांग की है।

कामूर्ति ने कहा है कि प्रभाग क्रमांक 18 (ड) में ऐड. श्रीकांत कामूर्ति कांग्रेस पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार थे। मतदान के लिए मनपा द्वारा नारपोली के देवजीनगर स्थित आइडियल इंग्लिश स्कूल, स्कॉलर इंग्लिश स्कूल में मतदान केंद्र क्रमांक 210, 211, 214, 215, 227 बनाया गया था। उन्होंने आरोप लगाया है कि बीजेपी उम्मीदवार पूर्व नगरसेवक सुहास नकाते और उनके कार्यकर्ताओं ने स्वयं पोलिंग बूथ के भीतर जाकर 'बूथ कैप्चरिंग' की। उन्होंने इलाके में दहशत फैलाई और पोलिंग अधिकारियों से मिलीभगत कर लगभग 1000 से 1200 फर्जी मतदान करवाए। इनमें फर्जी मतदाताओं, मृत व्यक्तियों और दोहरे मतदाताओं के नाम पर वोट डालकर जीत हासिल की गई है। प्रभाग क्रमांक 18 (ड) के विजयी उम्मीदवार के चयन पर उन्होंने लिखित आपत्ति रिकॉर्ड में दर्ज करने की मांग की है।

मनपा आयुक्त को दिए पत्र में कामूर्ति ने कहा है कि उन्होंने पहले भी लिखित शिकायत करके मनपा को आगाह किया था कि प्रभाग क्रमांक 18 (ड) में मतदान के दिन फर्जी मतदान और बूथ कैप्चरिंग होने की संभावना है। पुलिस प्रशासन, पीठासीन अधिकारी की मिलीभगत से यह फर्जी मतदान कराया गया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सपकाल जाएंगे काशी

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल शुक्रवार को वाराणसी दौरे पर जा रहे हैं। उनका कहना है कि काशी में पुण्यश्लोक

राजमाता अहिल्याबाई होलकर द्वारा निर्मित पवित्र मणिकर्णिका घाट को बुलडोजर लगाकर ध्वस्त कर दिया है। घाट पर स्थापित अहिल्यादेवी होलकर की मूर्ति तथा शिवलिंग को भी नष्ट कर दिया गया है। यह कृत्य हिंदू आस्था और सांस्कृतिक विरासत पर सीधा हमला है। कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता अतुल लोंढे, कांग्रेस ओबीसी विभाग के प्रदेशाध्यक्ष यशपाल भिंगे, तथा कांग्रेस पार्टी एवं धनगर समाज के विभिन्न पदाधिकारी भी सपकाल के साथ रहेंगे।

VVMC चुनाव: 50 पूर्व नगरसेवकों में से 30 जीते, 20 को मिली हार

वसई-विरार मनपा के नए सदन में इस बार दिखेंगे कई नए चेहरे

■ **NBT न्यूज, वसई**



वसई-विरार मनपा चुनाव में अलग-अलग राजनीतिक पार्टियों ने अपने उम्मीदवार खड़े किए थे। इनमें 50 उम्मीदवार पूर्व नगरसेवक थे। चुनाव नतीजों के बाद 30 पूर्व नगरसेवकों ने जीत हासिल की है और 20 नगरसेवकों को हार का मुंह देखना पड़ा है। इनमें बविआ के पूर्व महापौर रूपेश जाधव भी शामिल हैं।

वसई-विरार मनपा का तीसरा पांच साल का चुनाव हाल ही में हुआ। इस चुनाव में अलग-अलग राजनीतिक पार्टियों और निर्दलीय के कुल 547 उम्मीदवार मैदान में थे। इनमें 2015 में चुने गए 50 पूर्व नगरसेवक मैदान में थे। बहुजन विकास आघाडी ने सबसे ज्यादा 37 पुराने नगरसेवकों को टिकट दिया था। इनमें से 30 पूर्व नगरसेवकों को जीत मिली, तो 20 को हार का सामना करना पड़ा।

BVA के 11 पूर्व नगरसेवक हारे

इस चुनाव में बविआ के 11 पूर्व नगरसेवक हार गए हैं। इनमें पंकज ठाकुर, हार्दिक राउत, मिलिंद घरत, भरत मकवाना, सुरेश कुलकुरे, रूपेश जाधव, उमा सुदेश पाटिल, रीता सरवैया, किशोर पाटिल, वैभव पाटिल, माया तालेकर, सरिता दुबे आदि शामिल हैं। इसी तरह दूसरी पार्टियों से चुनाव लड़ने वाले 7 पूर्व हार गए हैं। इनमें सुदेश चौधरी, सुषमा दिवेकर, माया चौधरी, पुतुल झा, महेश पाटिल, शिल्पा सिंह, स्वप्निल बांदेकर धनंजय गावडे, किरण भोईर आदि शामिल हैं।

मीरा-भाईंदर में नए नगरसेवकों के स्वागत की तैयारियां शुरू

■ **अमित तिवारी, मीरा-भाईंदर:** एमबीएमसी चुनावों में नवनिर्वाचित नगरसेवकों के स्वागत की तैयारियां तेज हो गई हैं। आगामी दिनों में होने वाली पहली महासभा और महापौर, उपमहापौर सहित अन्य प्रमुख पदों के पदभार ग्रहण समारोह को देखते हुए मनपा प्रशासन हरकत में आ गया है। करीब तीन वर्षों से बंद पड़े महासभा सभागृह के साथ-साथ महापौर, उपमहापौर और अन्य पदाधिकारियों के कक्षों की सफाई, सजावट और मरम्मत का कार्य युद्धस्तर पर शुरू कर दिया गया है।

सभागृह, महापौर-उपमहापौर के कक्ष की हो रही सजावट

नगरसेवकों का पिछला कार्यकाल अगस्त 2022 में समाप्त होने के बाद मनपा में प्रशासकीय शासन लागू था। इस दौरान महासभा सभागृह और प्रमुख दालान उपयोग में नहीं थे, जिसके कारण वहां धूल, गंदगी और अव्यवस्था फैल गई थी। लंबे समय से नियमित देखभाल नहीं होने के कारण एसी, माइक, लाइटिंग सिस्टम और अन्य विद्युत उपकरण भी जर्जर अवस्था में पहुंच गए थे। अब चुनाव प्रक्रिया पूरी होने और नतीजे घोषित होने के बाद प्रशासन को इन सभी व्यवस्थाओं को दोबारा दुरुस्त करना पड़ रहा है।

मंगलवार से महासभा सभागृह में कुर्सियों की मरम्मत, एसी की सर्विसिंग, ध्वनि व्यवस्था की जांच, रंग-रोगन और गहन सफाई का काम शुरू किया गया है। इसके साथ ही महापौर और उपमहापौर कक्षों में भी सजावट, फर्नीचर की व्यवस्था, विद्युत सुधार और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

समय पर काम निपटाने के निर्देश

इस बीच, मुख्यालय के कुछ कक्षों में अस्थायी रूप से कार्यरत विभिन्न विभागों को वैकल्पिक स्थानों पर स्थानांतरित करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं, ताकि नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को उनके लिए निर्धारित कक्ष उपलब्ध कराए जा सकें। प्रशासन ने संबंधित कर्मचारियों को सभी कार्य समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए हैं। मनपा में लंबे अंतराल के बाद जनप्रतिनिधियों की वापसी को लेकर राजनीतिक हलकों में भी हलचल तेज है।

BKC जैसा बनेगा रायगड-पेण ग्रोथ सेंटर

दावोस में मुख्यमंत्री फडणवीस ने की घोषणा, तेज होगा औद्योगिक-शहरी विकास

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** स्विट्जरलैंड में आयोजित वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रायगड-पेण ग्रोथ सेंटर को बीकेसी की तर्ज पर विकसित करने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि इसके लिए आवश्यक मंजूरी ली जा रही है। ग्रोथ सेंटर नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से 15-20 किलोमीटर की दूरी पर है। मुख्यमंत्री को उम्मीद है कि इससे राज्य के औद्योगिक और शहरी विकास को नई दिशा मिलेगी।

फडणवीस ने कहा कि दावोस दौरे का मुख्य उद्देश्य भारत और विशेष रूप से महाराष्ट्र में ज्ञान, अत्याधुनिक तकनीक और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को आकर्षित करना है। राज्य में मेडटेक स्टार्टअप्स की मजबूत इकोसिस्टम विकसित करने के लिए विश्व की अग्रणी कंपनियों के साथ सहयोग समझौते किए गए हैं। दावोस में दूसरे दिन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मुख्य रूप से रणनीतिक स्वरूप के समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इनमें यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, यूनिवर्सिटी ऑफ बर्कले, टेक्निकल यूनिवर्सिटी ऑफ म्यूनिख, अर्बन फ्यूचर्स कलेक्टिव (लंदन), आईसीसीआई (इटली), आल्टो ट्यूरिंग इंस्टीट्यूट, नॉर्वेजियन जियो-टेक्निकल इंस्टीट्यूट तथा सिंगापुर की सुबाना जुरोंग के साथ तकनीकी सहयोग समझौते शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन समझौतों से केवल निवेश ही नहीं, बल्कि ज्ञान और तकनीक के माध्यम से बड़े पैमाने पर उद्योगों को आकर्षित किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि दावोस में ज्ञान, तकनीक और एफडीआई प्राप्त करने के अवसर मिलते हैं, जिसका देश और राज्य को बड़ा लाभ होता है। इस वर्ष शहरी नियोजन और परिवहन प्रबंधन के क्षेत्र में वैश्विक दिग्गजों के साथ सार्थक संवाद और समन्वय संभव हुआ है।

दावोस निवेश पर विपक्ष का हमला

दावोस में हुए निवेश करारों को लेकर विपक्ष ने राज्य सरकार पर हमला बोला है। मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष व सांसद वर्षा गायकवाड का कहना है कि जब भारतीय कंपनियों के साथ ही निवेश करार करना है, तो दावोस जाने की क्या जरूरत है? उद्धव सेना के प्रवक्ता व राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने पूछा कि जो काम मुंबई में हो सकता है, उसके लिए सरकारी पैसे खर्च करके 'फाइव-स्टार पिकनिक' मनाने की जरूरत है? जेएसडब्ल्यू, लोढ़ा डिवेलपर्स जैसी कंपनियों का मुख्यालय मुंबई में है, तो उनसे MOU के लिए दावोस जाने की क्या जरूरत है?

अब ई-बाइक से ले जाएंगे सामान

Kaushik Naik

इंडिया पोस्ट के पोस्टमैन और पोस्टविमेन अब ई-बाइक से सामान की डिलिवरी करेंगे। बुधवार को सीएसएमटी से जीपीओ पर समाजसेविका अमृता फडणवीस और चीफ पोस्ट मास्टर जनरल अमिताभ सिंह की मौजूदगी में 200 बाइक्स वहां मौजूद फील्ड टीम को सौंपी गईं।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 22-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMMAH User: kamlesh.mestry Time: 01-21-2026 23:03 Color:



मैं लेटर बॉक्स हूं। जेन-z की स्मृतियों में मेरा कोई वजूद और नहीं, लेकिन उनके मां-पिता, दादा-दादियों, परदादा-परदादियों, उनके माता-पिता, उनके और उनके माता-पिता की खुशियों, उत्सवों, गमों, उम्मीदों, तमन्नाओं, आंसुओं और न जाने कितनी भावनाओं का ज्वार मैं अपने इस लाल पेट में समेटे रहता था। युद्ध के मैदान में फौजियों की आंख का इंतजार मैं ही था। दूर-दराज कई पहाड़ी और कबीले इलाकों में जहां आज भी मोबाइल नेटवर्क नहीं पहुंचता, मैं अपने लाल रंग के साथ 1874 से ही वहां के लोगों का मैसेंजर हूं। इससे पहले मैं हरे रंग का हुआ करता था, तो लोगों ने शिकायत की कि मैं दूर से दिखता नहीं हूं। अब मैं लाल रंग का होकर भी लोगों को कहां दिखता हूं। मेरे बगल से लोग गुजर जाते हैं, मुझे नजरअंदाज करते हुए। कल की ही बात है जब सीनियर फोटो जर्नलिस्ट **कौशिक नाइक** मुझे और मेरे दूसरे भाइयों को ढूंढते हुए यहां आए और अंकुरित चना-मटर आदि बेचने वाली ताई से मेरा पता पूछा तो उन्होंने कहा कि 'दिसत नाही का? हे तर बाजूलाच होतं' यानी 'दिखता नहीं है क्या, ये बगल में तो रहा।'

CSMT स्टेशन मैनेजर से 11.5 लाख की साइबर ठगी

NBT रिपोर्ट, मुंबई: छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (CSMT) में तैनात सेंट्रल रेलवे के 58 वर्षीय स्टेशन मैनेजर से ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 11.5 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। जालसाजों ने फर्जी ट्रेडिंग ऐप और व्हाट्सऐप निवेश ग्रुप के जरिए उन्हें अपने जाल में फंसाया।

पीड़ित प्रवीण मोतीराम वायकर (58) को 26 नवंबर को एक व्हाट्सऐप निवेश ग्रुप में जोड़ा गया, जहां भारी मुनाफे का लालच दिया गया। इसके बाद उनसे फर्जी ऐप डाउनलोड करवाकर आधार और पैन की जानकारी ली गई और उनके नाम से ट्रेडिंग अकाउंट खोला गया।

30 नवंबर से 20 दिसंबर के बीच वायकर ने आरटीजीएस और यूपीआई के जरिए अलग-अलग खातों में 11.5 लाख रुपये ट्रांसफर किए। फर्जी ऐप पर मुनाफा दिखाया गया, लेकिन राशि निकालने पर ठगी का खुलासा हुआ। पीड़ित की शिकायत पर साइबर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रायगड में गोगावले और मुंबई में लोढ़ा करेंगे ध्वजारोहण

NBT रिपोर्ट, मुंबई: गणतंत्र दिवस पर राज्य सरकार ने जिला मुख्यालयों में झंडा वंदन करने वाले मंत्रियों की सूची जारी की है। मुंबई शहर में मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा झंडा वंदन करेंगे, जबकि रायगढ़ में शिंदे सेना के भरत गोगावले को यह जिम्मेदारी दी गई है। नाशिक में गिरीश महाजन ध्वजारोहण करेंगे। पिछली बार रायगढ़ में अदिति तटकरे को मौका मिलने पर गोगावले ने नाराजगी जताई थी। इस बार उन्हें जिम्मेदारी सौंपी गई है।

2 फरवरी तक म्हाडा नीलामी के आवेदन

NBT रिपोर्ट, मुंबई: म्हाडा के मुंबई मंडल ने 84 दुकानों की नीलामी के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अवधि बढ़ा दी है। अब इच्छुक आवेदक 2 फरवरी की रात 11.59 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। 4 फरवरी को पात्र आवेदकों की सूची और 5 फरवरी सुबह 11 बजे नीलामी के नतीजे जारी होंगे। नीलामी में मुलुंड, कुर्ला, पवई, जोगेश्वरी, गोरेगांव, मालवणी और चारकोप की दुकानें शामिल हैं।

अब स्टेशनों पर टिकट खरीदने की प्रक्रिया होगी आसान और तेज

लाइनों में नहीं रहना पड़ेगा खड़ा, लगेंगी आधुनिक 147 ATVM

Priya.Pandey@Timesofindia.com

मुंबई: पश्चिम रेलवे के स्टेशनों पर 147 नई अत्याधुनिक स्वचालित टिकट वेंडिंग (एटीवीएम) मशीनें लगाई जाने वाली हैं। इस काम का पर्चेस ऑर्डर भी आ चुका है। मिली जानकारी के अनुसार, नई मशीनें डेढ़ से 2 महीने में आ जाएंगी। इनमें से अधिकांश मशीनों को सबअर्बन सेक्शन में लगाया जाएगा। क्योंकि मुंबई में इनकी मांग अन्य जगहों से ज्यादा है। अधिकारी ने बताया कि करीब 110 मशीनों को उपनगरीय खंड में स्थापित किया जाएगा। यह सेटअप स्टेशनों के बढ़ते फुटफॉल को देखते हुए किया जाएगा। यह मशीन अत्याधुनिक होंगी, जिससे टिकट प्रक्रिया आसान और तेज हो जाएगी। परिणामस्वरूप यात्रियों को टिकट के लिए लंबी कतारों में खड़े नहीं रहना पड़ेगा।

117 ATVM की कोडल लाइफ समाप्त

पश्चिम रेलवे मुंबई मंडल के 36 सबअर्बन और 6 नॉन सबअर्बन स्टेशनों पर 344 स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीनें लगाई गई थीं, जिनमें से 126 एटीवीएम ने अपनी कोडल लाइफ पूरी कर ली है। इसलिए, इन मशीनों को बदलने की प्रक्रिया चल रही है और कुछ स्टेशनों पर नई मशीनें पहले ही चालू कर दी गई हैं। इस पृष्ठभूमि में रेलवे प्रशासन ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में टिकटिंग बुनियादी ढांचे को और मजबूत करने के लिए अतिरिक्त 147 नए एटीवीएम खरीदने का निर्णय लिया है। बता दें कि एक एटीवीएम मशीन की कोडल लाइफ 3 वर्ष की होती है।

टिकट प्रणाली फेसलेस बनाने का प्रयास

रेलवे प्रशासन टिकट प्रणाली को फेसलेस और डिजिटल बनाने का प्रयास कर रहा है। यात्रियों को टिकट काउंटर पर लाइन में लगने से बचाने के लिए प्रशासन ने स्टेशन पर एटीवीएम मशीन उपलब्ध कराई है। इन मशीनों के माध्यम से यात्री यूपीआई या अन्य डिजिटल तरीकों का इस्तेमाल करके अपना टिकट स्वयं ले सकता है। इससे समय की काफी बचत होती है और यात्रियों को अधिक सुविधा मिलती है।

हम डिजिटल टिकटिंग प्रणाली को सरल बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। इसके लिए हम पुराने एटीवीएम को बदल रहे हैं और नई मशीनें भी खरीद रहे हैं। इस आधुनिक तकनीक के उपयोग से मशीन के खराब होने की शिकायतें कम हो जाएंगी।

- अभय चौहान, सीनियर डीसीएम, मुंबई डिविजन, पश्चिम रेलवे

रेल 1 ऐप की भी है व्यवस्था

रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए रेल वन मोबाइल ऐप भी लॉन्च किया है। इस ऐप की मदद से यात्री किसी भी समय अपने स्मार्टफोन के जरिए ऑनलाइन टिकट खरीद सकते हैं।

बोरीवली में एक टिकट विंडो चालू, अन्य बंद

हर सुबह पीक समय के दौरान बोरीवली स्टेशन के पूर्व की ओर टिकट काउंटरों पर भारी भीड़ देखने मिल रही है। यह भीड़ अधिकांश टिकट विंडो बंद होने और सीमित एटीवीएम मशीन होने की वजह से देखने मिल रही है। स्टेशन के पूर्व की ओर करीब 2 टिकट काउंटर हैं और दोनों की स्थिति सामान्य है। एक यात्री ने एनबीटी को बताया कि पीक समय में ऐसी भीड़ होने की वजह से यात्रियों को काफी परेशानी होती है। साथ ही एक काउंटर पर तो लंबी दूरी और लोकल के टिकट के लिए दोनों विंडो होने के कारण ज्यादा समस्या उत्पन्न होती है। इस मामले पर पश्चिम रेलवे के संबंधित अधिकारी से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि दक्षिण-पूर्व में 4 एटीवीएम मशीनों के साथ कुल 5 काउंटर और सीएमआई कार्यालय के पास पूर्व में स्थित स्थान पर 2 एटीवीएम मशीनों के साथ 2 काउंटर संचालित हैं। दोनों स्थानों पर लंच के समय एक-एक काउंटर बंद रहते हैं। हालांकि यह तस्वीर सुबह 11:00 बजे के आसपास ली गई है।

आरोप साबित न होने पर नहीं की जा सकती कार्रवाई: HC

NBT रिपोर्ट, मुंबई: बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक बैंक कर्मचारी को राहत दी है। कर्मचारी के खिलाफ कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न पर रोक लगाने वाले कानून (POSH) के तहत गठित कमिटी ने कार्रवाई की सिफारिश की थी। सिफारिश के आधार पर बैंक के आला अधिकारियों ने कर्मचारी को फटकार लगाई। इसके साथ ही उसे खुद नौकरी छोड़ने का दंड दिया, जिसे कर्मचारी ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। कोर्ट ने सुनवाई के बाद कर्मचारी को दंडित करने वाले आदेश को रद्द कर दिया। इसके साथ ही स्पष्ट किया कि आरोप साबित न होने पर कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती।

कर्मचारी पर आरोप था कि उसने अपनी महिला सहकर्मी का वीडियो बनाया था, जो अक्सर गपशप करती और गाना गाते हुए काम में बाधा डालती थी। इस संबंध में महिला की शिकायत पर सेंट्रल कंप्लेंट कमिटी (CCC) ने मामले की जांच के बाद कहा था कि कर्मचारी का आचरण यौन उत्पीड़न की श्रेणी में नहीं आता, लेकिन यह आचरण उचित नहीं था। याचिका में कमिटी की सिफारिश पर मिले दंड को कर्मचारी ने अतार्किक बताया था। इसके लिए कर्मचारी ने POSH ऐक्ट की धारा 13(2) को आधार बनाया था।

कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के कथित मामले से कर्मचारी को राहत



जांच के लिए बनी थी विशेष कमिटी

इस धारा के तहत यदि आतंरिक शिकायत कमिटी इस निष्कर्ष पर पहुंचती है कि किसी व्यक्ति के खिलाफ आरोप सिद्ध नहीं हुए हैं, तो उसे नियोक्ता को कार्रवाई न करने की सिफारिश करनी होगी। जस्टिस भारती डांगरे और जस्टिस मंजूषा देशपांडे की बेंच ने कहा कि सेंट्रल कमिटी ने यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच के लिए विशेष कमिटी बनाई थी। इस कमिटी ने माना था कि याचिकाकर्ता का आचरण यौन उत्पीड़न की श्रेणी में नहीं आता। ऐसे में सेंट्रल कमिटी कार्रवाई की सिफारिश नहीं कर सकती थी। उसे केस को बंद कर देना चाहिए था। यह टिप्पणी करते हुए बेंच ने कहा कि कमिटी ने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर आदेश दिया है। कर्मचारी को दंडित करने का आदेश गलत था। इस पर बेंच ने कर्मचारी को नौकरी छोड़ने को लेकर दी गई सजा को रद्द कर दिया।

जेल में इंग्लिश-रूसी डिक्शनरी के इस्तेमाल की दी अनुमति

NBT रिपोर्ट, मुंबई: टोरेस पोंजी स्कीम केस में आरोपी यूक्रेन की महिला को मुंबई सेशन कोर्ट ने जेल में इंग्लिश-रूसी डिक्शनरी का इस्तेमाल करने की इजाजत दी है। कोर्ट ने कहा कि विदेशी महिला को उस पर लगे आरोपों को जानने का अधिकार है।

> टोरेस केस में यूक्रेन की महिला की मांग कोर्ट ने की मंजूर

महिला को इस मामले में जनवरी 2025 में अरेस्ट किया गया था। फिलहाल उसे मुंबई के भायखला जेल में रखा गया है। महिला ने कोर्ट में डिक्शनरी का इस्तेमाल करने की इजाजत देने की मांग को लेकर आवेदन किया था। ताकि वह अंग्रेजी शब्दों को रूसी भाषा में समझ सके और कानूनी प्रक्रिया के साथ आरोपों को समझ सके।

अभियोजन पक्ष ने महिला के आवेदन का विरोध किया। सरकारी वकील ने कहा कि डिक्शनरी उपलब्ध कराने से महिला जांच में बाधा पैदा कर सकती है। वह अन्य आरोपियों की मदद कर सकती है। महिला कई सालों से भारत में रह रही है। वह हिंदी और अंग्रेजी समझती है, मगर अभियोजन पक्ष से असहमत कोर्ट ने महिला को डिक्शनरी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

मुंबई की हवा एक बार फिर असंतोषजनक स्तर तक पहुंची

NBT रिपोर्ट, मुंबई: महानगर में वायु गुणवत्ता एक बार फिर असंतोषजनक स्तर पर पहुंच गई है। बुधवार को मुंबई का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) 125 दर्ज किया गया। इससे पहले तीन दिनों तक मुंबई का AQI 100 से नीचे बना हुआ था।

रविवार से मंगलवार तक मुंबई की वायु गुणवत्ता में सुधार दर्ज किया गया था। वायु प्रदूषण की मॉनिटरिंग करने वाली सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के एप 'समीर' की रैंकिंग के अनुसार रविवार को मुंबई का औसत AQI 83, सोमवार को 85 और मंगलवार को 94 दर्ज किया गया था। हालांकि बुधवार को इसमें फिर बढ़ोतरी हुई और यह असंतोषजनक स्तर पर पहुंच गया।

बुधवार को बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (BKC) में 157 AQI दर्ज किया गया, जबकि विले पार्ले में 151, घाटकोपर में 124, भायखला और कुर्ला में 123, मुलुंड पश्चिम में 116, कांदिवली में 113 और कुलाबा में 110 AQI दर्ज किया गया। केवल पवई की वायु गुणवत्ता 73 AQI रही, जिसे 'ठीक' श्रेणी में माना जाता है।

एक फ्लैट, दो खरीदार, बड़ी ठगी, फ्लैट डील में इंजिनियर से धोखा

NBT रिपोर्ट, मुंबई: मुंबई के पवई पुलिस स्टेशन में 36 वर्षीय एक आईटी इंजीनियर ने तीन लोगों के खिलाफ फ्लैट बेचने के नाम पर 56 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। शिकायत के अनुसार, फरवरी में पीड़ित अपने परिवार के साथ एक हाउसिंग वेबसाइट पर घर की तलाश कर रहा था। इसी दौरान मरोल मिलिट्री रोड स्थित एक फ्लैट का विज्ञापन दिखाई दिया। संपर्क करने पर राज सिंह उर्फ दर्शन सिंह नामक व्यक्ति से बातचीत हुई, जिसने फ्लैट के फोटो और वीडियो भेजे।

13 फरवरी को पीड़ित ने फ्लैट का निरीक्षण किया, जहां कथित मालिक बालकृष्ण वेणुगोपाल, उनकी पत्नी भानुमति और बेटा विवेक मौजूद थे। बातचीत के बाद फ्लैट की कीमत 1 करोड़ 30 लाख रुपये तय हुई। आरोपियों ने पैसों की तत्काल जरूरत बताकर सात दिन में अधिकतम राशि देने को कहा।

पीड़ित ने 20 फरवरी तक 25 लाख रुपये नकद और 5 लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर किए। इस संबंध में एक एमओयू (MOU) भी तैयार किया गया। इसके बाद जब रजिस्ट्रेशन और दस्तावेजों की मांग की गई तो आरोपी टालमटोल करने लगे।

बाद में आरोपियों ने सौदा रद्द करने की बात कही। जांच में यह भी सामने आया है कि इसी फ्लैट को लेकर एक अन्य व्यक्ति से भी एडवांस लिया गया था। पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

लंबी दूरी की ट्रेनों में चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार



पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूला

NBT रिपोर्ट, मुंबई : मुंबई रेलवे पुलिस आयुक्तालय द्वारा गठित स्पेशल टास्क फोर्स (STF) और अपराध शाखा ने मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों में यात्रा कर रहे यात्रियों के बैग और पर्स चोरी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस गिरोह में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। जीआरपी के अनुसार, आरोपी के पास से कुल 21 लाख रुपये से अधिक कीमत का चोरी का माल बरामद हुआ है। इनमें सोने-चांदी के आभूषण शामिल हैं।

शिकायतकर्ता प्रयागराज से पटना एक्सप्रेस में बैठकर मुंबई आ रहा था। यात्रा के दौरान सीट के नीचे रखी ट्रॉली बैग से नकदी, सोने की चेन, चांदी के आभूषण और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिए गए। शिकायत मिलने पर जीआरपी ने लंबी दूरी की ट्रेनों में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लिया और रेलवे पुलिस आयुक्त एम कलासागर के निर्देश पर STF का गठन किया गया। जांच में सामने आया कि आरोपी सीएसएमटी रेलवे स्टेशन परिसर में आने वाला है। इसके बाद जाल बिछाकर कानपुर देहात निवासी विनय सोनी (38) को गिरफ्तार किया गया।

आरोपी ने रात के समय सो रहे यात्रियों को निशाना बनाकर चोरी की बात कबूली है। उसकी निशानदेही पर उत्तर प्रदेश के कानपुर से अलग-अलग मामलों से संबंधित चोरी का माल बरामद किया गया। गिरोह के अन्य लोगों की तलाश जारी है। सीपी एम कलासागर ने रेल यात्रियों से अपील की है कि यात्रा के दौरान विशेषकर रात में अपने कीमती सामान और आभूषणों की सुरक्षा करें। किसी भी आपराधिक घटना होने पर जीआरपी की मदद लें और शिकायत दर्ज कराएं।

IIT के रिसर्च से खुला सूक्ष्म जीवों की चाल का रहस्य



NBT रिपोर्ट, मुंबई : बिन दिमाग, बिना नसों और बिना आंखों के भी जीवाणु और शैवाल रास्ता कैसे ढूंढ लेते हैं? वे कभी सीधी दिशा में तेजी से आगे बढ़ते हैं और फिर अचानक घूमकर नई दिशा पकड़ लेते हैं। जीवन की इस रहस्यमयी चाल को अब भारतीय वैज्ञानिकों ने रोबोट की मदद से समझने में बड़ी कामयाबी हासिल की है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बॉम्बे और आईआईटी मंडी के रिसर्चरों ने ऐसे टेबल-टॉप रोबोट तैयार किए हैं, जो सूक्ष्म जीवों जैसी 'रन-ऐंड-टम्बल' गति खुद दिखाते हैं।

> बिना दिमाग, नस और आंखों के भी कैसे रास्ता बदलते हैं जीवाणु, रोबोट से मिला जवाब

रिसर्च के मुताबिक, रन-ऐंड-टम्बल गति सूक्ष्म जीवों की पहचान है। इसमें जीव कुछ समय तक सीधी रेखा में तैरता है, जिसे 'रन' कहा जाता है। इसके बाद वह अचानक रुककर या घूमकर दिशा बदल लेता है, जिसे 'टम्बल' कहते हैं। इसी प्रक्रिया से बैक्टीरिया और क्लैमाइडोमोनास जैसे शैवाल भोजन, रोशनी और अनुकूल वातावरण तक पहुंचते हैं। इसे समझने के लिए आईआईटी बॉम्बे के प्रोफेसर नितिन कुमार और आईआईटी मंडी के प्रोफेसर हर्ष सोनी के नेतृत्व में रिसर्चर्स ने दो छोटे, खुद चलने वाले रोबोट बनाए। इन्हें एक कठोर डंडी से जोड़ा गया, जो असली जीवों में मौजूद एक सूक्ष्म रेशे की नकल करती है। यही रेशा वास्तविक जीवों में उनके तैरने की दिशा और गति को नियंत्रित करता है।

रिसर्चर्स ने रोबोटों को पानी के बजाय खुरदरी सतह पर चलाया। इसका उद्देश्य सूक्ष्म जीवों की दुनिया जैसी स्थिति बनाना था। इस तरह रोबोट भी उन्हीं भौतिक नियमों पर चलने लगे, जिन पर पानी में सूक्ष्म जीव चलते हैं। रोबोटों का व्यवहार वैज्ञानिकों के लिए भी चौंकाने वाला रहा। वे लंबे समय तक सीधी दिशा में चलते रहे और फिर अचानक घूमकर उलटी या नई दिशा पकड़ ली। प्रो. कुमार के अनुसार, "जब दोनों रोबोट एक ही दिशा में बल लगाते हैं, तो वे सीधा चलते हैं। लेकिन जैसे ही बल में असंतुलन पैदा होता है, डंडी के कारण पूरा सिस्टम घूम जाता है और टम्बल हो जाता है।" इस रिसर्च का अहम निष्कर्ष यह है कि रन-ऐंड-टम्बल जैसी जटिल गति के लिए पानी का बहाव या हाइड्रोडायनैमिक प्रभाव जरूरी नहीं है। रिसर्चर का मानना है कि यह खोज जीवन की मूलभूत क्षमता, चलने और दिशा बदलने को समझने में मदद करेगी। साथ ही, भविष्य में ऐसे माइक्रो-रोबोट विकसित किए जा सकते हैं, जो मानव शरीर के भीतर दवा पहुंचाने, बीमार कोशिकाओं की पहचान या सूक्ष्म सर्जरी जैसे काम कर सकें।

850 गुना रिटर्न का झांसा देकर ठगा

NBT रिपोर्ट, मुंबई: शेयर बाजार में 850 गुना रिटर्न का लालच देकर 79 वर्षीय सेवानिवृत्त बुजुर्ग से 5.5 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित बॉम्बे डाइंग मिल से डिप्टी मैनेजर पद से सेवानिवृत्त हैं। 15 दिसंबर को एक वॉट्सऐप ग्रुप पर तान्या अरोड़ा की प्रोफाइल ने निवेश पर भारी मुनाफे का दावा किया। आरोपी ने सात किस्तों में रकम निवेश करवाई और बाद में अतिरिक्त टैक्स मांगने लगी। शक होने पर पीड़ित ने दादर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस जांच कर रही है।

> 79 वर्षीय बुजुर्ग से 5.5 लाख की ठगी

रिसोर्ट बुकिंग के नाम पर ठगी

NBT रिपोर्ट, मुंबई: साकीनाका इलाके में रहने वाले 29 वर्षीय बैंक कर्मचारी से रिसोर्ट बुकिंग के नाम पर 51,240 रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने अज्ञात व्हाट्सऐप मोबाइल धारक और बैंक खाता धारक के खिलाफ साकीनाका पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित के अनुसार, 15 जनवरी को वह मोबाइल पर रिसोर्ट की जानकारी तलाश रहा था। इसी दौरान गूगल पर सहारा एम्बी वैली का विज्ञापन दिखा। दिए गए लिंक पर संपर्क करने पर आरोपी ने खुद को रिसोर्ट कर्मचारी बताते हुए दो दिन के ठहराव के लिए 25 हजार रुपये मांगे और ब्रोशर भेजकर भरोसा दिलाया। पीड़ित ने स्कैनर के जरिए राशि ट्रांसफर की, जिसके बाद आरोपी ने रसीद भेजी। कुछ देर बाद आरोपी ने कमरा उपलब्ध न होने का हवाला देकर दोबारा भुगतान करवाया। 16 जनवरी को जब पीड़ित रिसोर्ट पहुंचा तो वहां कोई बुकिंग नहीं मिली। तब ठगी का खुलासा हुआ।

नई पहल 'मत्स्य' रोबोट से जलस्रोत पुनरुद्धार को मिली तकनीकी रफ्तार, माऊली तालाब में रोबोट से की गई सफाई

मुंबई यूनिवर्सिटी की पहल से रोबोटिक सफाई का सफल प्रयोग

जोखिम भरे कार्यों में मानव श्रम पर निर्भरता हो जाएगी कम | **KDMC ने आधिकारिक रेट कार्ड जारी करने के दिए संकेत**



NBT रिपोर्ट, मुंबई : पर्यावरण संरक्षण और स्मार्ट तकनीक की अहम मिसाल पेश करते हुए मुंबई यूनिवर्सिटी ने कल्याण-डोंबिवली के निलजे-माऊली तालाब में रोबोटिक सफाई का सफल प्रयोग किया है। इस पहल से शहरी जलस्रोतों के पुनरुद्धार को नई दिशा मिलने की उम्मीद जगी है।

यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड एप्लाइड साइंसेस कल्याण स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन रोबोटिक्स के नेतृत्व में यह प्रयोग कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका (KDMC) और स्टार्टअप जाम्बू टेक के सहयोग से किया गया। इस दौरान जाम्बू टेक द्वारा विकसित 'मत्स्य' नामक हेवी-ड्यूटी स्लज क्लीनिंग रोबोट के काम को लाइव दिखाया गया। जानकारों के अनुसार, रोबोटिक सफाई से जोखिम भरे कार्यों में मानव श्रम पर निर्भरता कम होगी, सुरक्षा बढ़ेगी और समय व लागत दोनों की बचत होगी। साथ ही, जल गुणवत्ता में सुधार और दीर्घकालीन जलस्रोत प्रबंधन को भी बल मिलेगा।

गाद व कचरे की बेहतर सफाई: 'मत्स्य' रोबोट तालाब की तलहटी में जमी गाद और सतह पर तैरते कचरे को पर्यावरण को न्यूनतम नुकसान पहुंचाते हुए निकालने में सक्षम है। फ्लोटिंग तकनीक पर आधारित यह रोबोट झीलों, नदियों, नहरों और बड़े जलाशयों में भी प्रभावी ढंग से काम कर सकता है। प्रयोग के दौरान केडीएमसी के इंजीनियर, यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधि और रोबोटिक ऑपरेटर टीम मौजूद रही। रोबोट की कार्यक्षमता से संतुष्ट होकर केडीएमसी प्रशासन ने तलहट सफाई और बिड-लेवल स्टैकिंग के लिए आधिकारिक रेट कार्ड जारी करने के संकेत दिए हैं।

अन्य जगहों पर भी हो सकता है रोबोट का इस्तेमाल: यह पहल मुंबई यूनिवर्सिटी के कुलगुरु डॉ. रविंद्र कुलकर्णी, जाम्बू टेक के सह-संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक अभिमन्यु राजा और केडीएमसी आयुक्त अभिनव गोयल के नेतृत्व में साकार हुई। इसे शिक्षा, उद्योग व स्थानीय प्रशासन के बीच प्रभावी सहयोग का उदाहरण माना जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि निलजे-माऊली तालाब में किया गया यह प्रयोग आने वाले समय में मुंबई महानगर क्षेत्र सहित अन्य शहरों में भी अपनाया जा सकता है।

मार्च से BKC से वेस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे तक पहुंचना होगा आसान

यूनिवर्सिटी से हाइवे तक बन रहा ब्रिज 85% तैयार

NBT रिपोर्ट, मुंबई

बीकेसी से वेस्टर्न एक्सप्रेस की ओर जाने वाले यात्रियों की राह मार्च से आसान होने वाली है। कालीना स्थित मुंबई यूनिवर्सिटी के करीब से वेस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे तक बन रहा 1.4 किमी लंबा ब्रिज 85% तक बन कर तैयार हो चुका है। मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) के अनुसार, सांताक्रूज-चेंबूर लिंक रोड (एससीएलआर एक्सटेंशन) के करीब बन रहे कनेक्टर का बचा हुआ काम मार्च तक पूरा कर लिया जाएगा। कनेक्टर के खुल जाने से बीकेसी से वेस्टर्न एक्सप्रेस की तरफ जाने वाले यात्रियों का करीब 35 मिनट का समय बचेगा। 207 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रहे ब्रिज का काम अंतिम चरण में चल रहा है। कनेक्टर के तैयार होने से वाकोला जंक्शन के करीब एससीएलआर एक्सटेंशन के नीचे गाड़ियों की लगने वाली लंबी कतार खत्म होने की उम्मीद है।

एससीएलआर एक्सटेंशन का निर्माण कुर्ला के कापड़िया नगर से वेस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे तक किया गया है। एक्सटेंशन के बन जाने से ईस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे या कुर्ला की तरफ से आने वाली गाड़ियां एससीएलआर के जरिए सिग्नल-फ्री मार्ग मिल गया है। वहीं, बीकेसी की तरफ से हाइवे की ओर जाने वाली गाड़ियां एससीएलआर के नीचे की सड़क के माध्यम से वेस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे तक पहुंचती हैं। बीकेसी में रोजाना हजारों गाड़ियों की आवाजाही होती है। इस वजह से पीक ऑवर के दौरान बीकेसी से हाइवे तक जाने वाली सड़क पर गाड़ियों की लंबी कतार नजर आती है। 4 लेन वाले कनेक्टर के तैयार होने से बीकेसी से हाइवे तक जाने वाली गाड़ियों को कनेक्टर के रूप में नया विकल्प मिल जाएगा। गाड़ियां 1.400 किमी लंबे कनेक्टर के माध्यम से सीधे हाइवे तक पहुंच जाएंगी।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 22-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMSHIK User: divyesh.damania Time: 01-21-2026 23:16 Color:

EDUCATION FORUM

www.treehouseschool.com

TREE HOUSE HIGH SCHOOL

AI-Integrated Day School

with Sports Campus & Foundation Programs for NEET | JEE



A SMARTER CAMPUS.
A STRONGER CHILD.
A WINNING FUTURE.

AI Learning
Sports Power
Competitive Foundation Program

SPORTS IS NOT EXTRA. IT IS ESSENTIAL

ADMISSIONS OPEN
FOR ACADEMIC YEAR 2026 - 27

VIRAR (W) (CBSE) (Affiliation No.: 1130629) (Nursery to Grade XII) Call: 8291116885 8291378885

VASAI (W) (ICSE) (Affiliation No.: MA268) (Nursery to Grade X) Call: 8779366179 9372504210

TRAVEL TIMES

Summer Holidays 2026

शुद्ध शाकाहारी और जैन फूड टूर्स

युरोप With Kitchen Caravan
बेस्ट ऑफ युरोप १४ दिन | ग्रैंड युरोप १८ दिन इटली के साथ

यूएसए - २१ दिन
SFO - Lake Tahoe - Mammoth Lake - Las Vegas
LA - Niagara - Washington - Newyork - Orlando

वंडर्स ऑफ युरोप - १३ दिन
Prague - Salzburg - Zell Am See - Vienna - Budapest

ऑस्ट्रेलिया - १३ दिन
Sydney - Cairns - Gold Coast - Melbourne

डिस्कवर स्कैंडिनेविया - १३ दिन
Copenhagen - Bergen - Oslo - Stockholm - Helsinki

अधिक जानकारी के लिए कॉल करें : Guideline

These are only official contact numbers :
HEAD OFFICE: 4062 2222
97690 94408 | 98197 98849

GET NOTICED

*** भारत के सुप्रसिद्ध राजज्योतिषी ***

हनुमानजी के परमभक्त भारतभ्रमण करने के बाद भक्तों के आग्रह कारण स्वामीजी मुंबई पधारे है।

दि. 22-01-2026 से 30-01-2026 तक उपलब्ध है

यह कोई चमत्कार नहीं, वाणी सिद्धि है। पहली ही भेट मे आप संतुष्ट होंगे। क्या आप किसी समस्या मे है? स्वामी जी से मिले। सिर्फ चेहरा, फोटो या हाथ देखकर भविष्य बताते है। स्वामी जी कोई भी प्रश्नों के उत्तर देते है। भक्ति एवं पूजा के माध्यम से उत्पन्न समस्याओ में आप का पथ प्रदर्शन करते है। कई नेताओं, राजनीतिज्ञों, फिल्मी हस्तियों एवं व्यापारियों ने स्वामीजी के परामर्श से लाभ पाया। आप भी ऐसे सुनहरे अवसर का लाभ प्राप्त कर सकते है। कोई भी समस्या के लिए मिले। माताएँ और बहनें भी मिल सकते है। सभी बातें गुप्त रखी जाएगी। जिसकी भावना शुद्ध हो वही स्वामीजी से सम्पर्क करें।

प्रतिदिन प्रातः 9.00 से 7.00 बजे (रविवार सहित) | आने से पहले मिलने का समय तय करें

आदर्श होटल - रूम नं. २०४, मुंबादेवी मंदिर के पास, पुरुषोत्तमदास एच पुरोहित मार्ग, कालबादेवी रोड, मुंबई-४०००२.

7218080443

SOCIAL EVENT

महालक्ष्मी मन्दिर भवन संस्थान
(अग्रोहा विकास ट्रस्ट)
प्लॉट नं २१, सेक्टर १४, कोपरखैरणे, नवी मुंबई - ४००७०९.

१४वें स्थापना-दिवस
वसंत पंचमी के शुभ अवसर पर दि. २३ जनवरी, शुक्रवार
हवन: प्रातः ११ बजे व प्रसाद वितरण।

दि. २६ जनवरी, सोमवार सायं ६.०० बजे से
एक शाम - देश धर्म के नाम
(प्रस्तुति विश्व प्रसिद्ध बाबा सत्य नारायण मौर्य जी के द्वारा)
रात्रि ६ से ९ बजे तक तत्पश्चात महाप्रसाद वितरण।
प्रेरणा स्त्रोत : डॉ. सुभाष चंद्राजी
(मुख्य संरक्षक अग्रोहा धाम - पूर्व राज्यसभा सांसद)

-: निवेदक :-

सुरेश अग्रवाल	महावीर गुप्ता	सचिन अग्रवाल	अनिल मित्तल	प्रवीण अग्रवाल
अध्यक्ष	(पूर्व अध्यक्ष)	(मुख्य सलाहकार)	महामंत्री	कोषाध्यक्ष
8850424640			9167697522	9819228404

एवं समस्त कार्यकारिणी

TRAVEL TIMES

TIMES interact

Connecting People, Connecting Needs.

To book your ad Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) Scan QR Code

भर्ती

भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति

अन्य प्रोफेशनल्स

वास्तुकार (आर्किटेक्ट)

INSNS Spaces, Borivali - (W), require Jr. & Sr. Interior Designers for Comm. Interior Fitout Projects with minimum 3 yrs. exp Contact - admin@sarayan.in / +91 89765 85140.

अन्य रिक्तियां

एकाधिक रिक्तियां

एस एस एस इंडस्ट्रियल सर्विसेज [NAPS, MSDE, भारत सरकार के तहत TPA] अप्रेंटिस के लिए वैकेंसी *10वीं/12वीं/ITI/डिप्लोमा, *एरिया सुपरवाइजर, एरिया ऑफिसर *स्टाइपेंड: 15000/- से 25000/- *रहने की सुविधा उपलब्ध *उम्र: 18 से 35 साल. पता: रूम नंबर 02, खालसा निवास, बेलगामी रोड, कुर्ला वेस्ट, मुंबई -70. 9270589147 / 7021335945

सेवानिवृत्त व्यक्ति

!!OPPORTUNITY!! to Restart Career in Govt. regd. Co. for VRS,Retirees,Pensioners,Sr.'s, H'wives (35+) .Get Attarctive Package + Benefits.:96304 09221

GOVT.-REGD.-CO. hiring Talented+Smart, Retired, VRS, NRI,H'wives.(Age 55+)working flexi hrs. Attractive Package+ Rewards. Datta : 98677 69036

तकनीकी

इंजीनियर्स

REQUIRED Civil Engineers with Exp of Minimum 10 years (Civil & Interior work) Location: Mumbai. Email: info@sethinfra.com

रिक्त पद

घर के काम के लिए कामवाली बाई चाहिए और ऑफिस बॉय चाहिए। आनंद नगर, जोगेश्वरी वेस्ट के लिए। संपर्क करें: 9820098464

टेंडर और नोटिस

सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

NOTICE

Smt. Vidushi Gupta, Member of the Belscot Tower Co-op. Hsg. Soc. Ltd, having address at Flat No. 601-602, BELSCOT TOWER CHS LTD. Plot No. 15/7, Lokhandwala Complex, Andheri (W.), Mumbai -400053 and holding Flat No. 601-602, on 6th floor, in the building of the Society, have lost her Share Certificate No. 0031 and 0032 bearing distinctive Nos. 0151 to 0160 issued to her in respect of his Flat No. 601-602, BELSCOT TOWER CHS LTD. Plot No. 15/7, Lokhandwala Complex, Andheri (W.), Mumbai-400053 and he has applied for issue of duplicate Share Certificate.

The society hereby invites claims or objections from the claimant or claimants* objector or objectors to his application for issue of duplicate Share Certificate within a period of 14 days from the publication of this notice, with copies of such documents and other proofs in support of his / her/their claims/objections for issue of duplicate Share Certificate by the Society. If no claims*objections are received within the period prescribed above, the society shall be free to deal with the shares in such manner as is provided under the bye-laws of the society. The claims/ objections, if any, received by the society, the society shall be dealt with in the manner provided under the bye-laws of the society.

For and on behalf of Belscot Tower Co-op. Housing Society Ltd.
Hon. Secretary
Place: Mumbai
Date: 20-1-2026

निविदाएं (टेंडर्स)

LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

निविदा सूचना

सभी सेवाएं और ट्रांजैक्शन कॉल के लिए 1600–सीरीज को अनिवार्य रूप से अपनाने के TRAI के निर्देश को लागू करने हेतु ई–बिड आमंत्रित किए जाते हैं। निविदा 03.02.2026 को सुबह 11.00 बजे तक निम्नलिखित वेबसाईट पर ऑनलाईन भेजी जा सकती है: https://www.tenderwizard.com/LIC आवेदन पत्र www.licindia.in/tender से भी डाउनलोड किया जा सकता है।
पूछताछ के लिए, कृपया 022-66598412/66598411 पर संपर्क करें
प्रमुख (का.से.)

REDEVELOPMENT TENDER NOTICE OF MHADA LAYOUT

SEALED TENDERS ARE INVITED FROM REPUTED, EXPERIENCED, AND FINANCIALLY SOUND DEVELOPERS/BUILDERS AND CORPORATES WITH A MINIMUM OF FIVE YEARS EXPERIENCE IN REALTY SPACE FOR REDEVELOPMENT OF:

DINDOSHI ONKAR CHS LTD.
BUILDING NO-17, SHIVDHAM SANKUL, GEN. A. K. VAIDYA MARG, OPP. OBEROI MALL, DINDOSHI, MALAD (EAST).

PLOT AREA: 1682.82 SQ.MT
No. Of Residentials = 108
No. Of Commercials = 20

TENDER DOCUMENTS ARE AVAILABLE AT:
M/s. SUPREME ENGICONS (INDIA) PVT. LTD.
808, Sri Krishna Tower, New Link Road, Opp. Laxmi Industrial Estate, Andheri (W), Mumbai – 400053.
TEL: 022-26774100 / 200 / MO.: 8850913007

COST OF TENDER FORM RS. 25000 + GST @ 18 % (NON-REFUNDABLE) IN THE NAME OF SUPREME ENGICONS INDIA PVT LTD.
BY PAY ORDER/ D.D ONLY.
ISSUE OF TENDER: 22/01/2026 TO 05/02/2026.
LAST DATE FOR SUBMISSION OF SEALED OFFER: 20/02/2026 (UPTO 5.30 PM) AT SOCIETY OFFICE.

प्रॉपर्टी

बिक्री के लिए प्लॉट्स

FOR SALE: 2 adj. road-touch plots, 3,25Guntha, 3540 sq.ft. Near Coastal Hwy, Ratnagiri-Pawas Rd. 3 min Bhatye Beach, 8 min Jai Stambha.@750/Sqft-Owner 9757264426

प्रॉपर्टी ऐन्सलेरीज

वाणिज्यिक परिसर (अचल संपत्ति)

THANE (W) MANAS Residency, Nr. Tinhat Petrol Pump, 2511' Carpet Office. Rent RS.150/-, Sell 40K per Carpet Sq.Ft. Prime Spot. M 9137869496

BORIVALI (W) NEW MHB COLONY, New Building, 2500 Sq.Ft (2 Office). Rent 200/- | Sell 30K per Sq.Ft. Ideal for Bank / Gym / Office. M: 9137869496

ANDHERI (E) Sakinaka Powai, Boomerang, 11,085' BUA (3 Offices), fully furnished. Rent 100/-Sell 18K per BUA sq. ft.prime location M 91378 69496

बिज़नेस

BUSINESS OFFERS

खुशखबरी टूरिस्ट कार लेकर हमारा आत्मविश्वास 1.5 लाख से 2 लाख का पैकेज पाए। अथवा बिज़नेसवा भाग धन के हमारा 3% से 5% मासिक कमाए। हम आपका व्यवसाय स्थापित कर देंगे। संपर्क - 7719031129/ 9920925129

THE TIMES OF INDIA

Readers are recommended to make appropriate enquiries and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

TIMES interact SPECIAL

TRUST CAPITAL
LOAN STARTS FROM 1CRORE & ABOVE AT LUCRATIVE RATE OF INTEREST
SECURED LOAN
UNSECURED LOAN (ALL SECTORS)
PROJECT FUNDING | CHEQUE BASIS LOAN
LOAN RESTRUCTURE (Cibil not required)
DSA Agencies & Finance Consultant Welcome
98949 35391 / 82705 01932
trustcapital02@gmail.com
www.trustcapitalfinanceindia.com
#11, Vaigai Colony, Ashok Nagar, Ch-83

BOOK YOUR TENDER/NOTICE ADS
FOR BOOKING PLEASE CONTACT
Jitesh Dominic 9867 407 521
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Ads.timesofindia.com
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE
SCAN TO BOOK

व्यक्तिगत

धन्यवाद ज्ञापन

MAY the Sacred Heart of Jesus be Praised, Adored, Glorified and Loved today and everyday throughout the world now and forever. Amen! Ask St.Clare for three favours two impossible and say nine Hail Mary's and the above prayer for 9 days with a lighted candle and publish it on 9th day. Your request will be granted no matter how impossible.

नाम परिवर्तन

I, Sunita spouse of No 10810921, Ex Hav Hanumant Sitaram Darekar of Flat No. 301, Bdg No. 8, Sanghavi Golden City, Vill/ PO- Atgaon, Teh-Shahapur, Dist- Thane(MH), PIN- 421601 have changed my name from Sunita to Sunita Hanumant Darekar and date of birth from 15 Sep 1970 to 05 May 1967 vide affidavit Sr No. 479 dated 09 Jan 2026.

I, Saraswati Dilip Powar, Vill- Ghunaki, Teh- Hatkanangle, Dist- Kolhapur State- Maharashtra- 416112, Mother of No. 15717965X, Rank- LNK, Name- Powar Sagar Dilip, I have changed my name from Saraswati to Saraswati Dilip Powar. & My date of birth from 16/12/1965 to 01/01/1964. Vide Affidavit before the Notary Hatkanangle (MH) on 19 Jan 2026.

I, Dilip Narayan Powar, Vill- Ghunaki, Teh- Hatkanangle, Dist- Kolhapur, State- Maharashtra- 416112, Father of No. 15717965X, Rank- LNK, Name- Powar Sagar Dilip, I have changed my name from Powar Dilip Narayana to Dilip Narayana Powar. Vide Affidavit before the Notary Hatkanangle (MH) on 19 Jan 2026.

I,GAVATE Kailas Dada r/o Talwade, Pimpal Goan, Nipani, Nashik, M.H-422102 have changed my Mother name from Yashoda to Yashoda Dada Gavate vide aff. dt. 19-01-2026 No 59AB866381 at Nashik

I,USHA Wife of Parashu Ram Yadav r/o Shahinoor Colony, Nilmatha, Lucknow, U.P-226002 have changed my name from Usha to Usha Devi vide aff. dt. 16/07/2025 No 40AB326070 at Nashik

I, Lila Wati Mother of Jitendra Kumar r/o Chandatikar, Lalganj, Rae Bareli, U.P-229203 have changed my name from Lila Wati to Leela Wati vide aff.dt. 19-01-2026 No 59AB866384 at Nashik

I,GAVATE Kailas Dada r/o Talwade, Pimpal Goan, Nipani, Nashik, M.H-422102 have changed my Father name from Dada to Dada Kondaji Gavate vide aff. dt. 19-01-2026 No 59AB866380 at Nashik

I,KALE Ganesh Machindra r/o Maleaon Haweli, Sangamner, Ahmadnagar, M.H-422605 have changed my Daughter name from Richa to Richa Ganesh Kale vide aff. dt. 19-01-2026 No 59AB866383 at Nashik

TO ADVERTISE IN THIS SECTION CALL JITESH DOMINIC: 9867407521

BOOK YOUR PERSONAL ADS
FOR BOOKING PLEASE CONTACT
Jitendra Boricha 9820 137 295 | Jitesh Dominic 9867407521
Asif Faridi 9594 343 468
To Book Online Log on To
Ads.timesofindia.com
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE
SCAN TO BOOK

NBT स्मृति यादों के चिराग

|| भावभीनी श्रद्धांजलि ||

परोपकार के प्रेरणाश्रोत
स्व. श्री राज के. पुरोहित
(पूर्व कैबिनेट मंत्री - महाराष्ट्र सरकार)
31 अगस्त 1955 - 18 जनवरी 2026

ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को सद्गति एवं उनके परिवार को इस आघात को सहन करने की शक्ति व धैर्य प्रदान करें।

|| श्रद्धानवत ||
शंकर केजरीवाल, कैलाश अग्रवाल, बिनोद अग्रवाल, बृजेन्द्र कागजी
प्रमोद गोयल, लक्ष्मीनारायण बियाणी, बजरंगलाल तापड़िया, रविशंकर मोदी
राजेन्द्र झुनझुनवाला, सत्यप्रकाश जोशी, नवलकिशोर सोनी, रामकिशोर दरक
प्रकाशचंद्र अग्रवाल, वीरेन्द्र अग्रवाल, कमल खेतान, आनंद शोरेवाला
अमरीशचन्द्र अग्रवाल, घनश्याम पहलाजानी, विजय लोहिया, विजय खेतान
ओम हरी हालन, नरेश बंसल, मदनलाल भूतड़ा, मनोज दुद्धानी
संजय चूड़ीवाला, सुलोचना शोरेवाला
एवं समस्त परोपकार परिवार

NBT स्मृति यादों के चिराग

तृतीय पुण्यतिथि
मरुधर में घाणेराव निवासी हाल गोरेगांव स्व: श्री जुगराजजी चुन्निलालजी कांठेर के सुपुत्र
स्व: श्री कीर्तिकुमार जुगराजजी कांठेर
(उम्र 59) का अरिहंत शरण दिनांक 22/01/2023 रविवार को हुआ था

माता पिता: स्व: कमलाबाई स्व: जुगराजजी कांठेर
धर्म पत्नी: सरोज कीर्तिजी कांठेर
पुत्र पुत्रवधु : प्रवेश - सलोनी
पुत्र : समर्थ • पौत्री : फैरिशा • पौत्र : रिशान
ऐवंम समस्त कांठेर परिवार

RAJPUTANA GROUP GOREGAON, MUMBAI

आकस्मिक निधन

भावभीनी श्रद्धांजलि

महाराष्ट्र के पूर्व कैबिनेट मंत्री
स्व. राज के पुरोहित
के वैकुंठवास पर भावभिनी श्रद्धांजलि। परमपिता परमात्मा से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवार को इस अपूर्णीय क्षति व असीम दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। हम अपनी संवेदनायें व श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

-: श्रद्धावनत :-
साहित्य कला मंच
ट्रस्टी, पदाधिकारी, कार्यकारिणी एवं सदस्य

श्रद्धांजलि

भावपूर्ण श्रद्धांजलि

महाराष्ट्र सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री, उत्तरी राजस्थानियों की बुलंद आवाज, २५ कौम के नेता और हम सब के प्रिय **श्री राज के पुरोहित जी** के निधन पर विनम्र श्रद्धांजलि। परमात्मा उनकी आत्मा को चिर शांति प्रदान करें व शोकाकुल परिवार को इस अपूर्णीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

श्रद्धावनत
प्रकाश पी कानूगो
बबीता पी कानूगो
हेमंत पी कानूगो
विपुल पी कानूगो
कीर्ति पी कानूगो
कमल पी कानूगो
प्रकाश फोटोएज लिमिटेड मुंबई, सिरयाणा, उम्मेदगांव मित्र और कार्यकर्तागण प्रकाश ग्रुप

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

शोक-संदेश

बड़े दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि, हमारी पूजनीय
श्रीमती नानुदेवी लोहिया

-: शोकाकुल :-

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: JAI SARSAR 9867505472

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 22-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMDEVI User: ccl Time: 01-21-2026 23:10 Color:

फटाफट खबरें

नाबालिग से छेड़छाड़, MBMC कर्मी सस्पेंड

■ NBT न्यूज, मीरा-भाईंदर: एमबीएमसी मुख्यालय में नाबालिग अस्थायी कर्मचारी से छेड़छाड़ के मामले में मनपा प्रशासन ने एक स्थायी कर्मचारी को घटना के 15 दिन बाद निलंबित कर दिया है। जानकारी के अनुसार, 5 जनवरी को वहां कार्यरत 17 वर्षीय संविदा कर्मचारी जब स्टोर रूम में गई, तभी आरोपी कर्मचारी ने उनसे छेड़छाड़ की। पीड़िता की शिकायत पर भाईंदर पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया। घटना को लेकर बढ़ते राजनीतिक दबाव के बाद मनपा उपायुक्त सचिन बांगर ने आरोपी कर्मचारी के निलंबन के आदेश जारी किए।

रेनोवेशन: 3 माह बंद रहेगा घाणेकर नाट्यगृह

■ NBT न्यूज, ठाणे : हीरानंदानी मिडास स्थित काशीनाथ घाणेकर नाट्यगृह रेनोवेशन के चलते अगले तीन महीने बंद रहेगा। आयुक्त सौरभ राव ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर बताया कि फरवरी के दूसरे माह से नाट्यगृह के रेनोवेशन का काम शुरू होगा। इस दौरान स्टेज, एसी सिस्टम, इलेक्ट्रिक वर्क, साउंड और लाइट सिस्टम, पर्दे, वॉटर सप्लाई, कुर्सियों को बदलना आदि काम होंगे।

ऑर्डर की शिकायत पर होटल में मारपीट

■ NBT न्यूज, पनवेल : पनवेल के विचुंबे में ऑनलाइन फूड डिलिवरी ऐप से ऑर्डर किए गए चिकन नूडल्स में चिकन के टुकड़े नहीं मिलने की शिकायत करना एक युवती को महंगा पड़ गया। शिकायत को लेकर होटल पहुंची युवती के साथ कहासुनी के बाद मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। मामले में युवती ने खांदेश्वर पुलिस में केस दर्ज करवाया है।

BJP के पास सर्वाधिक 8 प्रभाग कमिटियां रहेंगी

उद्धव गुट को मिलेंगी 6 प्रभाग समितियां

Brijesh.Tripathi@timesofindia.com

■ मुंबई : बीएमसी चुनाव परिणाम आने के बाद अब तक तय नहीं हो पाया है कि मुंबई का मेयर कौन बनेगा। लेकिन 89 सीटें जीतने वाली बीजेपी के पास 19 में से सर्वाधिक 8 प्रभाग समितियां शिंदे गुट के सहयोग से आएंगी। वहीं 65 सीटें जीतने वाली उद्धव सेना और मनसे के 6 नगरसेवकों को मिलाकर गठबंधन के पास 6 प्रभाग समितियां रहेंगी। वहीं कांग्रेस को उद्धव गुट और सपा की मदद से दो समितियां मिल सकती है। वहीं भांडुप और मुलुंड में महायुति और विपक्ष के पास समान नगरसेवक होने की वजह से लॉटरी के जरिए प्रभाग समिति अध्यक्ष पद का फैसला होगा। वर्ष 2017 में बीएमसी में चुने गए नगरसेवकों की संख्या के हिसाब से शिवसेना (अविभाजित) के पास आठ प्रभाग समितियां थीं। तब शिवसेना के पास 84 नगरसेवक थे। इस बार 65 नगरसेवक आने की वजह से दो समितियां उद्धव ठाकरे गुट के हाथ से निकल जाएंगी। वहीं 2017 में 82 सीटें जीतने वाली बीजेपी के पास 9 प्रभाग समितियां थीं। वहीं एआईएमआईएम को पहली बार मुंबई में प्रभाग समिति अध्यक्ष का पद मिलने की संभावना है।

कांग्रेस के दो प्रभागों में ज्यादा नगरसेवक है। कुर्ला वॉर्ड में एनसीपी अजित पवार गुट के दो कॉर्पोरेटर चुने गए हैं, इसलिए उनके वोट वहां निर्णायक साबित हो सकते है। वहां एनसीपी, जिसको समर्थन करेगी प्रभाग समिति का अध्यक्ष उसी पार्टी का बनेगा। भांडुप और मुलुंड वॉर्ड में बीजेपी से 9 और शिंदे गुट से 1 नगरसेवक है। जबकि उद्धव गुट से 8 और कांग्रेस और एमएनएस से एक-एक नगरसेवक है।

AI Image



BJP को इन प्रभागो मे मिल सकती है कमिटी

- C- D वॉर्ड में बीजेपी के 7 नगरसेवक
- के वेस्ट वॉर्ड में बीजेपी के 8 नगरसेवक
- पी साउथ वॉर्ड में बीजेपी के 5 नगरसेवक
- आर साउथ में बीजेपी के 10 नगरसेवक, आर नॉर्थ और आर सेंट्रल वॉर्ड में बीजेपी के 11 नगरसेवक
- के साउथ वॉर्ड में बीजेपी के 5 नगरसेवक है। यहां बीजेपी का प्रभाग समिति अध्यक्ष बनना लगभग तय है। इसी तरह एम वेस्ट वॉर्ड, एन वॉर्ड में बीजेपी के प्रभाग समिति अध्यक्ष बन सकता है।

उद्धव ठाकरे और मनसे के यहां चुने जा सकते है प्रभाग समिति अध्यक्ष

- एफ साउथ / एफ नॉर्थ वॉर्ड में 6 नगरसेवक
- जी साउथ और जी नॉर्थ वॉर्ड में 6-6 नगरसेवक
- एच ईस्ट/ एच वेस्ट वॉर्ड में 7 नगरसेवक
- के ईस्ट/ के नॉर्थ वॉर्ड में में उद्धव सेना का प्रभाग समिति अध्यक्ष बन सकता है।

असदुद्दीन की MIM को एम ईस्ट वॉर्ड की प्रभाग समिति मिल सकती है। यहां से एमआईएम के 6 नगरसेवक चुने गए है। वहीं कांग्रेस को उद्धव सेना की मदद से ए, बी और ई वॉर्ड में प्रभाग समिति मिल सकती है। साथ ही पी नॉर्थ और पी वेस्ट में भी उद्धव सेना या कांग्रेस की लॉटरी आपसी सामंजस्य से लग सकती है।

कंट्रोल में नहीं था पूरा शरीर, दिमाग में निकला अल्सर

अब सब ठीक

Suraj.Pandey@timesofindia.com

■ मुंबई : डायबिटीज के साथ जी रही 58 वर्षीय बुजुर्ग की जिंदगी तब परेशानी से भर गई, जब उनका कंट्रोल खुद के शरीर से छूट गया। उनके हाथ, पैर और चेहरे पर बेकाबू झटके शुरू हो गए। झटकों की तीव्रता इतनी ज्यादा थी कि वे बार-बार अपने ही पैर को घायल कर लेती थीं। शुरुआत में यह एक सामान्य मूवमेंट डिसऑर्डर लगा, लेकिन दिमाग में पनप रहा चावल के दाने जितना अल्सर इसकी वजह था। शहर के डॉक्टरों ने सर्जरी की और अब वे ठीक हो गई हैं।

गौरतलब है कि घाटकोपर की रहने वाली राधा वाले की परेशानी तब बढ़ गई, जब अचानक से उनका उनके शरीर पर से कंट्रोल छूट गया। शरीर के दाहिने हिस्सा में झटके आने लगे और वे बेकाबू हो रहे शरीर को रोक नहीं पा रही थीं। बेकाबू शरीर में बार-बार की चोटों से उनका पैर संक्रमित हो गया। ड्रेसिंग टिक नहीं पा रही थी, घाव भरने से पहले फिर खुल जाते थे। हालत बिगड़ती चली गई और आखिरकार उन्हें फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। वेंटिलेटर सपोर्ट देना पड़ा, लेकिन शरीर के झटके लगातार जारी थे।

डॉक्टरों के सामने एक बड़ी चुनौती थी आखिर ऐसा क्या था, जो इलाज को बेअसर बना रहा था? राधा के पति रविंद्र वाले ने बताया, हम एक खतरनाक चक्र में फंस गए थे। उसके शरीर पर उसका कोई कंट्रोल नहीं था और किसी को समझ नहीं आ रहा था कि उसके साथ हो क्या रहा है। हमें तो यह भी उम्मीद नहीं बची थी कि वह कभी ठीक हो पाएगी। जांच में मरीज में हेमिबैलिज्म कोरिया नाम की एक बेहद दुर्लभ बीमारी की पहचान हुई, जो इस समस्या की जड़ थी। इस मरीज में अल्सर उत्पन्न होने की वजह डायबिटिक स्ट्रायटोपैथी थी, जो लंबे समय तक शुगर नियंत्रित न रहने पर होने वाली एक दिमागी जटिलता है। फोर्टिस अस्पताल के स्टीरियोटैक्टिक एवं फंक्शनल न्यूरोसर्जरी एवं वरिष्ठ कंसल्टेंट, न्यूरोसर्जरी और स्पाइनल सर्जरी विभाग के डॉ. गुरनीत सिंह सोनी ने पैलिडोथैलेमिक ट्रैक्टोटॉमी करने का फैसला लिया। यह एक बेहद सटीक प्रक्रिया है, जिसमें रेडियोफ्रीक्वेंसी तकनीक से दिमाग के उस खास रास्ते को टारगेट किया जाता है, जो मूवमेंट को नियंत्रित करता है।

डॉक्टरों ने की सटीक सर्जरी, मरीज फिट

इस सर्जरी को बेहद सटीकता के साथ अंजाम दिया गया। मरीज के पति रविंद्र ने बताया, जब मैंने उसे खुद बैठते और फिर चलने की कोशिश करते देखा, तो मुझे यकीन ही नहीं हुआ। डॉक्टरों के चलते उसे फिर सामान्य जीवन जीने का अवसर मिला है।

बिजली ट्रांसमिशन को मज़बूती देगा यह महत्वपूर्ण समझौता

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: महाराष्ट्र राज्य की बिजली पारेषण कंपनी महा ट्रांसको और वीरमाता जिजाबाई टेक्नोलॉजिकल इंस्टीट्यूट (VJTI) के बीच बिजली पारेषण क्षेत्र में रिसर्च, तकनीक और नवाचार को आगे बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता (MoU) किया गया है। इस समझौते का उद्देश्य उद्योग और शैक्षणिक संस्थानों के बीच सहयोग को मजबूत करना है।

इस समझौते के तहत तकनीकी सलाह, बिजली प्रणाली से जुड़ी स्टडी, नवीकरणीय ऊर्जा को ग्रिड से जोड़ना, FACTS उपकरणों का उपयोग, डिजिटल ट्विन टेक्नोलॉजी, स्मार्ट ग्रिड और डिजिटलाइजेशन जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम किया जाएगा। महा ट्रांसको के अधिकारियों के अनुसार, इस सहयोग से पढ़ाई और जमीनी काम के बीच की दूरी कम होगी, नई तकनीकों को अपनाने में मदद मिलेगी और महाराष्ट्र में एक मजबूत, सुरक्षित और भविष्य के लिए तैयार बिजली पारेषण नेटवर्क बनाने में सहयोग मिलेगा।

मुंबई हलचल

आप हमें 99045 97231 पर जानकारी व्हॉट्सऐप भी कर सकते हैं।

चार किताबों का विमोचन: केएम अग्रवाल कॉलेज में हिंदी विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों से आए शिक्षाविदों, साहित्यकारों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर चार पुस्तकों का विमोचन किया गया। संगोष्ठी का उद्घाटन कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. विजय नारायण पंडित के मार्गदर्शन में हुआ। अध्यक्षता महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी के पूर्व अध्यक्ष प्रो. शीतला प्रसाद दुबे ने की। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के प्रो. मनोज सिंह द्वारा समकालीन हिन्दी साहित्य और सामाजिक सरोकारों पर विचार रखे गए। जिन किताबों का विमोचन किया गया, उनमें डॉ. विजय नारायण पंडित का कहानी संग्रह 'बड़े भाग मानुष तन पावा' भी शामिल है।

BMC के CBSE स्कूलों के छात्र पहली बार देंगे बोर्ड परीक्षा

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बीएमसी द्वारा संचालित केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से संबद्ध स्कूलों के 366 छात्र वर्ष 2026 में पहली बार दसवीं की बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे। छात्रों की सफलता सुनिश्चित करने के लिए बीएमसी ने विशेष तैयारी शुरू की है, जिसमें निजी सीबीएसई स्कूलों के अनुभवी शिक्षकों की भी मदद ली जा रही है।

बीएमसी ने राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए सीबीएसई, आईसीएसई और आईजीसीएसई बोर्ड से जुड़े स्कूल शुरू किए थे। वर्तमान में बीएमसी के 18 स्कूल सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध हैं। इनमें से 10 स्कूलों के 366 छात्र पहली बार सीबीएसई की दसवीं बोर्ड परीक्षा देंगे। यह परीक्षा 17 फरवरी से 11 मार्च 2026 के बीच आयोजित की जाएगी। बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए बीएमसी ने विशेष अभ्यास सत्र, मॉडल प्रश्नपत्र और विषयवार मार्गदर्शन की व्यवस्था की है। छात्रों को बेहतर दिशा देने के लिए बीएमसी ने एक नया प्रयोग करते हुए निजी सीबीएसई स्कूलों के विशेषज्ञ शिक्षकों को इस अभियान से जोड़ा है। ये शिक्षक ऑनलाइन माध्यम से उत्तर लेखन की तकनीक, समय प्रबंधन और परीक्षा पैटर्न की जानकारी दे रहे हैं।

बीएमसी कमिश्नर भूषण गगरानी और एडिशनल कमिश्नर डॉ. अविनाश ढाकणे के मार्गदर्शन में बीएमसी मराठी, हिंदी, उर्दू, अंग्रेजी, गुजराती, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ भाषाओं में शिक्षा प्रदान की जाती है। शिक्षा विभाग का उद्देश्य सभी छात्रों को समान अवसर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है।

इन विषयों पर विशेष ध्यान: तैयारी के दौरान गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, अंग्रेजी और सूचना एवं संप्रेषण तकनीक विषयों पर विशेष फोकस किया जा रहा है। शिक्षक नियमित रूप से अभ्यास परीक्षा और सैंपल पेपर हल करवा रहे हैं।

SSC की सफलता के बाद CBSE पर भरोसा: बीएमसी ने पहले एसएससी छात्रों के लिए विशेष मार्गदर्शन कार्यक्रम चलाए थे, जिससे दसवीं का परिणाम 93 प्रतिशत तक पहुंचा। अब उसी मॉडल को सीबीएसई छात्रों पर लागू किया जा रहा है, ताकि सरकारी स्कूलों के छात्र भी बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

AI Image

आईएस चहल बनाए जाएंगे चेयरमैन

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: मंत्रालय में अडिशनल चीफ सेक्रेटरी (होम) पद पर कार्यरत आईएस चहल को सरकार ने मुंबई पुलिस हाउसिंग टाउनशिप प्रोजेक्ट का चेयरमैन नियुक्त किया है। चहल 31 जनवरी 2026 को रिटायर्ड हो रहे हैं। चहल 1 फरवरी 2026 से मुंबई पुलिस हाउसिंग टाउनशिप प्रोजेक्ट के चेयरमैन का पदभार संभालेंगे।



CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 22-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTM6 User: cci Time: 01-21-2026 23:01 Color:

स्टेट अपडेट

युद्धक क्षमता का दमदार प्रदर्शन

■ भाषा, नासिक : नासिक जिले में बुधवार को देवलाली फील्ड फायरिंग रेंज स्थित स्कूल ऑफ आर्टिलरी में आयोजित 'एक्सरसाइज तोपची' के दौरान भारतीय सेना की तोपखाना रेजिमेंट ने गोलाबारी क्षमता का प्रदर्शन किया। अभ्यास के दौरान के-9 वज्र और एम777 अल्ट्रा लाइट हॉवित्जर तोप ने आग बरसाई गई। वहीं, स्वदेशी रूप से निर्मित तोपखाना प्रणालियों सहित कई अन्य तोपों से गोलाबारी की गई। इस आयोजन में तोपें, मोर्टार, रॉकेट, ड्रोन और विमानन साजोसामान सहित उन्नत मारक क्षमता और निगरानी प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित किया गया। इनमें से कई हथियारों का उपयोग ऑपरेशन सिंदूर सहित कई तरह के संघर्षों में किया गया है।

नाराज़ पत्नी ने कर दी बच्ची की हत्या

■ भाषा, लातूर : लातूर जिले में एक महिला ने देर से घर लौटे पति से झगड़े के बाद अपनी एक साल की बेटी को कथित तौर पर मार डाला। पुलिस ने बताया, महिला (30) को श्यामनगर क्षेत्र में सोमवार को घटी घटना के सिलसिले में अरेस्ट किया गया है। महिला का पति (34) दिहाड़ी मजदूर है। पति के देर से घर लौटने से नाराज महिला ने झगड़े के बाद कथित तौर पर धारदार चाकू लेकर अपनी बेटी के चेहरे, पेट, छाती, कमर, सिर और अन्य अंगों पर वार किया। बच्ची की मौके पर मौत हो गई।

फर्जी प्रमाण पत्र पर शिक्षक निलंबित

■ भाषा, नांदेड़ : नांदेड़ जिले में वैध दिव्यांगता प्रमाण-पत्र जमा किए बिना दिव्यांग कोटे का लाभ उठाने के आरोप में एक प्रधानाध्यापक समेत 7 स्कूली शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया है। प्राथमिक शिक्षा विभाग ने पिछले वर्ष सितंबर में फर्जी दिव्यांगता दस्तावेजों की पहचान के लिए एक सत्यापन अभियान शुरू किया था। जांच में 7 शिक्षकों के दिव्यांगता प्रमाण-पत्र जिला सिविल सर्जन कार्यालय द्वारा प्रबंधित निर्गमन रजिस्टर में दर्ज ही नहीं थे। दिव्यांगता का प्रतिशत 40% से कम था, जिससे वह लाभ पाने के पात्र नहीं थे।

हत्या के मामले में 10 को उम्रकैद

■ पीटीआई, अकोला : अकोला में एक कोर्ट ने बुधवार को मई 2019 में गवळी समाज के प्रदेश अध्यक्ष किसनराव हुंडीवाले की हत्या के मामले में 10 लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई। स्पेशल पब्लिक प्रॉसिक्यूटर उज्ज्वल निकम ने बताया, डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस कोर्ट ने श्रीराम गावंडे, रंजीत गावंडे, विक्रम गावंडे, सूरज गावंडे, धीरज गावंडे, विशाल तायडे, सतीश तायडे, प्रतीक टोंडे, मयूर अहीर व दिनेश राजपूत को दोषी ठहराया।

आत्महत्या मामले में पत्नी पर FIR

■ पीटीआई, बीड : बीड जिले में कथित तौर पर एक 40 साल के व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली, जिसके बाद पुलिस ने पत्नी समेत 3 लोगों पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। वह व्यक्ति अपनी पत्नी के किसी दूसरे व्यक्ति के साथ प्रेम संबंध को लेकर परेशान था। वह व्यक्ति और उसकी पत्नी घरेलू झगड़े के कारण पिछले एक साल से अलग रह रहे थे।

किशोर ने खेल रोकने पर दी जान

■ पीटीआई, बीड : बीड जिले में एक 15 साल के लड़के ने घर आत्महत्या कर ली, क्योंकि मां ने उसे दोस्त के साथ बाहर खेलने जाने से मना कर दिया था। यह घटना कैज इलाके में हुई। इजाजत न मिलने से परेशान लड़का अपने माता-पिता के बेडरूम में गया, अंदर से दरवाजा बंद कर लिया और सीलिंग फैन से लटककर आत्महत्या कर ली।

नरक बना बावला कंपाउंड रोड

वर्षों से गड्ढों और गंदगी से ढंका है रास्ता



> यह व्यावसायिक क्षेत्र है, जिसके कारण इस पर ध्यान नहीं दिया गया है। पहले आवासीय क्षेत्र की सड़कें बनाई जाएंगी।
> – रईस शेख, स्थानीय विधायक

■ विजयकुमार सिंह, भिवंडी

भिवंडी के कल्याण रोड स्थित बावला कंपाउंड रोड की हालत वर्षों से बद से भी बदतर बनी हुई है। सड़क के किनारे बना नाला पूरी तरह बंद पड़ा है। जगह-जगह बने गड्ढों में नाले का गंदा पानी भरकर सड़क पर बहता रहता है, जिससे पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है। इस मार्ग से रोजाना आने-जाने वाले लोग भारी परेशानी के बीच नारकीय हालात में जीवन यापन करने को मजबूर हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि निकट भविष्य में सड़क मरम्मत को लेकर मनपा के पास न तो कोई बजट है और न ही कोई ठोस योजना। हैरानी की बात यह है कि मनपा के शहर विभाग को इस सड़क की बदहाली की कोई स्पष्ट जानकारी तक नहीं है।

बताया जाता है कि कल्याण रोड स्थित नाडी बस्ती के सामने से बावला कंपाउंड-गणेश सोसायटी-अमजदिया रोड गुजरती है। इसी मार्ग से लोग गणेश सोसायटी होकर नाडी पाड़ा और सुभाषनगर होते हुए गैबीनगर-शांतिनगर रोड की ओर जाते हैं। नाले का गंदा पानी बहने के कारण करीब एक किलोमीटर लंबी सड़क पर कहीं भी सड़क दिखाई नहीं देती। वहीं अफसरा टॉकीज के पीछे सड़क किनारे भारी मात्रा में कचरा जमा है, जिसकी दुर्गंध से वहां से गुजरना दूभर हो गया है।

इसी रोड से गणेश सोसायटी स्थित स्वामी विवेकानंद स्कूल और उर्दू माध्यम के अमजदिया स्कूल में पढ़ने वाले बड़ी संख्या में बच्चे रोजाना आते-जाते हैं। इलाके में कारखानों के साथ आवासीय परिसर भी हैं। सड़क निर्माण को लेकर विधायक रईस शेख का कहना है कि उनकी प्राथमिकता पहले आवासीय क्षेत्रों की सड़कों की है, लेकिन स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस मार्ग से गुजरना किसी नरक यात्रा से कम नहीं। सड़क की बदहाली के कारण लोग अब इस रोड से आना-जाना छोड़ते जा रहे हैं।



> मुझे इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। डिप्टी इंजीनियर को भेजकर मैं जानकारी लूंगा। फिलहाल सड़क मरम्मत के लिए मनपा के पास अभी कोई बजट नहीं है। अब अगले वर्ष सड़क मरम्मत के बारे में ध्यान दिया जाएगा।
> – जमील पटेल, शहर अभियंता

लामज एंट्री-एग्जिट के लिए 132 करोड़ रुपये का टेंडर जारी

■ NBT न्यूज़, भिवंडी : भिवंडी तालुका से गुजरने वाले मुंबई-वडोदरा महामार्ग का उपयोग स्थानीय निवासी कर सकें इसके लिए लामज में 'एंट्री-एग्जिट' पॉइंट की मांग शुरुआत से ही सांसद सुरेश म्हात्रे उर्फ बाल्या मामा द्वारा की जा रही थी, जिसे केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय ने मंजूरी दे दी है। अब भारतीय राष्ट्रीय महामार्ग प्राधिकरण ने इस कार्य के लिए 132.28 करोड़ रुपये का टेंडर जारी कर दिया है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने फंड मंजूर किया, जिसके बाद 16 जनवरी को एनएचएआई ने टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी। इस एग्जिट पॉइंट से भिवंडी के नागरिकों का सफर और अधिक आसान और आरामदायक हो जाएगा। इस क्षेत्र के औद्योगिक विकास को गति मिलेगी।

मोबाइल छीनने के विरोध में गंवाया पैर

पीड़ित युवक का मुंबई के KEM अस्पताल में चल रहा है इलाज

■ Nbt न्यूज़, अंबरनाथ : चलती लोकल ट्रेन में मोबाइल छीनने का विरोध करना एक 30 वर्षीय युवक को भारी पड़ गया। ठाणे से बदलापुर लौट रहे युवक के साथ अंबरनाथ रेलवे स्टेशन के पास हुई इस घटना में वह चलती ट्रेन से गिर गया, जिससे उसका बायां पैर ट्रेन के नीचे आकर कट गया। घायल युवक की हालत गंभीर बनी हुई है और उसका इलाज मुंबई के केईएम अस्पताल में चल रहा है।

घायल की पहचान बदलापुर पूर्व के आनंद नगर निवासी रितेश राकेश येरुणकर के रूप में हुई है। रितेश ठाणे के एक मॉल में कपड़ों की दुकान में काम करता है। 18 जनवरी की रात ड्यूटी खत्म कर रोज की तरह ठाणे रेलवे स्टेशन से बदलापुर लोकल में सवार हुआ था। जब ट्रेन अंबरनाथ स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक से रात करीब 11:45 बजे रवाना हो रही थी, उसी दौरान एक युवक ने रितेश का मोबाइल फोन झपट लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आरोपी मोबाइल छीनकर चलती ट्रेन से कूदने की कोशिश कर रहा था। रितेश ने अपने मोबाइल को बचाने का प्रयास किया, इसी धक्का-मुक्की में वह संतुलन खो बैठा और ट्रेन से नीचे गिर गया। गिरते समय रितेश का बायां पैर रेलवे ट्रैक पर आ गया और घुटने के पास से पैर कट गया। इसके अलावा उसके सिर के पिछले हिस्से में गंभीर चोटें आई हैं। स्टेशन पर मौजूद रेलवे पुलिसकर्मियों ने तुरंत उसे उल्हासनगर सेंट्रल अस्पताल पहुंचाया। वहां से उसे गंभीर हालत में मुंबई के केईएम अस्पताल रेफर किया गया।

AI Image

पुलिस कर रही है जांच

घटना की जानकारी मिलते ही कल्याण रेलवे पुलिस (GRP) ने जांच शुरू की और स्टेशन व आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जांच के आधार पर पुलिस ने आरोपी की पहचान अंबरनाथ निवासी कैलाश बालकृष्ण जाधव के रूप में की और उसे उसके घर से अरेस्ट कर लिया। GRP ने आरोपी के खिलाफ लूट और हत्या के प्रयास सहित संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि आरोपी नाबालिग रहते हुए भी मोबाइल चोरी के एक मामले में शामिल रहा था। फिलहाल पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है।

मजाक से युवक की हालत गंभीर

■ NBT न्यूज़, भिवंडी : भिवंडी की एक ऑटोमोबाइल कंपनी में काम करने वाले मैकेनिक साकिब अंसारी (21) की हालत मजाक में प्राइवेट पार्ट में हवा भरने से गंभीर हो गई। साथी इलेक्ट्रिशियन मो. नियाज अंसारी ने कंप्रेसर से पीछे हवा भर दी, जिससे साकिब का पेट फूल गया और वह गिर पड़ा। उसे मुंबई के सायन अस्पताल में भर्ती कर ऑपरेशन किया गया। पडघा पुलिस ने कंपनी एचआर और आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

वेश्यावृत्ति गिरोह की महिला दलाल अरेस्ट

AI Image

■ NBT न्यूज़, भिवंडी : महिलाओं को वेश्यावृत्ति के दलदल में धकेलकर उनके जरिए कमाई करने वाली एक महिला दलाल को ठाणे पुलिस आयुक्तालय के अनैतिक मानव तस्करी रोकथाम कक्ष (HTC) और अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में 2 पीड़ित महिलाओं को छुड़ाया गया और 3 लोगों के खिलाफ 'पिटा' (PITA) कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार महिला की पहचान मुसरत अंसार मिर्जा (40) निवासी सांताक्रूज पूर्व के रूप में हुई है।

> 02 पीड़ित महिलाओं को पुलिस ने कराया मुक्त

पुलिस के अनुसार, 20 जनवरी को सूचना मिली थी कि भिवंडी तालुका के गोवे नाका स्थित होटल संदीप पैलेस में वेश्यावृत्ति से जुड़ी एक महिला दलाल कुछ महिलाओं की मजबूरी का फायदा उठाकर उन्हें देह व्यापार में लगा रही है। मुखबिर की सूचना पर दोपहर करीब साढ़े 3 बजे पुलिस ने होटल में छापा मारा। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मुसरत अंसार मिर्जा को हिरासत में ले लिया। इसके बाद उसके चंगुल से 36 और 33 वर्ष की 2 पीड़ित महिलाओं को मुक्त कराया गया। इन तीनों महिलाओं के खिलाफ कोनगांव पुलिस स्टेशन में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

फटाफट खबरें

ब्राउन शुगर के साथ दो आरोपी अरेस्ट

■ NBT न्यूज़, नालासोपारा : पेल्हार पुलिस ने मंगलवार की रात धानिवबाग इलाके में ब्राउन शुगर के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से करीब 3 लाख रुपये की 15 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त हुई है। पुलिस के अनुसार टिप मिली थी कि कुछ लोग धानिवबाग स्थित राज बार के सामने ड्रग्स की तस्करी करने आने वाले हैं। इसी आधार पर पुलिस ने जाल बिछाकर विशाल उदयभान यादव व अजय शिरसाठ को पकड़ा और उनके पास से ब्राउन शुगर बरामद की।

शादी का झांसा देकर रेप, आरोपी पर केस

■ NBT न्यूज़, विरार : विरार निवासी 32 वर्षीय एक महिला ने परिचित युवक पर शादी का झांसा देकर रेप करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने बताया कि जुलाई, 2024 को युवक ने उनसे शादी करने की बात कही और कल्ब बीच पर घुमाने के बहाने ले जाकर उनके साथ बलात्कार किया। ऐसे ही, आरोपी ने शादी का झांसा देकर कई बार उनके साथ रेप किया है। अर्नाला पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

रूम देने के नाम पर हुई लाखों की ठगी

■ NBT न्यूज़, वसई : अंधेरी निवासी एक व्यक्ति ने नायगांव पुलिस स्टेशन में मीरा रोड के बिल्डर के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार अंधेरी के मरोल निवासी ललन प्रसाद पाल (46) ने बताया कि 2018 में मीरा रोड निवासी आरोपी सत्नामसिंह ने नायगांव में रूम देने के बहाने उनसे 7 लाख 75 हजार रुपये लिए। लेकिन, अब तक उन्हें रूम नहीं मिला, न ही उनकी रकम वापस की गई। पुलिस जांच जारी है।

डॉक्टर पर लगा छेड़छाड़ का आरोप

■ NBT न्यूज़, नालासोपारा : नालासोपारा निवासी 23 वर्षीय युवती ने एक डॉक्टर पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। पुलिस के अनुसार पीड़िता नालासोपारा के एक अस्पताल में काम करती हैं। उनका आरोप है कि मंगलवार सुबह काम करते वक्त डॉक्टर ने उन्हें अपनी केबिन में बुलाया और उनके साथ अश्लील हरकतें कीं। पीड़िता की शिकायत पर आचोले पुलिस मामले की जांच कर रही है।

भिवंडी में लाखों की चोरी, केस हुआ दर्ज

■ NBT न्यूज़, भिवंडी : खाडीपार में देवानंद चॉल निवासी बालाजी रायकुर के घर से 2.66 लाख रुपये की ज्वेलरी और कीमती सामान चोरी हुआ। वहीं, काल्हेर के रॉयल प्लाजा अपार्टमेंट में प्रतीक्षा म्हात्रे के फ्लैट से 3.69 लाख रुपये की ज्वेलरी चुराई गई। पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की।

नालासोपारा पूर्व आचोले में गूंजा भागवत रस

नालासोपारा पूर्व में आचोले तालाब परिसर में शिवशक्ति महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा का सात दिवसीय भक्तिमय आयोजन सम्पन्न।

सोशल कनेक्ट — धर्म। कर्म। समाज

■ NBT न्यूज़, नालासोपारा: विश्व हिंदू महासंघ अंतर्गत हिंदू युवा वाहिनी एवं संकल्प प्रतिष्ठान मित्र मंडल के संयुक्त तत्वावधान में नालासोपारा पूर्व आचोले तालाब परिसर में 13 से 20 जनवरी तक शिवशक्ति अर्धनारीश्वर मानवकल्याण महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया। सात दिवसीय कथा में विश्व की द्वितीय किन्नर कथावाचक महामंडलेश्वर हेमलता शरण सखी ने श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराया।

कथा के दौरान उद्धव चरित्र, महारास लीला और रुक्मिणी विवाह का भावपूर्ण वर्णन किया गया। रुक्मिणी विवाह प्रसंग में आकर्षक झांकी प्रस्तुत कर विधिवत विवाह संस्कार संपन्न कराया गया। भजन-संगीत ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। सखी ने महारास की लीला का वर्णन करते हुए बताया कि यह प्रेम पूर्णतः वासना रहित था।

आयोजन नालासोपारा आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. ओमप्रकाश दुबे के नेतृत्व में हुआ। सोमवार को कथावाचक के सम्मान एवं यज्ञ महायज्ञ पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रयागराज से पधारे श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर संत अविराम दास जी महाराज द्वारा पट्टा-अभिषेक किया गया। कार्यक्रम का संयोजन अमित ओमप्रकाश दुबे ने किया। जिसमें आशुतोष अजय रोकडे, अभिजीत अजय रोकडे, गोरखनाथ दुबे, ऋषभ तिवारी, ऋषभ मिश्रा,दीपक माने, वशिष्ट शुक्ला, नकुल खराटे समेत कई गणमान्य लोगों ने उन्हें सहयोग किया।

बृहन्मुंबई महानगरपालिका

कार्यकारी अभियंता (उद्यान कक्ष)

सं. ईई/उद्यान कक्ष/ओडी/2644/ दि. 20-01-2026

ई-निविदा सूचना

बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) उपरोक्त कार्यों के हेतु विख्यात, बहुआयामि अभियांत्रिकी संस्था याने विख्यात फर्म/प्रोप्रायटरी / साझेदारी फर्म/ निजि मर्यादित कंपनी/ सार्वजनिक मर्यादित कंपनी / भारतीय कंपनी अधिनियम 2013 के अनुसार पंजीकृत कंपनी, बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के पास **वैयक्तिक निविदा में उल्लिखित योग्य श्रेणी में** पंजीकृत ठीकेदार या केंद्र या राज्य सरकार / गैर सरकारी फर्म/ केंद्र या राज्य सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम में समकक्ष या अधिक कार्य के अनुभव प्राप्त ठीकेदार की नियुक्ति करने के हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैं, लेकिन जो ठीकेदार बीएमसी के साथ पंजीकृत न हो, वे ठीका मिलने के बाद तीन महिनों की अवधि में उनकी फर्म के पंजीकरण के हेतु आवेदन करें, अन्यथा उनकी निविदा सुरक्षा राशि याने बयाना (बयाना राशि जमा) समपहृत/वसूल की जाएगी तथा संबंधित श्रेणी के पंजीकरण शुल्क समान राशि शास्ति स्वरूप वसूल की जाएगी। निविदा प्रक्रिया में तीन चरण शामिल हैं।

आवेदन प्राप्त **महाराष्ट्र सरकार के ई-प्रापण प्रणाली http://mahatenders.gov.in** से निविदा परीक्षण शुल्क रु.18,150/- प्रति इकाई + 18% जीएसटी (9% सीजीएसटी + 9% एसजीएसटी) के भुगतान करने से डाऊनलोड किया जा सकता है।

विभाग		उद्यान कक्ष		
अ. सं.	कार्य का नाम / निविदा आईडी	अनुमानित कीमत (जीएसटी छोड़कर) (भारतीय रुपये)	निविदा की अवधी	बयाना (भारतीय रुपये)
1	'एन' विभाग में सीटीएस सं. 183 ए (भाग), धारक भूखंड, नारायण नगर, घाटकोपर (प) पर स्थित क्रांतीवीर श्यामजी कृष्ण वर्मा उद्यान का प्रस्तावित विकास। **निविदा आईडी 2026_MCGM_1270367_1**	2,67,23,121=04	11 महिने (मानसून के साथ)	2,74,500/-

अन्य विवरण	
वेबसाइट	महाराष्ट्र सरकार की ई-प्रापण प्रणाली **http://mahatenders.gov.in**
निविदा शुल्क	रु.18,150/- + 18% जीएसटी (9% सीजीएसटी +9% एसजीएसटी)
निविदा जारी एवं बिक्री की तिथि	22.01.2026 को 11.00 से
निविदा बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय	01.02.2026 को 12.00 तक
लिफाफा ए, बी एवं सी (ऑनलाईन) तथा निविदा बयाना रसीद की प्रस्तुति	01.02.2026 को 16:00 तक
लिफाफा ए खोलना	02.02.2026 को 11.00 के बाद
लिफाफा बी खोलना	03.02.2026 को 11.00 के बाद
लिफाफा सी खोलना	10.02.2026 को 15.00 के बाद
संपर्क व्यक्ति	एस.ई. (उ.क.)/ ए.ई. (उ.क.)
अ) नाम	श्री रुपेश गव्हाने / श्री उमेश परावडे
ब) मोबाईल	+91 9821834777 / +91 9820353118
क) ईमेल पता	**bmcgardencell@gmail.com** और **ee.gc@bmc.gov.in**
निविदा-पूर्व सभा	लागू नहीं

निविदा दस्तावेज़ अहस्तांतरणीय है। ई-निविदा की प्रति **महाराष्ट्र सरकार की ई-प्रापण प्रणाली http://mahatenders.gov.in** से डाऊनलोड की जा सकती है।

निविदाकार बयाना राशि की 100% राशि का भुगतान निविदा प्रस्तुति के समय **www.mahatenders.gov.in** के पैमेंट गेटवे से करें।

बीएमसी कोई कारण बताए बिना उपरोक्त विषय संदर्भ में कोई भी आवेदन का स्वीकार या कोई या सभी प्राप्त आवेदन अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

PRO/2724/ADV/2025-26

स्वाक्षरित/-
कार्यकारी अभियंता (उद्यान कक्ष)

Avoid self medication

कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा, इच्छुक पक्षों से आयआरईपीएस ई-टेंडरिंग प्रणाली के माध्यम से "कोंकण रेलवे के मुरुडेश्वर रेलवे स्टेशन पर स्टेशन ट्रांजिट लाउंज सुविधा की स्थापना, संचालन एवं प्रबंधन" के लिए निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती है: **निविदा सूचना क्रमांक: सीओ-16/10/2025-सीओएमएम, निविदा कार्यक्रम - निविदा प्रपत्रों की बिक्री :** 22/01/2026 से 16/02/2026 तक, **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि :** 16/02/2026 को सायं 17:00 बजे तक, **निविदा खोलने की तिथि :** 16/02/2026 को सायं 17:30 बजे, अधिक जानकारी हेतु www.ireps.gov.in वेबसाइट पर जाएं।

SBI

एक एंड ओए विभाग, जीआईटीसी, सेक्टर-11, सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई - 400614

परियोजना प्रबंधन सलाहकार (पीएमसी) का चयन

एसबीआई, अपनी 25 एकड़ में स्थित एसबीआई नेरुल कॉलोनी में हाय-राइज वाणिज्यिक व आवासीय टावरों के पुनर्विकास और निर्माण से संबंधित ईपीसी परियोजना के लिए प्रतिष्ठित और अनुभवी परियोजना प्रबंधन सलाहकार (पीएमसी) से अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करता है।

अनुमानित निर्माण लागत ₹2000 करोड़ + जीएसटी है।

विस्तृत जानकारी व आरएफपी डाउनलोड करने के लिए कृपया बैंक की वेबसाइट https://sbi.bank.in (https://sbi.bank.in/web/sbi-in-the-news/ procurement-news) पर 'प्रोक्योरमेंट न्यूज' और https://www.tenderwizard.com/SBIETENDER पर देखें। ईओआई प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख- 21.02.2026 को दोपहर 2.30 बजे तक। संबंधित कोई भी परिशिष्ट/शुद्धिपत्र केवल बैंक की वेबसाइट पर ही पोस्ट किया जाएगा।

स्थान: नवी मुंबई
दिनांक: 22.01.2026

उप महाप्रबंधक
(एफ एंड ओए)

जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण
विशेष आर्थिक क्षेत्र

वि.आ.क्षे. में विनिर्माण उद्योगों के लिए अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआय) का आमंत्रण

जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण (ज.ने.प.प्रा.), जो भारत सरकार के पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के प्रशासनिक अधिकार के तहत एक बंदरगाह प्राधिकरण है, पात्र और इच्छुक उद्योगों (जो सेझ अधिनियमों और नियमों के अनुसार अधिकृत गतिविधियाँ करने के लिए सक्षम हैं) से अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआय) आमंत्रित करता है। यह आमंत्रण मुख्य रूप से **विनिर्माण उन्मुख उद्योगों (जिसमें भंडारण और आपूर्ति सुविधा के साथ ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन निर्यात हेतु भी शामिल है)** के लिए है, ताकि जेएनपीए सेझ में इकाइयाँ स्थापित की जा सकें। यह उपक्रम पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के 'सागरमाला विजन' के तहत बंदरगाह-आधारित औद्योगिकीकरण के उद्देश्य के अनुरूप है।

वर्तमान में, इस कार्य के लिए 34.16 हेक्टेयर क्षेत्र उपलब्ध है।

ऑनलाइन प्रस्ताव (ईओआय) जमा करने के लिए विस्तृत विवरण जेएनपीए सेझ के वेबपेज पर उपलब्ध है (मार्की 'डेटा फॉर सेझ इन्वेस्टर फॉर ईओआय सबमिशन' पर क्लिक करें)। ऑनलाइन आवेदन के लिए कृपया https://jnport.gov.in पर जाएं, 'Business' - 'जेएनपीए सेझ' पर क्लिक करें और फिर वेबपेज के दाएं कोने में 'ईओआय' बटन पर क्लिक करें। ईओआय जमा करने की अंतिम तिथि 28/02/2026 है।

संपर्क : ईमेल - jnpasez@jnport.gov.in

सीईओ - सेझ

कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका, कल्याण
बांधकाम विभाग

निविदा सूचना क्र.४७/२०२५-२६

आयुक्त, कल्याण डोंबिवली महानगरपालिकेच्या क्षेत्रातील १ कामांसाठी योग्य त्या वर्गातील नोंदणीकृत ठेकेदाराकडून बी-१ नमुन्यात मोहरबंद लिफाफ्यामध्ये जाहिर निविदा मागविण्यात येत आहेत.

सदर कामाचे कोरे निविदा फॉर्म, दि. २२/०१/२०२६ ते २९/०२/२०२६ रोजी दुपारी ३.०० वाजेपर्यंत कार्यालयीन वेळेत रोखीने विकत मिळतील.

परिपूर्ण भरलेल्या निविदा, सीलबंद केलेल्या पेटीमध्ये दि. २९/१/२०२६ रोजी दुपारी ३.०० वाजेपर्यंत टाकण्यात याव्यात. मुदतीत प्राप्त झालेल्या सर्व निविदा दि. ३०/१/२०२६ दुपारी ४.०० वाजता उघडण्यात येतील. सदर कामाची बयाणा रक्कम आयुक्त, कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका, कल्याण या नावाने रोख/डिमांड ड्राफ्टद्वारे भरावयाची आहे.

कोणतेही कारण न देता सर्व निविदा नाकारण्याचा अधिकार आयुक्त, कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका यांनी राखुन ठेवला आहे.

कडोमपा/जसंवि/मुका/८४५
दिनांक :- २१/०१/२०२६

स्वाक्षरी/-
शहर अभियंता
कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका,
कल्याण.

पश्चिम मध्य रेल
एकल निविदा सूचना

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पश्चिम मध्य रेल, कोटा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **(1) निविदा संख्या:** ईएल/50/293/2025-26 **कार्य का नाम:** कोटा डिवीजन - कोटा डिवीजन के प्राथमिक रूप से रखरखाव किए जाने वाले रेकों की पावर कारों में लगे 500 किलोवाट (कमिंस मेक) के डीजी सेट और उसके सहायक उपकरणों सहित कमिंस कंपनी के पावर कारों के डीए सेटों की एसकेटिंग, मार्ग संचालन, समस्या निवारण और व्यापक वार्षिक रखरखाव (''ए'', ''बी'', ''सी'' और ''डी'' चेक शेड्यूल रखरखाव) एक वर्ष की अवधि के लिए। अनुमानित लागत: ₹ 2,63,54,354.62/- बयाना राशि: ₹ 2,81,800/- **(2) निविदा संख्या:** ईएल/50/294/2025-26 **कार्य का नाम:** कोटा डिवीजन-कोटा डिवीजन के प्राथमिक रूप से रखरखाव किए जाने वाले रेकों की पावर कारों में लगे 500 केवीए (क्रीम्प्टन मेक) के डीजी सेट के डीए सेटों (जिसमें ''ए'', ''एम1'', ''एम-2+एम-3'', ''एम4'' और ''एम5'' चेक शेड्यूल रखरखाव शामिल है) और उसके सहायक उपकरणों की एसकेटिंग, मार्ग संचालन, समस्या निवारण और व्यापक वार्षिक रखरखाव एक वर्ष की अवधि के लिए। अनुमानित लागत: ₹ 2,48,86,155.09/- बयाना राशि: ₹ 2,74,400/- **(3) निविदा संख्या:** ईएल/50/295/2025-26 **कार्य का नाम:** कोटा डिवीजन: कोटा डिवीजन के प्राथमिक रूप से रखरखाव किए जाने वाले रेकों की पावर कारों में लगे 500 केवीए (किर्लोस्कर मेक) डीजी सेट और उसके सहायक उपकरणों सहित किर्लोस्कर निर्मित पावर कारों के डीए सेटों की एसकेटिंग, मार्ग संचालन, समस्या निवारण और व्यापक वार्षिक रखरखाव (''ए'', ''बी'', ''सी'' और ''डी'' चेक शेड्यूल रखरखाव) एक वर्ष की अवधि के लिए। अनुमानित लागत: ₹ 1,82,72,814.48/- बयाना राशि: ₹ 2,41,400/- **कार्य समाप्ति अवधि के निविदा क्र. 1,2,3:** 12 माह **निविदा प्रस्तुत करने एवं खुलने की दिनांक तथा समय के निविदा क्र. 1,2,3:** 12.02.2026 को 15.00 बजे तक एवं खुलने का समय 15.15 बजे. ऑफर केवल ई-टेन्डरिंग के माध्यम से वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर स्वीकार किए जायेंगे। निविदा दाता के पास क्लास III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए एवं आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना चाहिए। कोई भी निविदा मैनुअली स्वीकार नहीं है। निविदा डालने से पहले टेण्डर दस्तावेजों की स्पेशल कण्डीशन्स एवं शर्तें अवश्य पढ़ लें।

(हस्ता.)
वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य)
पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान — एक कदम स्वच्छता की ओर

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 22-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTM7 User: cci Time: 01-21-2026 22:50 Color:

चुनाव आयोग की SIR प्रक्रिया पर कोर्ट ने उठाए सवाल

'वोटर लिस्ट से नाम हटने के हो सकते हैं गंभीर परिणाम'

■ पीटीआई, नई दिल्ली

File

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि वोटर लिस्ट का रिविजन अगर सही तरीके से न हो, तो इससे लोगों के अधिकारों पर गंभीर असर पड़ सकता है। कोर्ट ने कहा, किसी भी संवैधानिक संस्था की शक्ति बिना रोक-टोक नहीं हो सकती। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने यह टिप्पणी चुनाव आयोग द्वारा कई राज्यों में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (SIR) को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई के दौरान की।

कोर्ट ने कहा कि अगर किसी व्यक्ति का नाम वोटर लिस्ट से बाहर हो जाता है, तो वह वोट देने के अधिकार से वंचित हो सकता है, जो एक गंभीर परिणाम है। सीजेआई ने सवाल उठाया कि जब नागरिक अधिकार प्रभावित हो रहे हैं, तो फिर प्रक्रिया कानून के मुताबिक ही क्यों न अपनाई जाए। जस्टिस बागची ने खास तौर पर दस्तावेजों के मुद्दे पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि सामान्य तौर पर फॉर्म-6 में 7 दस्तावेज मांगे जाते हैं, जबकि SIR में 11 दस्तावेज मांगे जा रहे हैं। क्या आयोग ऐसा बदलाव कर सकता है? चुनाव आयोग की ओर से वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी ने दलील दी कि कानून में आयोग को कुछ राहत दी गई है, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि आयोग मनमानी नहीं कर सकता और उसे प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी रखना होगा। मामले पर आगे की सुनवाई गुरुवार को जारी रहेगी।

प. बंगाल में बढ़ सकती है SIR की डेडलाइन: अधिकारी

पश्चिम बंगाल में चल रही SIR प्रक्रिया की समयसीमा बढ़ाई जा सकती है। चुनाव आयोग के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि अंतिम वोटर लिस्ट प्रकाशन की तारीख 14 फरवरी से आगे बढ़ सकती है। अधिकारी के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों को समयसीमा के भीतर लागू करना चुनौतीपूर्ण है, इसलिए अतिरिक्त समय लग सकता है।

बुजुर्ग की मौत, आयोग पर FIR

भाषा, कोलकाता: पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में चुनाव आयोग के खिलाफ FIR दर्ज की गई है, जिसमें 82 साल के एक शख्स की मौत का जिक्र है। बताया गया है कि बुजुर्ग ने राज्य में चल रहे SIR को लेकर चिंता के कारण कथित तौर पर अपनी जान ले ली। एक अधिकारी ने बताया कि मामले में आयोग के अधिकारियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने और आपराधिक साजिश के आरोप लगाए गए हैं।

कर्नाटक के गवर्नर का विधानमंडल में भाषण से इनकार

■ **भाषा, बेंगलुरु:** कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने 22 जनवरी से शुरू हो रहे राज्य विधानमंडल के संयुक्त सत्र को संबोधित करने से इनकार कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, राज्यपाल के फैसले के बाद राज्य सरकार ने उनसे मुलाकात करने का निर्णय लिया है। इनकार की वजह अभी साफ तौर पर सामने नहीं आई है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि अभिभाषण में केंद्र सरकार से जुड़े कुछ संदर्भ होने की वजह से गहलोत ने भाषण न देने का फैसला लिया। सूत्रों के मुताबिक, राज्य के विधि व संसदीय कार्य मंत्री एच. के. पाटिल के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मिलने जाएगा।

गैर-बीजेपी शासित राज्यों में विवाद: यह विवाद ऐसे समय सामने आया है, जब गैर-बीजेपी शासित राज्यों में राज्यपालों और सरकारों के बीच टकराव की खबरें आ रही हैं। एक दिन पहले तमिलनाडु के राज्यपाल आर. एन. रवि ने विधानसभा के पहले दिन परंपरागत अभिभाषण नहीं दिया और भाषण के पाठ में गलतियां होने का हवाला देते हुए सदन से बाहर चले गए थे।

एक महीने में 167 दवाओं के सैंपल फेल, 7 नकली

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

सेंट्रल ड्रग स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन ने दिसंबर 2025 में दवाओं की गुणवत्ता की जांच रिपोर्ट पेश की है। नियमित निगरानी के तहत की गई जांच में 167 दवाओं के सैंपल घटिया क्वॉलिटी के मिले। इनमें केंद्रीय ड्रग लैबोरेटरी की जांच में 74 सैंपल और राज्य की ड्रग टेस्टिंग लैबोरेटरी में 93 सैंपल फेल हो गए।

केंद्रीय और राज्य ड्रग लैब की जांच में कई दवाएं तय मानकों पर खरी नहीं उतरीं

अधिकारियों के मुताबिक, किसी दवा को नॉट ऑफ स्टैंडर्ड क्वॉलिटी तब घोषित किया जाता है, जब वह गुणवत्ता से जुड़े एक या अधिक पैमानों पर असफल पाई जाती है। हालांकि, यह भी स्पष्ट किया है कि यह कमी सिर्फ उसी बैच तक सीमित होती है, जिसकी जांच की गई है। वहीं, इससे बाजार में मौजूद कई दूसरी दवाओं पर बिल्कुल ही सवाल खड़े नहीं होते। दिसंबर में 7 नकली दवाओं की भी पहचान की गई है। इनमें 4 सैंपल गाजियाबाद, एक अहमदाबाद और एक महाराष्ट्र से सामने आए हैं। जांच में पता चला है कि ये दवाएं बिना अनुमति वाले निर्माताओं ने तैयार की थीं। दूसरी कंपनियों के ब्रैंड नाम का गलत इस्तेमाल किया गया। अधिकारियों का कहना है कि इन मामलों की जांच जारी है और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ जरूरी कार्रवाई की जाएगी।

सोसाइटी फॉर एप्लाइड माइक्रोवेव इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग एंड रिसर्च
आईआईटी-बी कैंपस, हिलसाइड पवई, मुंबई 400-076

SAMEER

विज्ञापन संख्या 01/2026

अनुबंध परियोजना कर्मचारियों के लिए भर्ती

सोसाइटी फॉर एप्लाइड माइक्रोवेव इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग एंड रिसर्च (SAMEER), इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY), भारत सरकार के तत्वावधान में एक प्रमुख आरएफ और माइक्रोवेव अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला है। इसके पूरे देश में पांच केंद्र हैं और यह उन्नत/अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकियों में अत्याधुनिक डिजाइन और विकास परियोजनाओं का करती है और उद्योग के लिए विद्युत चुम्बकीय अनुपालन और परामर्श सेवाएं भी प्रदान करता है।

SAMEER मुंबई/नवी मुंबई केंद्र में अपने विभिन्न परियोजनाओं के लिए समेकित वेतन के आधार पर उपयुक्त व्यक्तियों की तलाश कर रहा है। ये संविदात्मक नियुक्तियां हैं और SAMEER में नियमितीकरण/अवशोषण या सेवा की निरंतरता का कोई अधिकार प्रदान नहीं करेंगी। निम्नलिखित पद उपलब्ध है।

पोस्ट कोड	पद का विवरण	पद
PE01	प्रोजेक्ट इंजीनियर - आरएफ और एमडब्ल्यू	9
PE02	प्रोजेक्ट इंजीनियर - इलेक्ट्रॉनिक्स/ईएमसीईसी	30
PE03	प्रोजेक्ट इंजीनियर - इलेक्ट्रॉनिक्स/ईएमसीईसी (बैंगलोर प्रतिनियुक्ति)	1
PE04	प्रोजेक्ट इंजीनियर - इलेक्ट्रॉनिक्स/ईएमसीईसी (ईएम/ईएनडी. परीक्षण और मीज.)	5
PE05	प्रोजेक्ट इंजीनियर - सीएस/आईटी	7
PE06	प्रोजेक्ट इंजीनियर - सुरक्षा	3
PE07	प्रोजेक्ट इंजीनियर - इलेक्ट्रिकल	1
PE08	प्रोजेक्ट इंजीनियर इलेक्ट्रिकल-एचवीएसी	1
PE09	प्रोजेक्ट इंजीनियर - मैकेनिकल	13
PE10	प्रोजेक्ट इंजीनियर - सिविल इंजीनियरिंग	1
PA01	प्रोजेक्ट एसोसिएट - इलेक्ट्रॉनिक्स	2
PA02	प्रोजेक्ट एसोसिएट - भौतिकी	3
PA03	प्रोजेक्ट एसोसिएट - एनालिटिकल साइंस	1

पोस्ट कोड	पद का विवरण	पद
PSAA01	प्रोजेक्ट साइंटिफिक असिस्टेंट (ए) - इलेक्ट्रॉनिक्स	19
PSAA02	प्रोजेक्ट साइंटिफिक असिस्टेंट (ए) - इलेक्ट्रॉनिक्स (ईएम/ईएनडी. परीक्षण और मीज.)	3
PSAA03	प्रोजेक्ट साइंटिफिक असिस्टेंट (ए) - मेडिकल इलेक्ट्रॉनिक्स	2
PSAA04	प्रोजेक्ट साइंटिफिक असिस्टेंट (ए) - भौतिकी	1
PSAA05	प्रोजेक्ट साइंटिफिक असिस्टेंट (ए) - इलेक्ट्रिकल	1
PSAA06	प्रोजेक्ट साइंटिफिक असिस्टेंट (ए) - केमिकल	1
PSAA07	प्रोजेक्ट साइंटिफिक असिस्टेंट (ए) - मैकेनिकल	6
PTAA01	प्रोजेक्ट टेक्निकल असिस्टेंट (ए) - इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रॉनिक्स-मैकेनिक	9
PTAA02	प्रोजेक्ट टेक्निकल असिस्टेंट (ए) - फिटर	15
PTAB01	प्रोजेक्ट टेक्निकल असिस्टेंट (बी)- इलेक्ट्रीशियन	2
PTAB02	प्रोजेक्ट टेक्निकल असिस्टेंट (बी)- इलेक्ट्रोप्लेटर	2
PTAB03	प्रोजेक्ट टेक्निकल असिस्टेंट (बी) - टर्नर	3
PTAB04	प्रोजेक्ट टेक्निकल असिस्टेंट (बी) - मशीनिस्ट	6

पात्रता मानदंड, सामान्य शर्तों आदि का विवरण देने वाला पूर्ण विज्ञापन हमारी वेबसाइट **www.sameer.gov.in** पर देखा जा सकता है। सभी पदों के लिए आवेदन केवल ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे। इच्छुक उम्मीदवार आवेदन प्रक्रिया के विवरण के लिए **http://sameer.gov.in/recruitments_training** पर लॉग इन करें और वेबसाइट पर उल्लिखित अंतिम तिथि (परिवर्तन के अधीन) के अनुसार या उससे पहले मध्यरात्रि तक इसे पूरा करें। स्क्रीनिंग टेस्ट के मुंबई तिथि और आगे की प्रक्रिया का विवरण हमारी वेबसाइट पर ऑनलाइन सूचित किया जाएगा।

CBC 06109/12/0009/2526

मद्रास हाई कोर्ट ने BJP नेता पर दर्ज FIR रद्द की

■ भाषा, मदुरै


File

मद्रास हाई कोर्ट की मदुरै बेंच ने बुधवार को बीजेपी नेता अमित मालवीय के खिलाफ दर्ज FIR को रद्द कर दिया। मालवीय पर 'सनातन धर्म' को लेकर तमिलनाडु के डिप्टी सीएम उदयनिधि स्टालिन की टिप्पणियों को तोड़-मरोड़कर पेश करने का आरोप है। जस्टिस ने कहा कि उदयनिधि की टिप्पणियां नफरत फैलाने वाले भाषण के समान थीं और इस पर सवाल उठाना एक प्रतिक्रिया थी। उन्होंने कहा कि नफरती भाषण देने की शुरुआत करने वाले व्यक्ति को बिना किसी सजा के छोड़ दिया जाता है, लेकिन नफरत फैलाने वाले भाषण पर प्रतिक्रिया देने वाले व्यक्ति को कानून का सामना करना पड़ता है।

उदयनिधि को पद से हटाया जाए: BJP

BJP ने मद्रास हाई कोर्ट के फैसले के बाद द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (DMK) पर निशाना साधा और मांग की कि उदयनिधि को उनके डिप्टी सीएम के पद से हटाया जाए और मामला दर्ज किया जाए। डीएमके सरकार ने मालवीय के खिलाफ FIR की ताकि सच बोलने पर उन्हें दबाया जा सके।

तमिलनाडु: NDA में लौटे दिनाकरन

■ **भाषा, चेन्नै:** एनडीए से अलग होने के कुछ महीनों बाद टी.टी.वी. दिनाकरन के नेतृत्व वाली अम्मा मक्कल मुनेत्र कड़गम (AAMK) गठबंधन में लौट आई। तमिलनाडु में इस गठबंधन का नेतृत्व AIADMK करती है। एएमएमके के संस्थापक-नेता दिनाकरन ने बीजेपी के नेता पीयूष गोयल से मुलाकात की और उन्हें एनडीए में औपचारिक रूप से फिर शामिल किया गया।

मेरा गांव, मेरे पास

दुबई में बैठे संभल हिंसा के कर्ताधर्ता शारिक साठा के घर की हुई कुर्की

■ NBT रिपोर्ट, संभल



File Pic

संभल हिंसा के मुख्य आरोपी दुबई में बैठे शारिक साठा के घर की पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर बुधवार को कुर्की कर ली। पुलिस हर छोटा-बड़ा सामान कुर्क कर ले गई। वहीं, हिंसा के आरोपी SP सांसद जियाउर्रहमान बर्क और शाही जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी के सदर जफर अली की मुकदमा रद्द करने की याचिका पर सुनवाई हाई कोर्ट में टल गई। अब सुनवाई 11 फरवरी को होगी। दूसरी तरफ एसपी समेत पुलिस वालों के खिलाफ एफआईआर के आदेश करने वाले सीजेएम के तबादला होने से खफा वकीलों ने प्रदर्शन किया।

संभल में बुधवार की सुबह 11 बजे ही पांच थानों की पुलिस शारिक साठा के घर पहुंची। इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया गया। पुलिस ने मुनादी कराकर कुर्की की जानकारी दी। पुश्तैनी चार मंजिला मकान के पहली मंजिल साठा की है। पुलिस टीम ने वहां से चारपाई, कुर्सियां, डिब्बे, बक्से आदि सामान कुर्क कर घर पर ताला लगा दिया।

परिजनों का कहना है कि साठा नौ साल से गायब है। मकान बंटवारे में दो भाइयों के हिस्से में आया था। शारिक का इस मकान से मतलब नहीं है। पुलिस के मुताबिक, साठा बड़ा ऑटो लिफ्टर है। उसपर 60 से ज्यादा मुकदमे हैं। फिलहाल दुबई में बैठकर अपराध कराता है। 24 नवंबर 2024 को संभल जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हिंसा भड़क गई थी। उस दौरान पुलिस के वाहनों में आग लगा दी गई थी। जानकारी के अनुसार गोलीबारी भी हुई थी। जिसमें चार युवकों की मौत हो गई थी। आरोप है कि हिंसा साठा के इशारे पर हुई थी। शारिक हिंसा में वांछित है।

■ बर्क और जफर अली से संबंधित मुकदमा रद्द करने की याचिका पर सुनवाई हाईकोर्ट में टली, अब 11 को सुनवाई

तबादले को लेकर वकीलों का प्रदर्शन

संभल हिंसा मामले में एएसपी अनुज चौधरी समेत 20 पुलिसकर्मियों के खिलाफ FIR के आदेश देने वाले संभल के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (CJM) विभांशु सुधीर के सुल्तानपुर तबादले को लेकर बुधवार को वकीलों ने चंदौसी में प्रदर्शन किया। सरकार और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विभांशु सुधीर ने संभल हिंसा के दौरान युवक आलम को गोली लगने के मामले में युवक के पिता की याचिका पर पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए थे।

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने वकील के जरिए भेजा जवाब, कहा-

'24 घंटे में नोटिस वापस लिया जाए'

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज

ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने प्रयागराज मेला प्राधिकरण के नोटिस का जवाब भेज दिया है। उनके वकील अंजनी कुमार मिश्रा की ओर से भेजे गए जवाब में कहा गया है कि अगर मेला प्रशासन से जुड़ा 19 जनवरी का नोटिस 24 घंटे के भीतर वापस नहीं लिया गया, तो सरकार और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ अदालत की अवमानना सहित अन्य कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह पत्र ऐसे विषय में दखल देता है, जो पहले से ही सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। इसे अदालत की गरिमा को चुनौती देने वाला कदम बताया गया है। साथ ही शंकराचार्य परंपरा और स्वामी जी की छवि को ठेस पहुंचाने के आरोप में भी कानूनी कदम उठाए जाएंगे। उधर, अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी ने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ पर टिप्पणी करना गलत है। माघ मेले में शाही स्नान जैसी कोई बात नहीं होती है। भीड़ को देखते हुए अगर प्रशासन ने अविमुक्तेश्वरानंद को रोका तो उन्हें मानना चाहिए था। हालांकि, उन्होंने बटुकों की पिटाई और शिखा खींचने को गलत बताया। सीएम से जांच की मांग कर दोषियों को दंडित करने को कहा।

वहीं, नगहुर संतोषदास उर्फ 'सतुआ बाबा' ने सोशल मीडिया पर शंकराचार्य को संबोधित करते हुए कहा कि गुरुजी मैं बचपन से मैं आपके साथ रहा हूं। लेकिन गोरक्षपीठ के संत के खिलाफ ऐसी टिप्पणी बर्दाश्त नहीं होगी।

मेरठ में पुलिस का छापा, आरोपी फरार

■ **NBT न्यूज़, मेरठ: मेरठ से** आतंकी कनेक्शन का मामला सामने आया है। यूपी एटीएस और जम्मू-कश्मीर पुलिस की संयुक्त टीम ने फल कारोबारी के बेटे उनैद की तलाश में उसके घर पर छापा मारा, लेकिन वह वहां नहीं मिला। जानकारी के मुताबिक, कोतवाली थाना क्षेत्र के बनियापाड़ा इलाके में रहने वाले साजिद की मंडी में फलों की आढ़त है। वे जम्मू-कश्मीर से फल मंगाने का काम करते हैं। उनैद उनका तीसरा बेटा है और वह भी पिता के कारोबार में हाथ बंटाता था। पुलिस को शक है कि उनैद अलकायदा के स्लीपर सेल से सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है और इसके पुख्ता सबूत भी जांच एजेंसियों के पास हैं।

विज्ञापन संख्या. 12/2026

भारत सरकार
लोक उद्यम चयन बोर्ड

हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल)
में
निदेशक
(इंजीनियरिंग, अनुसंधान एवं विकास)
पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

आवेदकों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि **10 फरवरी, 2026** (15.00 बजे तक) है।

नोडल अधिकारियों द्वारा आवेदनों को लोक उद्यम चयन बोर्ड में अग्रेषित करने की अंतिम तिथि **19 फरवरी, 2026** (17.00 बजे तक) है।

जानकारी के लिए वेबसाइट **https://pesb.gov.in** में लॉग इन करें।

नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(एनटीपीसी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी)
North Eastern Electric Power Corporation Ltd.
(A Wholly Owned Subsidiary of NTPC)
Office: Brookland Compound, Lower New Colony, Shillong-793003, Meghalaya
CIN No.: U40101ML1976G01001658 Regd. I Website: www.neepco.co.in
@NEEPCOLtd neepcoindia neepcoindia neepco india NEEPCOlimited

अनुलग्नक I-ए

31 दिसंबर 2025 को समाप्त तिमाही के लिए नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के वित्तीय परिणाम

[सेबी (एलओडीआर) विनियमों के विनियम 52 (4) के साथ विनियमन 52 (8), के साथ पढ़ें]

₹ लाखों में

क्र. संख्या	विवरण	स्टैंडएलोन वित्तीय परिणाम: 31 दिसंबर 2025 को समाप्त तिमाही (अनअंकेक्षित)	31 दिसंबर 2024 को समाप्त अनुरूप तिमाही (अनअंकेक्षित)	31 मार्च 2025 को समाप्त पिछला वर्ष (अंकेक्षित)	कंसोलिडेटेड वित्तीय परिणाम: 31 दिसंबर 2025 को समाप्त तिमाही (अनअंकेक्षित)	31 दिसंबर 2024 को समाप्त अनुरूप तिमाही (अनअंकेक्षित)	31 मार्च 2025 को समाप्त पिछला वर्ष (अंकेक्षित)
1	कुल आय	109307.41	95655.47	429049.46	109307.41	95655.47	429049.46
2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (कर, विशेष तथा/या असाधारण मदों से पूर्व #)	21812.59	11511.02	72394.41	21812.59	11510.18	72394.32
3	कर से पूर्व अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (विशेष तथा/या असाधारण मदों के बाद #)	21812.59	11511.02	72394.41	21812.59	11510.18	72394.32
4	कर के बाद अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (विशेष तथा/या असाधारण मदों के बाद #)	13280.06	4343.65	58468.51	13280.06	4343.07	58468.45
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय [अवधि के लिए (कर के बाद) लाभ / (हानि) तथा अन्य व्यापक आय (कर के बाद) को शामिल करके]	12715.08	3874.74	55756.85	12715.08	3874.16	55756.79
6	भुगतान इक्विटी शेयर पूंजी	360981.04	360981.04	360981.04	360981.04	360981.04	360981.04
7	आरक्षित (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित को छोड़कर)	404289.67	360497.89	356565.19	404642.07	360848.52	356916.10
8	प्रतिभूति प्रीमियम खाता						
9	निवल मूल्य	765270.71	721478.93	717546.23	765623.11	721829.56	717897.14
10	भुगतान ऋण पूंजी/बकाया ऋण	757325.95	712364.26	761365.54	757325.95	712364.26	761365.54
11	बकाया प्रतिदेय वरीयता शेयर						
12	ऋण इक्विटी अनुपात	0.99	0.99	1.06	0.99	0.99	1.06
13	प्रति शेयर आय (10/- रुपये प्रत्येक) (जारी रखने और बंद किए गए परिचालनों के लिए) -						
	1. मूल:	0.37	0.12	1.62	0.37	0.12	1.62
	2. तनुकृत (डाइल्यूटेड):	0.37	0.12	1.62	0.37	0.12	1.62
14	कैपिटल रिडेम्पशन रिजर्व	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
15	डिबेंचर रिडेम्पशन रिजर्व	65054.17	65054.17	65054.17	65054.17	65054.17	65054.17
16	ऋण सेवा कवरेज अनुपात	1.45	1.31	1.32	1.45	1.31	1.32
17	ब्याज सेवा कवरेज अनुपात	6.02	3.52	4.18	6.02	3.52	4.18

इंड एएस नियमों के अनुसार लाभ और हानि विवरण में समायोजित विशेष और/या असाधारण आइटम, जो भी लागू हो

1) उपरोक्त सेबी (सूचीकरण एवं अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 52 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दाखिल तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज और सूचीबद्ध प्रविष्टि की वेबसाइटों पर उपलब्ध है।

2) सेबी (सूचीकरण और अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 52(4) में संदर्भित आइटम, प्रासंगिक प्रकटीकरण इस प्रकार है:

क्र. संख्या	विवरण	स्टैंडएलोन वित्तीय परिणाम: 31 दिसंबर 2025 को समाप्त तिमाही (अनअंकेक्षित)	31 दिसंबर 2024 को समाप्त अनुरूप तिमाही (अनअंकेक्षित)	31 मार्च 2025 को समाप्त पिछला वर्ष (अंकेक्षित)	कंसोलिडेटेड वित्तीय परिणाम: 31 दिसंबर 2025 को समाप्त तिमाही (अनअंकेक्षित)	31 दिसंबर 2024 को समाप्त अनुरूप तिमाही (अनअंकेक्षित)	31 मार्च 2025 को समाप्त पिछला वर्ष (अंकेक्षित)
(क)	वर्तमान अनुपात	0.92	0.85	0.76	0.92	0.85	0.76
(ख)	कार्यशील पूंजी के लिए दीर्घकालिक ऋण	12.80	15.64	24.39	12.80	15.64	24.39
(ग)	खाता प्राप्य अनुपात के लिए खराब ऋण	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
(घ)	वर्तमान देयता अनुपात	0.22	0.18	0.23	0.22	0.18	0.23
(ङ)	कुल संपत्ति के लिए कुल ऋण	0.41	0.43	0.44	0.41	0.43	0.44
(च)	देनदार कारोबार	7.78	5.45	6.03	7.78	5.45	6.03
(छ)	अविष्कारण कारोबार	30.33	30.77	31.49	30.33	30.77	31.49
(ज)	परिचालन सीमा(%)	47.77	25.63	32.79	47.77	25.63	32.79
(झ)	निवल लाभ सीमा(%)	12.21	4.55	13.77	12.21	4.55	13.77

3) उपरोक्त परिणामों की समीक्षा निदेशक बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति ने 21.01.2026 को हुई अपनी बैठक में की और कंपनी के निदेशक मंडल को उनके अनुमोदन के लिए सिफारिश की। निदेशक बोर्ड ने 21.01.2026 को हुई अपनी बैठक में इसे मंजूरी दे दी है। इसके अलावा कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा भी परिणामों की समीक्षा की गई है।

4) बिजली उत्पादन निगम की प्रमुख गतिविधि है।

5) निगम के बिजली स्टेशन क्षेत्र के भीतर स्थित है, इसलिए भौगोलिक खंड अनुपयुक्त है।

6) केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग (सीईआरसी) द्वारा अनुमोदित टैरिफ के आधार पर ऊर्जा की बिक्री का हिसाब लगाया जाता है। पावर स्टेशनों के मामले में, जहाँ सीईआरसी द्वारा अंतिम टैरिफ को अधिसूचित/अनुमोदित किया जाना बाकी है, ऊर्जा की बिक्री अंतिम दर के आधार पर सीईआरसी के समक्ष प्रस्तुत वार्षिक निश्चित लागत पर टैरिफ याचिका के माध्यम से सीईआरसी (टैरिफ के नियम और शर्तें) विनियम 2019 के प्रस्तावित सिद्धांतों के अनुसार प्रदान की जाती है। उन परियोजनाओं के लिए जिनके लिए न तो सीईआरसी द्वारा अनुमोदित टैरिफ उपलब्ध है और न ही सीईआरसी के पास याचिका लंबित है, ऊर्जा की बिक्री का हिसाब लाभार्थियों द्वारा स्वीकृत टैरिफ सूची के आधार पर लगाया जाता है।

7) तिमाही के दौरान परिचालन से कुल आय में 'अन्य आय' ₹ 565.63 लाख (पूर्व तुलनीय अवधि ₹247.08 लाख) शामिल है।

8) अनुपात की गणना के लिए प्रयुक्त सूत्र:
क. 'ऋण सेवा कवरेज अनुपात' (डीएससीआर) = [ब्याज, मूल्यह्रास और कर से पहले लाभ] / (मूल पुनर्भुगतानी + ब्याज)
ख. 'ब्याज सेवा कवरेज अनुपात' (आईएससीआर) = [ब्याज, मूल्यह्रास और कर से पहले लाभ] / ब्याज

विचाराधीन ब्याज की राशि केवल चालू पावर स्टेशनों के लिए लिए गए ऋण से संबंधित है।

स्थान: शिलांग
तिथि: 21.01.2026

हस्ता./-
निदेशक (वित्त)
नीपको लिमिटेड

नवभारत टाइम्स • विचार

नवभारत टाइम्स । मुंबई । गुरुवार, 22 जनवरी 2026

खेल में एकजुट करने की वह शक्ति होती है, जो बहुत कम चीजों में होती है।
- नेल्सन मंडेला

खेल का नुक़सान

खेल में राजनीति मिलाने, जिद और अदूरदर्शिता का नतीजा है कि बांग्लादेश क्रिकेट टीम अगले महीने से शुरू होने वाले T20 वर्ल्ड कप से बाहर होने के कगार पर खड़ी है। ICC ने साफ कर दिया है कि बांग्लादेश के शिड्यूल्ड मैच भारत में ही खेले जाएंगे। अगर बांग्लादेश अपना फैसला नहीं बदलता, तो विश्व कप में उसकी जगह स्कॉटलैंड को शामिल कर लिया जाएगा। हालांकि ICC ने बांग्लादेश को एक आखिरी मौका दिया है और उसे इस पर विचार करना चाहिए। राजनीतिक-सामाजिक तनाव और अस्थिरता से गुजर रहे उस देश की जनता के लिए क्रिकेट थोड़ी मुस्कान ला सकता है।

हठी रवैया । इस मामले में बात इतनी बिगड़ती ही नहीं, अगर शुरू से खेल को खेल की तरह लिया जाता। पिछले दो हफ्तों में ICC और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने कई बार बातचीत की, पर गतिरोध बना रहा। बांग्लादेश सरकार और बोर्ड, दोनों भारत में न खेलने की बात पर अड़े हैं।



बांग्लादेश का अड़ियल रुख

खेल भावना को चोट । बांग्लादेश ने अपने खिलाड़ियों की सुरक्षा का मसला उठाया है, जबकि इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल की रिपोर्ट ऐसी किसी आशंका को खारिज करती है। असल में यह फैसला खेल की जमीन पर नहीं, जियो-पॉलिटिक्स की बुनियाद पर लिया गया है, जो सरासर क्रिकेट की भावना के खिलाफ है। इसका सबसे बड़ा नुकसान खुद बांग्लादेश को होगा, जिसका अंदेशा वहां के सीनियर खिलाड़ी तमीम इकबाल भी जता चुके हैं।

आर्थिक घाटा । बांग्लादेश के इस फैसले का असर आने वाले ICC इवेंट्स, द्विपक्षीय सीरीज और दूसरे बोर्ड के साथ रिश्तों पर पड़ सकता है। BCB लंबे समय से आर्थिक कठिनाइयों से जूझ रहा है और विश्व कप न खेलने की सूरत में उसे ICC से मिलने वाली फीस और रेवेन्यू में हिस्सा नहीं मिलेगा। यह अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने जैसा है।

मौका खो रहा । बांग्लादेश की टीम ने 1986 में अपना पहला वनडे इंटरनैशनल खेला था। लेकिन, चार दशक के बाद भी वह खुद को बड़ी टीमों के बीच स्थापित नहीं कर पाई है। आज भी उसका प्रदर्शन बेहद उतार-चढ़ाव भरा है और इसकी एक वजह बड़े मौकों की कमी भी है। बांग्लादेश जैसी टीमों के लिए विश्व कप वह मंच है, जहां उसके खिलाड़ी परफॉर्म कर पूरी दुनिया की नजरों में आ सकते हैं। बोर्ड और सरकार उनसे यह मौका छीन रहे हैं।

मायूस होंगे फैंस । बांग्लादेशी खिलाड़ियों के बयान बताते हैं कि वे विश्व कप में खेलने के इच्छुक हैं, लेकिन ऐसा लगता है कि उन्हें राजनीति की कीमत चुकानी पड़ेगी। अफसोस है कि प्रशंसक भी इसके शिकार बनेंगे। वे अपनी टीम को उस इवेंट में खेलते नहीं देख पाएंगे, जिसका इंतजार सभी को रहता है।

अरुणाचल प्रदेश में लोहित नदी पर बनने वाली जलविद्युत परियोजना पर खड़े हुए सवाल

इस अंधी दौड़ में क़ुदरत को मत भूलिए

बृजेश चंद श्रीवास्तव

पर्यावरण मंत्रालय की विशेषज्ञ समिति ने अरुणाचल प्रदेश के अंजॉ जिले में लोहित नदी पर 1,200 मेगावॉट (MW) की कलाई-II जलविद्युत परियोजना को पर्यावरणीय मंजूरी देने की सिफारिश की है। यह फैसला पर्यावरणविदों और स्थानीय आदिवासियों के लिए चिंता का विषय है। पर्यावरण प्रभाव आकलन (EIA) रिपोर्ट में गंभीर रूप से संकटग्रस्त सफेद पेट वाले बगुले की मौजूदगी को नजरअंदाज कर दिया गया। विकास के नाम पर प्रकृति और जीवन को दांव पर लगाने की यह प्रवृत्ति पूर्वोत्तर भारत की नाजुक पारिस्थितिकी के लिए खतरा है।

ऊर्जा सुरक्षा । कलाई-II जलविद्युत परियोजना राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने और पूर्वोत्तर में स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य के लिए है। 14,176 करोड़ रुपये का यह प्रॉजेक्ट THDC इंडिया लिमिटेड के जिम्मे है। इससे सालाना 485.3 करोड़ यूनिट बिजली पैदा होगी। अरुणाचल सरकार इसे रन-ऑफ-रिवर डिजाइन के कारण पर्यावरण के अनुकूल मान रही है। इससे रोजगार के हजारों अवसर बढ़ेंगे। चीन से सटे होने के कारण इसका रणनीतिक महत्व भी होगा।

चिंता बढ़ी
- सफेद पेट वाले बगुले का निवास स्थान नष्ट होने का खतरा
- कंक्रीट ग्रेविटी डैम से जल प्रवाह बाधित होने की आशंका
- स्थानीय लोगों की रोजी-रोटी पर आ सकता है संकट

संभावित नुकसान । लोहित ब्रह्मपुत्र की प्रमुख सहायक है। यह पूर्वोत्तर की जैव-विविधता का खजाना है। अंजॉ के हवाई गांव के निकट बनने वाला 128.5 मीटर ऊंचा कंक्रीट ग्रेविटी डैम नदी के 15 से 23 किमी लंबे हिस्से को डुबो देगा। लीन सीजन में 15-20 घंटे तक पानी रोके जाने से निचले इलाकों में सूखे जैसी स्थिति होगी और मॉनसून में अचानक पानी छोड़ने से बाढ़ का खतरा रहेगा। इसके अलावा, टोर और टोर पुटिटोरा जैसी मछलियों का प्रजनन मार्ग अवरुद्ध होने की आशंका है, जिससे उनकी आबादी तेजी से घटेगी। भूस्खलन, ग्लेशियर झील फटने का भी जोखिम रहेगा।

विनाश की चेतावनी । लोहित बेसिन में लोअर डेमवे (1,750 MW) जैसे जलविद्युत प्रॉजेक्ट भी प्रस्तावित हैं। पर्यावरण एवं वन मंत्रालय ने 2011 में ही लोहित बेसिन अध्ययन की सिफारिश की थी। इसमें बांधों से नदी पारिस्थितिकी के विनाश की चेतावनी दी गई थी। सबसे गंभीर खतरा संकटग्रस्त सफेद पेट वाले



बगुले (Ardea insignis) को है। भारत में ये 60 से भी कम हैं। डैम से उनका निवास स्थान नष्ट हो जाएगा।

अस्तित्व पर खतरा । WAPCOS की ओर से तैयार रिपोर्ट में इस पक्षी का जिक्र तक नहीं है। वालॉन्ग और नामदफा टाइगर रिजर्व इसके प्रमुख नेस्टिंग साइट्स हैं। कमलांग टाइगर रिजर्व का नाममात्र का उल्लेख कर इसे महज सैंक्चुअरी बताया गया, जो गंभीर लापरवाही है। डाउनस्ट्रीम असम तक इसका असर देखने को मिलेगा, जहां नदी का जलग्रहण क्षेत्र पहले से दबाव में है। कुल मिलाकर, यह परियोजना तीस्ता या सुबनसिरी जैसी नदियों की तरह लोहित को धीरे-धीरे 'मृत नदी' बना सकती है।

आजीविका पर संकट । अंजॉ जिले के हवाई सर्कल के नुकुंग, म्ला और चेंगुंग जैसे आदिवासी गांवों में कलाई-II के खिलाफ विरोध की लहर तेज हो गई है। नुकुंग वेलफेयर सोसाइटी के चेयरमैन रोशन तॉसिक कहते हैं, 'हमने कभी सहमति नहीं दी। हमारी पुश्तैनी जमीन का विनाश अस्वीकार्य और अवैध है।' कहा जा रहा है कि लगभग 1,500 लोग विस्थापित होंगे, हवाई सर्कल डूबेगा, मछली पकड़ना, कृषि और वन आधारित आजीविका नष्ट हो जाएगी। सामाजिक प्रभाव आकलन (SIA) प्रक्रिया अपारदर्शी रही, आपत्तियां दर्ज नहीं हुईं।

पहचान का संघर्ष । मीयम समुदाय अपनी सांस्कृतिक पहचान बचाने को संघर्षरत है और तेलुंग क्षेत्र में पवन ऊर्जा जैसी वैकल्पिक ऊर्जा की मांग कर रहा है। भारत को हाइड्रो ऊर्जा चाहिए, लेकिन हिमालयी पारिस्थितिकी को प्राथमिकता देकर बेसिन-स्तरीय अध्ययन, पारदर्शी EIA और वास्तविक स्थानीय सहमति सुनिश्चित करनी होगी।

आगे की राह । विकास और संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित करने से इस समस्या का समाधान हो सकता है। स्वतंत्र बेसिन-स्तरीय समग्र प्रभाव (CIA) अनिवार्य हो। सफेद पेट वाले बगुले के लिए आर्टिफिशल फीडिंग जोन जैसी विशेष संरक्षण योजना बने। इसके अलावा, ग्राम सभाओं से वास्तविक फ्री, प्रायर एंड इन्फॉर्म्ड कंसेंट (FPIC) लिया जाए। विस्थापितों को जमीन-आधारित पुनर्वास, मछली पालन सहकारी समितियां और स्थानीय लोगों को प्रॉजेक्ट की 30% हिस्सेदारी मिले। फिर, वैकल्पिक ऊर्जा के लिए प्रोत्साहन मिलना चाहिए। EIA प्रक्रिया में स्थानीय विशेषज्ञों और NGOs को शामिल कर रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। नदी जोनिंग पॉलिसी अपनाई जाए। कुछ हिस्सों को 'नो-डैम जोन' घोषित कर पर्यटन आधारित आजीविका बढ़ाने पर जोर रहे। यदि ये कदम उठाए जाएं तो कलाई-II प्रॉजेक्ट न केवल बिजली देगा, बल्कि पूर्वोत्तर का विश्वास भी जीतेगा।

(लेखक DU के दीनदयाल उपाध्याय कॉलेज में असिस्टेंट प्रफेसर हैं)

कांटे की बात

असंभव संवाद

रियल एस्टेट के धंधे में अपना नाम देख चौंके नोबेल

जब मैं डेनमार्क का प्रधानमंत्री और नैटो का महासचिव था, तब से अमेरिका को ही फ्री वर्ल्ड का लीडर मानता आया हूं। ग्रीनलैंड को लेकर दी गई धमकियों के बाद अब मुझे कहना पड़ रहा है कि बस बहुत हो चुका। यूरोप को अपने हितों की रक्षा करनी होगी।



डेनमार्क के पूर्व प्रधानमंत्री **एंडर्स फोग रासमुसेन**

AI image



डॉनल्ड ट्रंप शांति का नोबेल पुरस्कार नहीं मिलने से भड़के हुए हैं। इसी वजह से अब उन्हें शांति की फिक्र नहीं और ग्रीनलैंड को अमेरिका में मिलाना चाहते हैं। इस मुद्दे पर नोबेल पुरस्कार समिति की अल्फ्रेड नोबेल से अगर बात हो पाती, तो क्या होती।

'कान में मेरे इतना दर्द तो तब भी नहीं हुआ था, जब पहली बार डायनामाइट का धमाका सुना। आखिर इतना शोर मच किसलिए रहा है?' 'सर, आपने सोचा था कि शांति कायम कराने वालों को पुरस्कार दिया जाए, लेकिन अब लोग इसलिए पुरस्कार चाहते हैं ताकि शांति कायम रहे। इस चक्कर में कई देशों पर खतरा मंडराने लगा है।' 'तुम लोगों ने मेरे नाम पर रियल एस्टेट का धंधा शुरू कर दिया है क्या?' 'नहीं सर, लेकिन उनकी बात न मानी तो हमारा ऑफिस भी हाथ से निकल सकता है। एक रास्ता सूझा है - पुरस्कार के जरिये जमीन का कारोबार करने का जो इनोवेटिव आइडिया उन्होंने निकाला है, उसके लिए अलग कैटिगरी बना दें?' नोबेल फिलहाल इस खोज में लगे हैं कि उन्होंने डायनामाइट बनाकर गलती की या पुरस्कार उनकी गलती है।

जनता जंक्शन — इरफ़ान

गुस्ताख़ी माफ़

नया मुहावरा

अखिलेश प्रताप सिंह

संगम में डुबकी लगाने को लेकर भसड़ मच गई। अगले आमादा थे कि डुबकी लगाकर ही मानेंगे, पर बाकियों ने रास्ता रोक लिया। उनने ज्यादा जोर लगाया, तो इनने कंधों पर उठाकर रास्ता बदल दिया। शास्त्र, परंपरा, नियम-कानून की इस धक्कामुक्की में ऐसी गर्मी फैली कि माघ महीने की ठंड के भी होश उड़ गए। लखनऊ तो लखनऊ, इधर दिल्ली तक में पारा चढ़ गया। पिछले 6 सालों में ऐसी गर्म जनवरी न दिखी थी, जो अब दिखी।

उधर, शेयर बाजार भी डुबकी लगाने से बाज नहीं आ रहा। नए साल की झोला भर-भर के शुभकामनाएं दीं, पर कुछ काम नहीं आ रहा। सेंसेक्स न जाने क्या खोजने के लिए गोते लगा रहा है। 20 दिनों में 3000 सीढ़ियां उतर आया है। क्या पता रुपये से इसकी होड़ लग गई हो कि देखते हैं, कौन कितना गिरता है। इनकी गोताखोरी से भी माहौल गर्म हुआ जा रहा है और अपनी बचत के पैसों को हवा होते देख लोगों को जाड़े में भी पसीना आने लगा है।

डुबकी लगाने के इस मौसम से उत्तरी ध्रुव भी अछूता नहीं रह गया है। अमेरिका के एक बड़े बिल्डर की निगाह ग्रीनलैंड पर पड़ गई है। डेनमार्क और नॉर्वे वाले गुहार लगा रहे कि हुजूर, हमारे परदादा के परदादा इधर पहली बार नाव लेकर आए थे। तब तो यहां कोई भी नहीं था। पर अमेरिकी बिल्डर टस से मस न हो रहा। संयुक्त राष्ट्र का हो या किसी भी राष्ट्र का, उसे किसी लेखपाल का डर नहीं। उसने अलग ही नक्शा पास करा रखा है। अगले ने ठान लिया है कि ग्रीनलैंड में स्विमिंग पूल बनाएगा और इंटरनैशनल पॉलिटिक्स को उसमें डुबोकर ही रुकेगा।

इतना किस्सा सुनाकर मैंने मियां फिरकी को देखा, जो सिस्टम के अंधेरे में डूबकर एक नौजवान इंजीनियर के मरने से गमजदा थे। कहने लगे, कौन कहां डूबा, इसका हिसाब छोड़िए, अब तो चुल्लू भर पानी की जगह नया मुहावरा बनाना पड़ेगा।

डुप्लीकेट चाभी सर्विस भी है यहां ब्रैंडेड

आमची मुंबई

महेंद्र गुप्ता

'नाम में क्या रखा है', ऐसा इंग्लैंड के महान कवि और नाटककार विलियम शेक्सपियर का मानना था। लेकिन शेक्सपियर कभी लोनावला जाते और हर दूसरी दुकान पर 'मगनलाल चिक्की' लिखा देखते तो, शायद वह भी अपनी राय बदलने पर मजबूर हो जाते। हिंदुस्तान के तमाम शहरों में किसी प्रसिद्ध खाने-पीने की दुकान पर अक्सर लिखा देखा जाता है, 'असली फलां-फलां वाला। सतर्क रहें, हमारी और कोई ब्रांच नहीं है।' दरअसल, आज के दौर में ब्रैंड नेम की बड़ी महिमा है। मीरा रोड में ऐसा ही एक ब्रैंड है 'अहमद की-मेकर।' यहां चाभी बनाने वालों की अधिकतर दुकानें इसी नाम से है। सभी दुकानदार एक ही परिवार का हिस्सा हैं। तीन पीढ़ी पहले यह परिवार प्रयागराज से मुंबई आया और फिर यहीं का होकर रह गया।

सभी की-मेकर आपस में रिश्तेदार । मीरा रोड के रामदेव पार्क में भी अहमद की-मेकर की एक ब्रांच है, जिसके संचालक सलमान हाशमी 20-22 साल के एक युवा है। वह कहते हैं कि अब चाभी बनाने में पहले जैसी आमदनी नहीं रह गई है, क्योंकि एक ही नाम (अहमद की-मेकर) के बहुत से की-मेकर हो गए हैं। सलमान के चाचा हैं अहमद, जिनके नाम से दुकानें चलती हैं। सभी दुकानों के संचालक आपस में रिश्तेदार हैं। सभी एक-दूसरे से डुप्लीकेट चाभी बनाने की कला सीखते गए। किसी जमाने में सलमान के दादा मुंबई आए थे और छोटा-मोटा काम कर चाभी बनाने की कला तक पहुंचे। कभी डुप्लीकेट चाभी बनाना सम्मान की नजर से नहीं देखा जाता था, लगता था कि यह गलत इरादे से किया जा रहा है। लेकिन आज गेट की चाभी अंदर रह जाने या खो जाने पर सबसे पहले 'अहमद की-मेकर' ही याद आते हैं।

ज्यादा दुकानें हुईं, तो घटी कमाई । सलमान बताते हैं कि ज्यादा दुकानें होने से कमाई घट गई है। फिर भी हर रोज अमूमन दो से ढाई हजार रुपये तक गल्ले में आ जाते हैं। दिन में तीन-चार ऐसे लोग होते हैं, जिनका गेट लॉक हो गया होता है और चाभी अंदर होती है। नई चाभी बनाने में 500 रुपये चार्ज किए जाते हैं। दुकान पर आकर कोई चाभी बनवाता है, तो मेहनताना 50 से 200 रुपये तक ही होता है।

अलीगढ़ है ताला-चाभी का गढ़ । उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ शहर को ताले-चाभी का गढ़ माना जाता है। चाभी बनाने वालों के पुरखों का इस शहर से जरूर कोई न कोई वास्ता होता है। मुंबई और उपनगरों में भी ज्यादातर चाभी वाले अलीगढ़ के आसपास से ताल्लुक रखते हैं। यहां 300-400 साल से ताले और चाभियां बनाने की संगठित परंपरा चली आ रही है। भारत के 60-70% पारंपरिक ताले अलीगढ़ में बनते हैं। बताया जाता है कि आज भी किलों, हवेलियों और मंदिरों में लगे ताले बिना बदले 80-100 साल से चल रहे हैं।

मेहनत की कमाई धर्मपत्नी को सौंप देना, वही असली लक्ष्मी

जैन मुनिश्री तरुणसागरजी

पुत्र चार तरह के होते हैं। एक, लेनदार पुत्र - पिछले जन्म का लेनदार था, पुत्र होकर आ गया। अब उसे पढ़ाओ-लिखाओ, विवाह करो, उसका लेन-देन पूरा होगा और वह चल बसेगा। दो, दुश्मन पुत्र - पिछले जन्म का दुश्मन भी पुत्र होकर आ जाता है। ऐसा पुत्र कदम-कदम पर दुख देता है। तीन, उदासीन पुत्र-ऐसा पुत्र मां-बाप को ना सुख देता है ना दुख। बस कहने को पुत्र होता है। चार, सेवक पुत्र- पिछले जन्म में तुमने किसी की सेवा की, वही तुम्हारा पुत्र बनकर आ गया। ऐसा पुत्र मां-बाप को सुख देता है।

पैर से अपाहिज एक भिखारी सदा प्रसन्न और खुश रहता था। किसी ने पूछा, 'अरे भाई! तुम भिखारी हो, लंगड़े भी हो, तुम्हारे पास कुछ भी नहीं है, फिर भी तुम इतने खुश रहते हो। क्या बात है? वह बोला, 'बाबूजी! भगवान का शुक्र है कि मैं अंधा नहीं हूं। भले ही मैं चल नहीं सकता, पर देख तो सकता हूं। मुझे जो नहीं मिला, मैं उसके लिए प्रभु से कभी कोई शिकायत नहीं करता बल्कि जो मिला है, उसके लिए धन्यवाद जरूर देता हूं।' यही है दुख में से सुख खोजने की कला।

THE SPEAKING TREE
और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in

कुत्ते दो प्रकार के होते हैं - एक पालतू और दूसरा फालतू। जो पालतू कुत्ता होता है उसके गले में एक पट्टा पड़ा होता है। उस पट्टे की वजह से उसे ना तो कोई छेड़ता है, न पकड़ता है और न ही मारता है। मगर जो फालतू कुत्ता होता है उसके गले में कोई पट्टा ना होने की वजह से हर कोई उसे छेड़ता और मारता है। अगर तुमने भी अपने गले में प्रभु नाम और सद्गुरु के आशीर्वाद का पट्टा डाल लिया तो फिर तुम्हें दुनिया की कोई भी आसुरी व तामसिक शक्ति नहीं छेड़ सकती।

कड़वे प्रवचन

अपनी मेहनत और पसीने की कमाई धर्मपत्नी के हाथों में सौंप देना, क्योंकि घर की असली लक्ष्मी तो वही है। जो लक्ष्मी तिजोरी में बैठी है वह तो हमेशा खड़ी है। मगर घर की लक्ष्मी तो जीवन-भर साथ देने वाली है। जो व्यक्ति बाजार की लक्ष्मी (धन-लक्ष्मी) से शराब पीता है और घर आकर गृह-लक्ष्मी का अपमान करता है, वह जिंदगी में दोनों लक्ष्मी से वंचित हो जाता है। उसकी तिजोरी की लक्ष्मी तो सामने के दरवाजे से निकल जाती है और घर की लक्ष्मी पीछे के दरवाजे से चली जाती है। *(साभार : डायमंड बुक्स)*

यहां हर वर्ग को मिल रहा AI का फ़ायदा

कॉमन रूम

कविता भाटिया



AI image

भारत में अगले महीने इंडिया-AI इम्पैक्ट समिट होने वाला है। इसमें दुनिया भर के आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (AI) के दिग्गज जुटेंगे। यहां चर्चा AI के मशीनों, एल्गोरिदम या ऑटोमेशन तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसे सभी के लिए उपयोगी और आसान बनाने पर की जाएगी। चर्चा में महिलाओं, युवाओं और कामगारों पर भी जोर रहेगा।

इंडिया AI मिशन । AI की ताकत इंसानों को रिप्लेस करना नहीं, बल्कि उनकी क्षमता बढ़ाना है। AI के जरिये महिलाओं को आत्मनिर्भर, युवाओं को हुनरमंद बनाना है। यह असंगठित क्षेत्रों के काम करने वालों के लिए सुरक्षा और अवसर दे सकता है। केंद्र सरकार ने मार्च 2024 में इंडिया AI मिशन को मंजूरी दी थी। इसका उद्देश्य भारत में AI को विकसित करना है। इसके तहत कंप्यूटिंग क्षमता बढ़ाने, नए इनोवेशन सेंटर खोलने, भरोसेमंद डेटा प्लैटफॉर्म तैयार करने, AI आधारित ऐप्लिकेशन बनाने, युवाओं को कौशल सिखाने और स्टार्टअप को आर्थिक मदद जैसे कदम उठाए गए। नतीजा रहा कि अब शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य तक और लैब से लेकर खेतों तक AI है।

विकास पर ध्यान । इंडिया AI इनोवेशन सेंटर के जरिये समावेशी विकास पर ध्यान दिया जा रहा है। ऐसे AI बनाए जा रहे हैं, जो देश की भाषायी और सामाजिक विविधता को समझें। इन्हें महिलाओं, किसानों, गिग वर्कर्स और छोटे व्यापारियों की जरूरतों के मुताबिक तैयार किया जा रहा है।

अलग भूमिका । भले ही दुनिया में AI का उपयोग उत्पादकता और प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के लिए हो रहा है। मगर, भारत में इसका असर रोजगार, सुरक्षा, ट्रेनिंग और अवसर के तौर पर है। आज भारत की गिग अर्थव्यवस्था में AI की मदद से महिलाएं अपनी पहचान गढ़ रही हैं। कई महिला उद्यमी AI वाले ऑनलाइन बाजार से जुड़कर कारोबार बढ़ा रही हैं। महिला ड्राइवर, डिलिवरी पार्टनर सभी AI से आत्मनिर्भर बन रही हैं।

आत्मनिर्भर महिलाएं । कस्बाई और ग्रामीण इलाकों में भी AI डिजिटल समावेशन को रफ्तार दे रहा है। क्षेत्रीय भाषाओं वाले AI असिस्टेंट कम पढ़ी-लिखी महिलाओं के लिए मददगार साबित हो रहे हैं। युवाओं के लिए AI महज प्रौद्योगिकी नहीं, बल्कि भविष्य का रास्ता है। युवा AI फॉर ऑल का मकसद युवाओं को AI की बुनियादी जानकारी देना है।

खेती में AI । कई स्टार्टअप रिहायशी इलाकों और कार्यस्थलों पर महिला सुरक्षा मजबूत करने के वास्ते AI सिस्टम का उपयोग कर रही हैं। आपातकालीन सेवाओं में भी AI वाली शिकायत निवारण प्रणाली शामिल की गई है। खेती में भी AI मददगार है। इससे किसानों को कीटों के हमले और मौसम संबंधी जोखिमों का पूर्वानुमान पता चल रहा है। AI से फिनटेक कंपनियां उन महिला उद्यमियों को लोन दे रही हैं, जो बैंकिंग व्यवस्था से बाहर थीं।

सभी हो रहे सशक्त । नीति आयोग की रिपोर्ट में बताया गया है कि AI कैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास और वित्तीय सेवाओं तक पहुंच बढ़ाकर देश के करोड़ों असंगठित श्रमिकों को सशक्त बना सकता है। AI का इस्तेमाल बढ़ने के साथ ही उसका नैतिक और निष्पक्ष उपयोग सुनिश्चित करना भी जरूरी है। भारत में AI क्रांति अवसर देने के लिए होनी चाहिए। ऐसी व्यवस्था हो कि गांव की महिला उद्यमी, दूर-दराज के युवाओं और स्टार्टअप संस्थापकों को AI का बराबर फायदा मिले।

(लेखिका इंडिया AI मिशन की COO हैं)

एकदा

संकलन : **अनुभव कुमार**

कल्पनाओं की दुनिया

Subrata Dhar



अमेरिका के मिसिसिपी में 24 सितंबर 1936 को जन्मे जिम हेंसन बचपन से ही अलग थे। जहां दूसरे बच्चे खिलौनों में खोए रहते, जिम कपड़े के टुकड़ों, धागों और बटन से अपनी कल्पना की दुनिया रचते। कॉलेज के दिनों में उन्होंने टेलिविजन के लिए एक छोटा-सा कठपुतली शो 'सैम एंड फ्रेंड्स' बनाया। यहीं से उनकी सोच बदल गई। उनकी कठपुतलियां साधारण नहीं थीं- वे हंसतीं, रोतीं, सवाल करतीं और इंसानों जैसी संवेदनाएं दिखाती थीं। फिर भी अमेरिकी टीवी नेटवर्क्स ने The Muppet Show को यह कहकर ठुकरा दिया कि, 'यह न बच्चों का शो है, न बड़ों का।' लेकिन, जिम ने हार नहीं मानी। वह शो लेकर ब्रिटेन गए और फिर पूरी दुनिया में छा गए। शो सुपरहिट हुआ। 1969 में 'सेसमी स्ट्रीट' ने उनकी कल्पना को मंच दिया। तब वही अमेरिकी चैनल लाइन में खड़े थे, जिनने शो को कभी नकारा था। धीरे-धीरे जिम हेंसन ने एक ऐसी दुनिया रची, जहां रंग-बिरंगे पात्र सिर्फ बच्चों को नहीं, बल्कि बड़ों को भी जीवन के गहरे सत्य समझाने लगे। शो के पात्रों - केरमिट द फ्रॉग, मिस पिगी और फॉजी बेयर ने पूरी दुनिया के दिल जीत लिए। जिम हेंसन की कहानी सिखाती है कि कल्पना में दुनिया बदलने की सबसे बड़ी शक्ति है।

रीडर्स मेल

'नोबेल' बनाम ग्रीनलैंड

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि मुझे नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिला, इसलिए अब मैं केवल अमेरिका का ही हित देखूंगा। दरअसल ट्रंप का यह कथन एक जुमला नहीं, बल्कि उनका राजनीतिक दृष्टिकोण है। इसमें शांति का अर्थ संवाद नहीं, बल्कि रौब है, जिसका सीधा मतलब रूस और चीन को चेतावनी देना है। वह अपने सहयोगियों को यह जता रहे हैं कि अमेरिका पीछे हटने वाला नहीं है। वह घरेलू राजनीति में खुद को एक सशक्त राष्ट्रवादी नेता के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं।**-ओम प्रकाश हुड्डिया, ईमेल से**

जानवरों को भी भा जाती है मुस्कान...

मुस्कान की ताकत देखिए कि कुत्ते भी अक्सर इंसानी चेहरे पढ़ सकते हैं। रिसर्च का दावा है कि कुत्ते अनजान चेहरे पर खुशी और गुस्से का फर्क पहचानते हैं, वह भी महज आधा चेहरा देखकर।

विचार

खुशी सुविधा या प्रशंसा में नहीं बल्कि खोज और समर्पण में जन्म लेती है। जब मन सत्य को जानने की जिज्ञासा से भरा हो और श्रम किसी उद्देश्य से जुड़ा हो तब थकान भी संतोष में बदल जाती है। सच्ची खुशी तब मिलती है जब हम डर से ऊपर उठकर ज्ञान, मेहनत और ईमानदारी के साथ अपने कार्य को पूरा करते है।

– **मैरी क्यूरी** (Marie Curie)

ज़रा हंस लें

डॉक्टर: मेरी दवा से तुम ठीक हो गए तो मुझे क्या इनाम दोगे?
मरीज: साहब मैं तो गरीब हूं, कब्र खोदने का काम करता हूं। आपके लिए फ्री में खोद दूंगा।

पैदल पहुंचा अमेरिका, सोशल मीडिया स्टार बना डॉगी

■ एना भट्टाचार्य, कोलकाता

यह कहानी सिर्फ एक कुत्ते की नहीं, बल्कि अटूट वफादारी और इंसानियत की मिसाल है। कोलकाता की गलियों में घूमने वाला एक बेसहारा कुत्ता, जिसे आज दुनिया 'अलोका' के नाम से जानती है, उसने कुछ ऐसा कर दिखाया जो नामुमकिन लगता है। अलोका की किस्मत तब बदली जब वह भारत की यात्रा पर निकले बौद्ध भिक्षुओं के एक समूह के पीछे हो लिया। वह उनके पीछे सिर्फ एक-दो किलोमीटर नहीं, बल्कि पूरे 3,000 किलोमीटर तक साए की तरह चलता रहा। आज वही अलोका अमेरिका के टेक्सस में एक 'वायरल स्टार' बन चुका है, जिसके सोशल मीडिया पर 2.73 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स है। बौद्ध भिक्षुओं का एक समूह शांति को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका में एक पदयात्रा कर रहा है।

3,000+ km: भारत में भिक्षुओं के साथ पैदल यात्रा

11.7 लाख रुपये: उसके इलाज और सफर के लिए जुटाया गया फंड

273 हजार से ज्यादा: सोशल मीडिया पर हुए चाहने वाले

28 दिन: न्यूयॉर्क के JFK एयरपोर्ट पर अकेले क्वॉरंटीन में बिताए।

कोलकाता की गलियों से टेक्सास तक

अलोका बार-बार हमारे पीछे आता रहा। मैंने फोर्ट वर्थ मंदिर फोन किया और उनसे कहा कि मैं अलोका को घर लाना चाहता हूं। उन्होंने 'हां' कहा और फंड जुटाने का सिलसिला शुरू हुआ। - *भिक्खु पन्नाकारा (अलोका को नाम देने वाले भिक्षु)*

इंडिया से अमेरिका का कठिन सफर

भारत को 'हाई-रिस्क रेबीज' देश माना जाता है, इसलिए अलोका के लिए 'डॉग वीजा' तैयार करना महीनों का जटिल काम था। इसमें शामिल था:

- ISO माइक्रोचिप लगवाना।
- अपडेटेड रेबीज वैक्सीनेशन।
- एक्सपोर्ट हेल्थ सर्टिफिकेट और DGFT और AQCS से क्लियरेंस।
- CDC डॉग इम्पोर्ट फॉर्म और JFK एयरपोर्ट पर प्री-बुक्ड क्वारंटीन।
- IATA-अप्रूव्ड ट्रेवल क्रेट और कार्गो रिजर्वेशन।
- JFK एयरपोर्ट पर 28 दिनों का कड़ा क्वारंटीन, जहां उसे अकेले निगरानी में रहना पड़ा।

जब दांव पर थी अलोका की चाल

अमेरिका पहुंचने के बाद पता चला कि अलोका के पैर का लिगामेंट फट गया है। 12 जनवरी को चार्ल्सटन वेटरनरी रेफरल सेंटर में उसकी सर्जरी हुई। यह साधारण ऑपरेशन नहीं था, इसमें डॉक्टरों की एक पूरी फौज जुटी थी। डॉ. पेट्रीसिया सुरा (ऑर्थोपेडिक सर्जन) ने यह सर्जरी मुफ्त की। डॉ. सोफी जेरटी (कार्डियोलॉजिस्ट), डॉ. एम्मेट रवैटन (एनेस्थेसियोलॉजिस्ट), टिफनी (वेटरनरी नर्स) और रोढ़ा हॉलिमन (कोऑर्डिनेटर) अलोका की सर्जरी करने वाली टीम का हिस्सा रहे। अलोका की रिकवरी के लिए 120 दिनों का एक मार्च (शेड्यूल) तैयार किया गया है, जिसमें उसे हर दिन 10-10 मिनट की छह वॉक करानी होती है।

अलोका के पैर का लिगामेंट फट गया है। हमारी प्राथमिकता उसे जल्द से जल्द भिक्षुओं के पास वापस भेजने की है। वह बस चलना चाहता है। -*डॉ. पेट्रीसिया सुरा, अलोका की सर्जन*

रूढ़ियों को कर रहीं स्वाहा, आरिया निभा रहीं आखिरी विदाई की रस्में

परिवार का सहारा बनने के लिए आरिया ने अक्टूबर 2025 में पहली बार यह काम संभाला, श्मशान पर एक युवती का कर्मी बनना आसान नहीं था, फिर भी आरिया ने हिम्मत नहीं हारी।

■ राहुल आर, कोल्लम

केरल के कोल्लम जिले के थलावूर की 28 वर्षीय आरिया प्रसाद ने समाज की रूढ़ियों को चुनौती देते हुए अंतिम संस्कार की रस्में करने वाला कर्मी बनने का साहसिक कदम उठाया। यह क्षेत्र हमेशा पुरुषों का माना गया काम था, लेकिन आरिया आज सैकड़ों परिवारों के लिए दुख की घड़ी में सहारा बन चुकी है। कोरोना महामारी के बाद जीवन की कई आदतें बदल गईं, पर केरल में अंतिम संस्कार की परंपराएं ज्यों की त्यों रहीं। ऐसे माहौल में श्मशान घाट पर एक युवती का कर्मी बनना आसान नहीं था, फिर भी आरिया ने हिम्मत नहीं हारी।

अक्टूबर 2025 में उन्होंने पहली बार यह काम संभाला, निजी और भावुक वजह से। उनके पिता प्रसाद, जो तीन दशकों से कर्मी का काम कर रहे थे, गंभीर रूप से बीमार हो गए। परिवार का सहारा बनने के लिए आरिया ने वही काम अपनाया, जिसे वह बचपन से देखती आई थी।

'विरोध भी है, पर समर्थन की ताकत बड़ी है'

शुरुआत आसान नहीं रही। श्मशान घाट पर एक महिला कर्मी को देखकर लोग हैरान थे। कुछ सवाल करते थे, कुछ चुपचाप देखते थे। आरिया बताती हैं कि लोगों को अचरज होता था, क्योंकि ये रस्में हमेशा पुरुषों ने निभाई हैं। लेकिन जैसे ही विधियां शुरू होती हैं, तब स्त्री या पुरुष का फर्क खत्म हो जाता है। उस वक्त सिर्फ शांति और सहारे की जरूरत होती है। धीरे-धीरे हालात बदले। आज आरिया विभिन्न हिंदू समुदायों के सैकड़ों अंतिम संस्कार कर चुकी हैं। जिन परिवारों ने उन्हें बुलाया, उन्होंने खुले दिल से स्वीकार किया।

दिव्यांगों के आत्मसम्मान की मिसाल 'मिट्टी कैफे'

Srishti.Lakhotia@timesofindia.com

■ **कोलकाता:** संविधान सभी नागरिकों को समान अवसर का हक देता है, लेकिन शारीरिक दिव्यांग लोगों के लिए यह अधिकार अक्सर केवल कागजों तक सीमित रह जाता है। इसी सोच को बदलने के लिए कलकत्ता हाई कोर्ट परिसर में 'मिट्टी कैफे' की शुरुआत की गई है। कैफे पूरी तरह दिव्यांग कर्मचारी चलाएंगे। इसका मकसद न सिर्फ रोजगार देना है, बल्कि यह दिखाना है कि शारीरिक या मानसिक अक्षमता किसी की क्षमता को सीमित नहीं करती। कैफे की संस्थापक अलीना आलम (32) ने बताया कि मूक और बधिर, शारीरिक रूप से दिव्यांग और हल्का मानसिक स्वास्थ्य समस्या से जूझ रहे लोग यहां काम करेंगे। कुल 30 स्थायी कर्मचारी इस पहल में जुड़ेंगे। सुप्रीम कोर्ट और गुजरात हाई कोर्ट में 'मिट्टी कैफे' पहले ही सफल रहा है। कलकत्ता हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस सुजॉय पॉल ने इस पहल का समर्थन दिया। एक 34 वर्षीय कर्मचारी ने कहा कि काम करना उनका संवैधानिक अधिकार है। 'मिट्टी कैफे' उनके लिए सिर्फ नौकरी नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता की राह है। यह पहल दिव्यांगों की पहचान बढ़ाएगी।

अब कलकत्ता हाई कोर्ट में भी खुला

TIMES ascent
Catapult your career

आईआईएम मुंबई
भारतीय प्रबंधन संस्थान मुंबई
Indian Institute of Management Mumbai
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)

विज्ञापन सं. प्रशा./भर्ती/2026/04 दि. 21 जनवरी 2026
विज्ञापन सं. प्रशा./भर्ती/2026/05 दि. 21 जनवरी 2026

गैर-शैक्षणिक पदों हेतु विज्ञापन

प्रशा./भर्ती/2026/04	▸ प्रबंधक (आईटी) ▸ प्रबंधक (सीडीएस)
प्रशा./भर्ती/2026/05	▸ विभिन्न गैर-शैक्षिक पदों (ठेका पर)

विस्तृत विज्ञापनों के लिए, कृपया https://iimmumbai.ac.in/careers देखें।
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी

विज्ञापन संख्या 07/2026
भारत सरकार
लोक उद्यम चयन बोर्ड
आई आर ई एल (इंडिया) लिमिटेड
में
निदेशक (वित्त)
पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। आवेदकों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 06 फरवरी, 2026 (15.00 बजे तक) है।
नोडल अधिकारियों द्वारा आवेदनों को लोक उद्यम चयन बोर्ड में अग्रेषित करने की अंतिम तिथि 16 फरवरी, 2026 (17.00 बजे तक) है।
जानकारी के लिए वेबसाइट
http://pesb.gov.in
में लॉग इन करें।

आईआईएफसीएल प्रोजेक्ट्स लिमिटेड
IPL
व्यक्तिगत सलाहकारों की नियुक्ति (अनुबंध के आधार पर)

आईआईएफसीएल प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (आईपीएल) एक प्रमुख वित्तीय और अवसंरचना परामर्शी कंपनी है। यह केंद्र/राज्य/स्थानीय सरकारों को मुख्यतः पीपीपी आधार पर व्यवहार्य परियोजनाओं के निर्माण और विकास और सरकार/पीएसयू/निजी डेवलपर्स के लिए संसाधन जुटाने पर परामर्श देता है। यह आधारभूत संरचना के भावी विकास के लिए नीति समर्थन प्रदान करने में विभिन्न सरकार और नीति निर्माताओं के प्रतिनिधित्व प्रतिबद्ध है।
अनुबंध के आधार पर सलाहकारों की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।
विभिन्न पदों और आवेदन प्रारूप के बारे में अधिक जानकारी के लिए, इच्छुक उम्मीदवार हमारी वेबसाइट https://www.iifclprojects.in पर करियर अनुभाग के अंतर्गत जा सकते हैं।
सभी आवेदन ईमेल या डाक के माध्यम से भेजे जाने चाहिए। ईमेल पता तथा पत्राचार पता कंपनी की वेबसाइट पर विस्तृत विज्ञापन में दिया गया है।
आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 11/02/2026 (दूरस्थ क्षेत्रों सहित)।
कंपनी समय-समय पर अपनी जरूरतों के लिए एक कैलेंडर वर्ष में 150 दिनों से कम अवधि के लिए अल्पकालिक सलाहकारों (एसटीसी - अनुबंध पर) की भी नियुक्ति करती है। आवेदन कंपनी की वेबसाइट पर एसटीसी लिंक पर अपलोड किए जा सकते हैं।
किसी भी अन्य शुद्धिपत्र या संशोधन को केवल कंपनी की वेबसाइट पर अधिसूचित किया जाएगा। उम्मीदवार खुद को अपडेट रखने के लिए नियमित रूप से वेबसाइट देखते रहें।

विज्ञापन संख्या : 9/2026
भारत सरकार
लोक उद्यम चयन बोर्ड
पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड)
में
निदेशक (प्रचालन)
पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। आवेदकों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 09 फरवरी, 2026 (15.00 बजे तक) है।
नोडल अधिकारियों द्वारा आवेदनों को लोक उद्यम चयन बोर्ड में अग्रेषित करने की अंतिम तिथि 18 फरवरी, 2026 (17.00 बजे तक) है।
जानकारी के लिए वेबसाइट https://www.pesb.gov.in में लॉगइन करें।

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in
भारतीय रिज़र्व बैंक में कार्यालय परिचारक के पद हेतु भर्ती-पैनल वर्ष 2025

भारतीय रिज़र्व बैंक, बैंक के विभिन्न कार्यालयों में "कार्यालय परिचारक" के 572 पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।
2. अन्य समस्त विवरणों, जैसे पात्रता मानदंड, रिक्तियों संबंधी आरक्षण, चयन योजना, ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुतिकरण और अन्य निर्देशों के लिए कृपया दिनांक 15 जनवरी 2026 को बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) पर प्रकाशित विस्तृत विज्ञापन तथा एंप्लॉयमेंट न्यूज़/रोजगार समाचार में दिनांक 24 जनवरी 2026 को/बाद के अंक में प्रकाशित विस्तृत विज्ञापन को देखें। उम्मीदवार उपर्युक्त पदों के लिए केवल ऑनलाइन माध्यम से बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) से ही आवेदन कर सकते हैं।
3. महत्वपूर्ण तिथियाँ* :

ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण और आवेदन शुल्क/सूचना शुल्क के भुगतान हेतु वेबसाइट लिंक खुलना	15 जनवरी 2026 – 04 फरवरी 2026
ऑनलाइन परीक्षा की संभावित तिथि	28 फरवरी और 01 मार्च 2026

*बैंक इन तिथियों में कोई भी परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
टिप्पणी: उपर्युक्त विज्ञापन के संबंध में यदि कोई शुद्धिपत्र जारी किया जाता है, तो उसे केवल बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

इंडिया एक्ज़िम बैंक India Exim Bank
अपने करियर को दीजिए वैश्विक मंच
विभिन्न पदों के लिए आवेदन कर अपने करियर को दीजिए नए आयाम
युवा पेशेवरों के लिए अवसर
प्रबंधन प्रशिक्षु (एमटी) – बैंकिंग परिचालन (40 पद)
उप प्रबंधक (डीएम) – बैंकिंग परिचालन (20 पद)
विस्तृत विज्ञापन के लिए हमारी वेबसाइट पर जाएं।
https://www.eximbankindia.in/careers
सभी महत्वपूर्ण तिथियों की जानकारी पत्र के माध्यम से दी जाएगी तथा बैंक की वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराई जाएगी।

जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण
प्रशासन विभाग (कार्मिक अनुभाग)
ISO 9001:2015, ISO 14001:2015, ISO 45001:2018, ISO 27001:2013 CERTIFIED
विज्ञापन सं: ए/पीई/ए-02/2026/एडी
जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण नियमित आधार पर निम्नलिखित पद पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

पद का नाम	पदों की संख्या और आरक्षण
प्रबंधक (वित्त) (पूर्व संशोधित पदनाम सहायक व्यवस्थापक (वित्त)) वेतनमान: 50000 - 160000 (पूर्व संशोधित वेतनमान: 20600-46500/10750-16750)	1 (एक) अनारक्षित

अधिक जानकारी के लिए कृपया जेएनपीए की वेबसाइट www.jnport.gov.in > Employees Corner > Careers विभाग पर जाएं।
प्रभारी उप महाप्रबंधक (कार्मिक एवं औ.सं)

मुंबई पत्तन प्राधिकरण
नियमित/अनुबंध आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए उम्मीदवारों से आवेदन मंगा रही है।

सं. क्र.	पद का नाम	पदों की संख्या
1)	समुद्री अभियंता - नियमित	01 (अनुसूचित जनजाति)
2)	पायलट - नियमित	22 (अनारक्षित-13, अनुसूचित जाति-4, अनुसूचित जनजाति-2, अन्य पिछड़ा वर्ग-3)
3)	समुद्री अभियंता (अनुबंध पर)	05
4)	पायलट अनुबंध पर	

नियमित आधार पर समुद्री अभियंता के पद के लिए आवेदन मिलने की आखिरी तारीख 27/02/2026 है। अगर रिक्ति खाली रहती है और/या कोई और रिक्ति निकलती है, तो विज्ञापन खुला रखा जाएगा।
(i) पायलट नियमित आधार पर; (ii) पायलट अनुबंध आधार पर; और (iii) समुद्री अभियंता अनुबंध आधार पर इन पदों के रिक्तियों के लिए विज्ञापन खुला रखा जाएगा।
पात्रता मानदंड आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए इच्छुक उम्मीदवार हमारी वेबसाइट www.mumbaiport.gov.in (People & Career/Jobs/Advertisements) पर जा सकते है और हमारी वेबसाइट से निर्धारित प्रारूप डाउनलोड करके उसी प्रारूप में अपना आवेदन जमा कर सकते है।
MbPA-45-2025
प्रबंधक (मानव संसाधन)

CRESMONDE WORLD SCHOOL
ANDHERI | KALYAN | VIKHROLI
Cresmonde World School offers Cambridge and CISCE boards across Western and Central suburbs, inspired by Finnish pedagogy.
We are hiring for the following positions for Academic Year 2026-27
Principal, Co-ordinators, Curriculum Developers (All Locations)
Principal – Experience in CAIE, ICSE, B.Ed with Master's Degree, 5-7 years of experience and strong leadership skills. Vice Principal with 5+ years of experience may also apply for the same.
Preschool Co-ordinator – ECCEd, B.Ed with min 3-5 years of exp
Primary Co-ordinator – B.Ed / M.Ed with min 3-5 years of exp
Curriculum Developers and Proof Readers – English, Science and Mathematics with requisite qualifications
Teachers for Academic Year 2026-27 (All Locations)
Pre School: Primary: Secondary: CAIE: ICSE: AS / A Levels
English, Social Studies, Mathematics, Hindi, Science, Business Studies, French, Accounts, Economics, History, Geography, Marathi, Physics, Chemistry, Biology, Psychology – Graduate / Post Graduate in the subject with D.Ed/ B.Ed, PE Teacher -B.PEd / M.PEd.
Art Teacher – ATD or above with Carpentry & Pottery Skills
ICT Teacher – M.Sc (IT)/ MCA / BCA
Preschool Main & Co-Teachers – Experienced Graduates with ECCEd
Librarian, Lab Assistant, Music Teachers
Non Academic Staff (All Locations)
- Admin Manager
- Admission Officer
- Front Desk Executive
- Content Creator & Writer
- Event Manager
- Store Executive
- Accounts Executive
- Maintainance Supervisor
- Security Supervisor
- IT / ERP Executive
- Social Media Executive: Experience with SMM & SEO

Grad. with requisite skills and experience in their respective fields
Ancillary Staff – Peons – Male / Female.
Good communication skills in spoken and written English. Ability to work collaboratively in a team - oriented environment. Interested candidates are invited to apply within 7 days.
Send your resume with photograph to careers@cresmonde.com

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
भारत का अंतर्राष्ट्रीय बैंक
बैंक ऑफ़ बड़ौदा में संविदा आधार पर पेशेवरों की भर्ती के लिए सूचना
भारत के सबसे बड़े बैंकों में से एक **बैंक ऑफ़ बड़ौदा**, बैंक के परियोजना प्रबंधन कार्यालय, विशेष परियोजना अनुषंगियां एवं संयुक्त उद्यम में विभिन्न पदों के लिए संविदा आधार पर पेशेवरों की भर्ती कर रहा है।

क्र सं	पद	रिक्तियां
	विभाग – परियोजना प्रबंधन कार्यालय, विशेष परियोजना अनुषंगियां और संयुक्त उद्यम	
1	असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट II – एजाइल ट्रांसफॉर्मेशन एक्सपर्ट	1
2	असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट I – बीएफएसआई में कार्य अनुभव वाले बिजनेस फायनांस एनालिस्ट	2
3	असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट II – बीएफएसआई में कार्य अनुभव वाले बिजनेस फायनांस एनालिस्ट	1
	कुल	4

कृपया ध्यान दें कि उपरोक्त रिक्तियों की संख्या अनंतिम है और बैंक की वास्तविक आवश्यकता के अनुसार इनमें परिवर्तन किया जा सकता है।
पात्रता मानदंड (आयु, योग्यता और अनुभव), अपेक्षित शुल्क और अन्य विवरण बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। इच्छुक उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे बैंक की वेबसाइट https://bankofbaroda.bank.in → कैरियर पृष्ठ → वर्तमान अवसर → परियोजना प्रबंधन कार्यालय, विशेष परियोजना सहायक अनुषंगियां और संयुक्त उद्यम में संविदा आधार पर पेशेवरों की भर्ती के लिए विज्ञापन संख्या BOB/HRM/REC/ADVT/2026/02 को देखें।
उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे विस्तृत विज्ञापन को अच्छी तरह पढ़ लें और आवेदन करने और शुल्क जमा करने से पहले अपनी पात्रता और अन्य विवरणों की भली-भांति जांच करना सुनिश्चित कर लें।
किसी भी अतिरिक्त सूचना/ शुद्धिपत्र/ संशोधन को बैंक की वेबसाइट पर ही अधिसूचित किया जाएगा।
ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने और शुल्क के भुगतान की तारीख: 20.01.2026 से 09.02.2026 (23:59 बजे तक)
स्थान: मुंबई
दिनांक: 20.01.2026
मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन प्रबंधन और विपणन)

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
भारत का अंतर्राष्ट्रीय बैंक
बैंक ऑफ़ बड़ौदा में आईटी विभाग के लिए संविदा आधार पर प्रमुख और उप प्रमुख के विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु सूचना
भारत के सबसे बड़े बैंकों में से एक, **बैंक ऑफ़ बड़ौदा**, भारत भर में स्थित अपने कार्यालयों के लिए संविदा आधार पर पेशेवरों की भर्ती कर रहा है।

पद	ग्रेड	रिक्ति
वीपी : प्रमुख - एआई	ओएसबी 6	1
वीपी : हेड प्लेटफॉर्म इंजीनियरिंग		1
डीवीपी: उप प्रमुख क्लाउड सीओई (सेंटर ऑफ एक्सिलेन्स)	ओएसबी 5	1
डीवीपी: उप प्रमुख आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर		1
कुल योग		**4**

कृपया ध्यान दें कि ऊपर उल्लिखित रिक्तियों की संख्या अनंतिम है और बैंक की वास्तविक आवश्यकता के अनुसार इसमें बदलाव किया जा सकता है।
पात्रता मानदंड (आयु, योग्यता और अनुभव) अपेक्षित शुल्क और अन्य विवरण बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इच्छुक उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे बैंक की वेबसाइट https://bankofbaroda.bank.in पर ➡ कैरियर पृष्ठ ➡ वर्तमान अवसर ➡ आईटी विभाग के लिए संविदा आधार पर पेशेवरों की भर्ती विज्ञापन संख्या BOB/HRM/REC/ADVT/2026/01 को देखें।
उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे विस्तृत विज्ञापन को अच्छी तरह पढ़ लें और आवेदन करने और शुल्क जमा करने से पहले अपनी पात्रता और अन्य विवरणों की जांच करना सुनिश्चित कर लें।
किसी भी अन्य सूचना/ शुद्धिपत्र /संशोधन को केवल बैंक की वेबसाइट पर अधिसूचित किया जाएगा।
ऑनलाइन आवेदन भरने और शुल्क के भुगतान की तारीख: 17.01.2026 से 06.02.2026 (23:59 बजे) तक
स्थान: मुंबई
दिनांक: 17.01.2026
मुख्य महाप्रबंधक (मासंप्र एवं विपणन)

SBI
भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427
आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें
नियमित/संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती
नियमित/संविदा आधार पर निम्नलिखित पद के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं

विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/22 (संविदा पद)

पद का नाम	रिक्ति	आयु (31.12.2025 तक) न्यूनतम	अधिकतम
उपाध्यक्ष (यूएक्स)	1	40	50
उप उपाध्यक्ष (यूएक्स)	1	36	44
सहायक उपाध्यक्ष (यूएक्स)	1	32	40
वरिष्ठ विशेष कार्यकारी (यूआई और यूएक्स)	3	28	37

विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/22 (नियमित पद)

पद का नाम	श्रेणी	रिक्ति	आयु (31.12.2025 तक) न्यूनतम	अधिकतम
उप प्रबंधक (यूआई और यूएक्स)	एमएमजीएस-II	6	25	35

पात्रता मानदंड (आयु, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings पर लॉग ऑन करें, जहां उपरोक्त विस्तृत विज्ञापन उपलब्ध है. इसके साथ आवेदन को ऑनलाइन जमा करने और साथ ही साथ आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने हेतु एक लिंक भी दी गई है. आवेदन करने और शुल्क भेजने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने एवं अन्य विवरणों के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य पूछताछ करने के लिए कृपया "CONTACT US" → "Post Your Query" लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो कि बैंक की वेबसाइट (https://sbi.bank.in/web/careers/post-your-query) पर उपलब्ध है.
- आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 16.01.2026 से 05.02.2026 तक.

स्थान: मुंबई
दिनांक: 16.01.2026
महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)

NOTE : -

[: राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi,]

English NEWSPAPERS
[Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi] ETC.

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.

Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot
Or type in Search box of Telegram
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
BACKUP GROUP LINK
https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1

Hindi-English News Paper
Website:- onlineftp.in